सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-215 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 14 जनवरी 2024
02 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com
G20




# पेश हों नहीं तो हम खुद आएंगे: ईडी

**चेतावनी**

- सात बार समन करने पर नहीं आने की पूछी वजह मांगा स्पष्ट जवाब



**रांची।** जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कड़ा पत्र लिखा है। इसे ईडी का सीएम को भेजा गया आठवां समन बताया जा रहा है। ईडी ने पूर्व में मुख्यमंत्री की ओर से उठाए गए सवालों पर भी बिंदुवार जवाब दिया है।

ईडी ने इस पत्र में स्पष्ट किया है कि ईडी का समन संवैधानिक है। समन की अवहेलना करने पर ईडी पीएमएल अधिनियम के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग कर बड़ी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। ईडी के उक्त कदम से भविष्य में विधि व्यवस्था संबंधित संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित कर दें। ईडी ने मुख्यमंत्री के पत्र में उल्लेखित मीडिया ट्रायल कराए जाने के बिंदु पर भी अपना जवाब दिया है और बताया है कि समन जारी होने की सूचना ईडी कार्यालय से बाहर नहीं जा रही है, यह जारी होने के बाद सीएम सचिवालय से ही बाहर जाता होगा। मुख्यमंत्री के कैबिनेट के निर्णय के बाद वंदना दादेल की चिट्ठी पर भी ईडी ने पीएमएल अधिनियम में मिली शक्तियों के साथ जवाब दिया है।

### गोरखपुर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

# पेंशन, मकान, राशनकार्ड सब दिलाएंगे

**गुहार**

- निस्तारण के लिए दिया भरोसा, प्रभावी कदम उठाने को अफसरों को दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** माई! बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपको सरकार की योजना का मकान जरूर मिलेगा। इसके साथ ही आपको पेंशन भी दिलवाएंगे और राशनकार्ड भी बनवाएंगे। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी। अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली। जनता दर्शन में एक महिला ने जब मकान की समस्या बताकर आवास उपलब्ध कराने की गुहार लगाई तो मुख्यमंत्री ने उसके मनोभावों से उसकी अन्य दिक्कतों को भी संभवतः समझ लिया। उन्होंने पूछा, क्या आपको पेंशन मिलती है? महिला के इनकार वाले जवाब पर सीएम फौरन बोल पड़े- आपको पेंशन, मकान, राशनकार्ड सब दिलवाएंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही शुरू कर महिला की हर समस्या दूर करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार अपराह्न से गोरखपुर प्रवास पर हैं। शनिवार सुबह हर बार की तरह उनकी दिनचर्या में जनसेवा का विशिष्ट अनुष्ठान जनता दर्शन शामिल रहा। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों को अपनेपन के एहसास से भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या है उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। सबकी समस्याओं को सुनते हुए मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया।

# काठमांडू जा रही बस राप्ती नदी में गिरी, 12 की मौत

**घटना**

- मृतकों में दो भारतीय शामिल, 25 घायल



**काठमांडू।** बहराइच जिले से सटे पड़ोसी देश नेपाल के कस्बा नेपालगंज से काठमांडू जा रही यात्री बस शुक्रवार देर रात राप्ती नदी में गिरने से हादसे का शिकार हो गई। इसमें दो भारतीय समेत 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं करीब 25 लोग घायल हुए है। दोनों भारतीय मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। नेपाल के जिला पुलिस कार्यालय डांग के डीएसपी जनक बहादुर मल्ल ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी। घायलों का इलाज राप्ती विज्ञान संस्थान में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि जिस बस से हादसा हुआ वह नमस्ते ट्रांसपोर्ट की थी। बस चालक सल्यान गांव निवासी लाल बहादुर को नेपाली पुलिस ने हिरासत में लेकर केस दर्ज किया है। घायलों की पहचान काठमांडू में रहने वाली अब्या पांडेय, काठमांडू के कालीमाटी में रहने वाली मंजू शर्मा, बांके के निरंजन कोरी, नेपालगंज, बांके में रहने वाले आशुतोष गौतम, रौतहट में रहने वाले संजय कार्की, धन बहादुर पुन मगर, बांके बैजापुर के शंकर थारू, भारत के राहुल कुमार अहीर शामिल है। वहीं मृतकों में दस नेपाल के व दो भारत के है। दोनों भारतीय मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हुई है।

# इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष बने खड़गे

## विपक्षी दलों की बैठक में फैसला, नीतीश ने ठुकराया संयोजक का प्रस्ताव

**दावेदारी**

- खड़गे के कंधे पर अहम होगी जिम्मेदारी
- शरद पवार और राहुल गांधी ने भी बैठक में लिया हिस्सा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी धड़े इंडिया गठबंधन ने अपना अध्यक्ष चुन लिया है। इंडिया ग्रुप की वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर सहमति बनी है। ऐसे में अब यह तय हो गया है कि इंडिया ब्लॉक की कमान अब दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे के हाथ में होगी। ह्यह्यह्य

विपक्षी धड़े की बैठक में सीटों के बंटवारे से पहले अध्यक्ष के नाम पर सहमति बन गई। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की चर्चा थी। विपक्षी दलों के नेताओं ने डिजिटल माध्यम से बैठक की और गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की।

### खड़गे से मिले केजरीवाल, राहुल गांधी भी रहे मौजूद

इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर हो रही चर्चा के बीच आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक के दोनों ही नेताओं के बीच सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई है। साथ ही साथ इंडिया गठबंधन में कैसे आगे बढ़ा जाए, इस पर भी बातचीत हुई है। इन नेताओं के अलावा इस मौके पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। फिलहाल इस मुलाकात को लेकर दोनों ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### लालू को बनाएं संयोजक

नीतीश कुमार ने लालू यादव के नाम की पैरवी की। नीतीश कुमार ने कहा कि लालू यादव जी सबसे वरिष्ठ हैं। उन्हें गठबंधन का संयोजक बनाया जाना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ने कहा कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है इसलिए गठबंधन का चेयरमैन कांग्रेस के नेता को बनाना चाहिए। मैं संयोजक नहीं बनना चाहता हूं. मैं गठबंधन के बिना पद के लिए काम करूंगा।


# तीनों साधुओं की पिटाई के मामले में 12 गिरफ्तार

**खुलासा**

- घटना पुरुलिया जिले के काशीपुर क्षेत्र के गौरांगडीह गांव की है



**धनबाद।** मकर संक्रांति के मौके पर बंगाल के गंगासागर में स्नान करने जा रहे यूपी के तीन साधुओं को भीड़ ने निर्वस्त्र कर बुरी तरह से पीटा। कुछ स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की मदद से साधुओं की भीड़ से जान बचाई। इंटरनेट मीडिया पर पिटाई की घटना का वीडियो प्रसारित हुआ, वीडियो में तीनों साधु हाथ जोड़कर भीड़ से जान बख्शने की गुहार लगाते दिख रहे हैं। भीड़ उन्हें पीटते हुए दिखती है, इसी बीच साधु के कपड़े भी खींच लिए जाते हैं, जिससे वो निर्वस्त्र हो जाते हैं, भीड़ में शामिल कुछ लोग साधु का बाल खींचते हुए भी दिखते हैं। पुरुलिया जिला पुलिस ने साधुओं की पिटाई के मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों पर बच्चा चोरी की अफवाह फैलाकर साधुओं को घेरकर उन पर हमला करने का आरोप है। घटना पुरुलिया जिले के काशीपुर क्षेत्र के गौरांगडीह गांव की है। घटना से आहत साधुओं ने अपनी गंगासागर यात्रा स्थगित कर दी और अब वह वापस लौट रहे हैं।



# भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज से

**नई दिल्ली।** कन्याकुमारी से कश्मीर तक सफल भारत जोड़ो यात्रा के बाद, कांग्रेस मणिपुर के थौबल जिले से पूर्व से पश्चिम भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे और इस कार्यक्रम में पार्टी के शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों, 100 लोकसभा सीटों, 337 विधानसभा क्षेत्रों से होकर 67 दिनों में 6,713 किमी की यात्रा करेगी, ज्यादातर बसों में और पैदल भी। यात्रा का समापन 20 और 21 मार्च को मुंबई में होगा। इसको लेकर जानकारी देते हुए कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल यानी 14 जनवरी को मणिपुर के थौबल से शुरू होने जा रही है। राहुल गांधी कल सुबह 11 बजे इंफाल आएंगे और सबसे पहले खोंगजोम वॉर मेमोरियल जाएंगे।

# ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चढ़ाई गई प्रधानमंत्री मोदी की चादर

**आस्था**

- देश-दुनिया में अमन और शांति की कामना की गई



**अजमेर।** देश-दुनिया में अमन और शांति का पैगाम देने वाली प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चादर पेश की गई। शनिवार को अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी पीएम मोदी द्वारा सौंपी गई चादर लेकर अजमेर दरगाह पहुंचे।

यह चादर धानमंडी से दरगाह तक पैदल जुलूस के रूप में लाई गई, फिर चादर और अकीदत के फूल पेश कर देश-दुनिया में अमन और शांति की कामना की गई। इसके बाद दरगाह के बुलंद दरवाजे पर पीएम मोदी दिए गए संदेश को भी पढ़कर जायरीनों को सुनाया। बता दें कि गरीब नवाज का 812वां उर्स चांद दिखने के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया है। ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स मुबारक के अवसर पर ईश्वर से उनके अनुयायियों और अजमेर शरीफ आए सभी श्रद्धालुओं को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के संतों, पीरों और फकीरों ने अपने आदर्शों व विचारों से जन-जन को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। लोगों में अमन शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश देते हुए उन्होंने हमारी सांस्कृतिक एकता को सशक्त किया। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने हमारी संस्कृति परंपरा को और समृद्ध किया। गरीब नवाज के मानवता से जुड़े संदेशों और लोग कल्याण की भावना ने दुनिया भर के लोगों को प्रभावित किया है।

# बिजली बिल फर्जीवाड़ा में जेई समेत चार निलंबित

**लखनऊ।** बिजली बिल फर्जीवाड़ा कांड में दो जूनियर इंजीनियर (जेई) समेत चार कर्मियों को प्रथमदृष्टया दोषी पाए जाने पर शनिवार को निलंबित कर दिया गया है। यह जेई एवं कर्मचारी विद्युत वितरण खंड सेस-दो के हैं। साथ ही, इस फर्जीवाड़े में पांच संविदा कर्मचारी भी फंसे, जो बिल से रकम और उतारे गए मीटर को गायब करने में अहम भूमिका निभाई, जिनकी नौकरी खतरे मे है। इन पांच संविदा कर्मियों में से एक ने ही 90 हजार रुपए में बिल की रकम को खत्म कराने का ठेका लिया था। हालांकि, इस प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी सोमवार तक गठित होगी, जो इस फर्जीवाड़े के साथ ही यह भी पता लगाएगी कि इस सिंडीकेट ने ऐसे कितने उपभोक्ताओं के बिलों से रकम को गायब किया है।

# ताइवान के विलियम लाई होंगे अगले राष्ट्रपति

**रिपोर्ट**

- चीन और जिनपिंग के धुर विरोधी हैं डीपीपी प्रमुख लाई, शांति के पक्षधर हैं विलियम



**ताइवान।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के विलियम लाई शिंग-ते ने ताइवान का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। चीन ने ताइवान के नागरिकों को लाई को वोट न देने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद लाई जीतने में सफल रहे। इसे बेहद उल्लेखनीय सियासी परिणाम माना जा रहा है। चीनी चुनौती को नजरअंदाज करते हुए ताइवान की जनता ने लाई का खुलकर समर्थन किया। देश के केंद्रीय चुनाव आयोग के मुताबकि लाई को 40.2 प्रतिशत वोट मिले। ताइवान के चुनाव आयोग के हवाले से अलजजीरा की रिपोर्ट में कहा गया कि पूरे द्वीप पर 98 प्रतिशत मतों की गिनती पूरी हो चुकी है। प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार होउ यू-इह ने भी हार स्वीकार करते हुए लाई जीत की बधाई दी है। मुख्य प्रतिद्वंद्वी होउ यू-इह तो 33.4 प्रतिशत वोट मिले। खबरों के मुताबिक होउ ने समर्थकों से इस बात के लिए माफी मांगी कि वे लाई की पार्टी- डीपीपी को सत्ता से बेदखल करने में नाकाम रहे। चीन ने विलियम लाई को खतरनाक अलगाववादी बताया है। राष्ट्रपति जिनपिंग खुलेआम सार्वजनिक मंचों से निंदा करते दिखे हैं। चीन ने बातचीत की अपील करने वाले विलियम लाई को भाव नहीं दिया। इसके बावजूद विलियम लाई जोर देकर कह चुके हैं कि वह शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीनी गुब्बारों को जलडमरूमध्य पार करते देखा गया है।




# कोतवाली सदर और थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस



का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी और थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना कोतवाली पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के पहले व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है। कोतवाली सदर में तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवक पर किया धारदार हथियार से जानलेवा हमला, आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली की रेहरिया चौकी क्षेत्र के एक गांव में दबंगो द्वारा एक राय होकर गन्ना का अगौला काटने की रंजिश को लेकर एक युवक को उसके गांव में घर के सामने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बताते चले कि ग्राम पिपरिया धनी निवानी राजीव सिंह ने पुलिस को दिए गये शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि नौ जनवरी को प्रातः नौ बजे पड़ोसी गांव देवरिया निवासी रकीब, अब्दुल अहमद और अदनान ने गन्ना के अगौला काटने की शिकायत पर युवक के मना करने पर आरोपियों ने बांका और डंडो से सरेराह हमला कर घायल कर दिया था। जिसे इलाज के लिये सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरूवार को पुलिस ने सभी नामजद आरोपियो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## परिवार परामर्श केन्द्र में 17 परिवारिक विवादों में सुलह समझौते से पति पत्नी को विदा कराने का सराहनीय कार्य किया गया

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर मे स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में 17 परिवारिक विवादों में सुलह समझौते से पति पत्नी को विदा कराने का सराहनीय कार्य किया गया है परिवार परामर्श केंन्द्र की प्रभारी शकुन्तला उपाध्याय द्वारा घरेलू हिसां, दहेज उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास एवं खाने कपड़े की तंगी के विवाद को लेकर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रो मे सुलह समझौते का प्रयास कराया जाता है आज 23 प्रकरणों मे दोनो पक्षो को बुलाकर पति पत्नी मे सुलह का प्रयास काउन्शलर श्रीमती किरन अग्रवाल ,कय्यूम अली ज़रवानी व मुख्य महिला आरक्षी भावना तिवारी, महिला आरक्षी मुद्रिका चौहान, मेहा सिंह द्वारा किया गया है,जिसमें 17 जोड़े पति पत्नी साथ रहने के लिए सहमत होकर विदा हुए , 03 प्रकरण न्यायालय लम्बित होने व 03 मामले मे अत्याधिक मनमुटाव होने के कारण सुलह नही हो पायी है उन्हे अग्रिम तिथि देकर पुनः सुलह हेतु बुलाया गया है।

# सुमन राय (अभिषेक राय) को स्वर्ण पदक व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रवींद्रनगर (मियांपुर कालोनी) के छात्र सुमन राय (अभिषेक राय) जो मुजफ्फरनगर स्थित चौधरी छोटू राम डिग्री कालेज में बीएससी एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष के छात्र है। सुमन राय (अभिषेक राय) ने बीएससी एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष में ही अनुवांशिक विज्ञान में पूरी कक्षा में टाप स्थान प्राप्त किया। जिससे छात्र को स्वर्ण पदक व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छात्र सुमन राय इससे पहले भी हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट में भी टाप कर चुके है।

सुमन राय को मुख्यमंत्री कृषि छात्रवृति योजना का भी लाभ मिलता है।

स्वर्ण पदक सम्मान पाकर सुमन राय ने अपने गांव रवीन्द्रनगर (मियांपुर कालोनी) का ही नहीं बल्कि नगर मोहम्मदी का भी नाम रोशन किया है।

जिससे कालेज के प्रधानाचार्य जी व गुरुजनों ने छात्र सुमन राय को आशीर्वाद देकर उज्जल भविष्य की कामना की।



## प्रवीण यादव मितौली क्षेत्राधिकारी वरमेश तिवारी क्षेत्राधिकार गोला बनाए गए

**लखीमपुर खीरी।** गोला क्षेत्राधिकारी प्रवीण यादव को मितौली क्षेत्राधिकारी बनाया गया,नवागत क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी क्षेत्राधिकार गोला बनाए गए।

## थाना दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ थाना भदोखर व हरचंदपुर में लोगों की समस्याएं सुनीं। शिकायतें सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का समय से निस्तारण कराया जाए। जिससे की उन्हें बार-बार थाने में ना आना पड़े। साथ ही महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी के सामने भूमि विवाद, आपसी मारपीट से संबंधित अधिक मामले आए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं का निपटारा करते समय पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मिलकर मामले की जांच करें। उसके उपरांत ही कोई निर्णय लिया जाए। ऐसे मामलों में दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। इसके अवसर पर पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग की भी टीम उपस्थित रही।

# गांधी परिवार ने देश के लोकतंत्र को अपने खून से सींचाः सुशील पासी



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष/प्रवक्ता सुशील पासी नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर एवं एक-दूसरे का मूँह मीठा कर मनाया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री पासी ने कहा कि त्याग,तपस्या और बलिदान का स्पष्ट उदाहरण गांधी परिवार में देखने को मिलता है। श्री पासी ने कहा कि जिन्हें अपमानित करने का कार्य कुछ तथाकथित लोग कर रहे हैं,उन्हें शायद यह नहीं पता कि इसी गांधी परिवार ने देश के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा है। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि प्रियंका गांधी एक अद्वितीय व्यक्तित्व हैं और अक्सर प्रियंका गांधी की तुलना उनकी दादी पूर्व प्रधानमन्त्री स्व0 इन्दिरा गांधी से की जाती है। प्रियंका जी ने अपना पहला भाषण मात्र 16 साल की उम्र में ही दिया था,जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उनके अंदर नेता की गुणवत्ता अंतर्निर्मित है और वंशानुगत है। श्री सोनकर ने बताया कि प्रियंका जी एक बहुत ही अच्छी आर्गेनाइजर है,उन्होनें राजनीतिक हित के मामले में अपनी माँ एवं रायबरेली की लोकप्रिय सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी की मुख्य सलाहकार की भूमिका निभायी है।

## रोबोटिक सर्जरी से जटिल ऑपरेशन हुए आसान

**सहारनपुर।** रोबोटिक सृजन डॉ मयंक नोटियाल ने रोबॉटिक सर्जरी पर व्यख्यान देते हुए बताया कि सर्जरी में रोबोटिक्स का इस्तेमाल सबसे पहले 1990 के दौर में शुरू हुआ था, जिसमे 1997 में द विंची सर्जिकल सिस्टम आने के बाद तेजी से इसका विकास हुआ। आज भारत मे लगभग 7000 रोबॉटिक सर्जरी हर साल होती है और देश भर में एक हजार से ज्यादा विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जन है। भारत मे इस समय कोच्चि और बेंगलुरु में रोबोटिक्स सर्जरी के ट्रेनिंग कार्यक्रम चलते है। आईएमए हाल में आयोजित चिकित्सकों की कार्यशाला में देहरादून से आये डॉ.नोटियाल ने बताया कि रोबोटिक असिसटिड सर्जरी, टेली सर्जरी, टेली मैनिपुलेशन, टेली मेंटरिंग आदि मुख्य विधियां है। जिनसे पेट की अनेको जटिल सर्जरी आसानी से होती है। इसमें मरीज को सर्जरी के बाद खून चढ़ने की जरूरत नही होती है और मरीज केवल दो से तीन दिन में ही अस्पताल से घर जा सकते है और दवाइयों का खर्च भी इसमें कम आता है साथ ही ऑपरेशन के लिए चीरा भी बहुत ही कम लगता है।

# हर्षोल्लास के साथ न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया लोहड़ी पर्व

*अवधनामा संवाददाता*

**लालगंज, रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज रायबरेली में लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूम धाम और भव्य तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक डा.शशिकांत शर्मा जी मौजूद रहे, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया । तत्पश्चात् अलाव जलाकर लोहड़ी पर्व की पूजा की गई। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों का भरपूर आनन्द लिया। विद्यालय के बच्चों द्वारा पतंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे सभी बच्चों ने बड़ी ही सुन्दर- सुन्दर पतंगें उड़ाई। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रबन्धक ने अपने संबोधन में बच्चों को बताया कि

पंजाबियों के लिए लोहड़ी उत्सव खास महत्व रखता है। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चे का जन्म हुआ हो, उन्हें विशेष तौर पर लोहड़ी की जाता है । इस दौरान आग का अलाव लगाया जाता है और इसमें गेंहू की बालियों को अर्पित किया जाता है इस





बधाई दी जाती है। घर में नव वधू या बच्चे की पहली लोहड़ी का काफी महत्व होता है। इस दिन विवाहित बहन और बेटियों को घर बुलाया जाता है। ये त्योहार बहन और बेटियों की रक्षा और सम्मान के लिए मनाया जाता है। वक्त के साथ यह सबसे खूबसूरत चीज देखने को मिली है कि परिवार वाले अब पहली लड़की के जन्म पर भी काफी धूमधाम से लोहड़ी का त्योहार मनाते हैं। इसको मानने का मुख्य कारण पंजाब प्रांत में लोहड़ी को फसल कटाई की खुशी में भी मनाया अवसर पर पंजाबी समुदाय के लोग भांगड़ा करते हैं और खूब नाचते-गाते हैं लोहड़ी के दिन अग्नि के आसपास घेरा बनाकर दुल्ला भट्टी की कहानी सुनने की परंपरा है। और अंत में सभी को लोहड़ी, मकरसंक्रान्ति की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सुभाष हाऊस के सदस्यों व आर्ट- क्राफ्ट विभाग का कार्य सरहनीय रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## इंजी.विजेश शर्मा सपा के विशेष आमंत्रित सदस्य बने

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर विजेश शर्मा को सपा प्रदेश कार्यकारिणी का विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया है, जिसको लेकर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है और उन्होंने पार्टी हाई कमान का आभार जताया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने उक्त आश्य की जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशानुसार इंजीनियर विजेश शर्मा को पार्टी के प्रति समर्पण भावना एवं मजबूत जनाधार के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। गौरतलब रहे कि इंजी.विजेश कुमार शर्मा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राम शरणदास के बेहद करीबी एवं विश्वास पात्रों में उन्हें माना जाता है और उसी के फलस्वरुप उन्हें पार्टी में समय-समय पर सम्मान भी दिया गया है। इंजीनियर विजेश शर्मा पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक समाजवादी पार्टी से ही जुड़े रहे हैं और विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया और कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उन्हें विशेष आमात्रित सदस्य बनाया गया है। श्री शर्मा के मनोनयन को लेकर उनके समर्थकों में खुशी व्यक्त करते हुए पार्टी हाईकमान का आभार जताया है।

## घर में नकबजनी कर चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** घर में नकबजनी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार शातिर चोरों को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी किया गया घरेलू सामान व 950रूपये बरामद हुए है। गत् दिवस निजाम पुत्र मौ.काजिम निवासी काशीराम कालोनी ब्लाक जी 2 मकान न. 53 शेखपुरा थाना कोतवाली देहात ने रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर में किचन के रास्ते घुसकर 01 सिलेन्डर, 01 ड्रिल मशीन, 01 प्रेस लोहा, घर का राशन व 4000 रुपये चोरी करने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात सत्येन्द्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 04 अभियुक्त सुहेल पुत्र शौकीन निवासी जी 5 ब्लाक मकान न. एस-4 काशीराम कालोनी थाना कोतवाली देहात, नितिन पुत्र शेर सिह निवासी जी2 ब्लाक मकान न. टी 4 काशीराम कालोनी थाना कोतवाली देहात, समीर पुत्र फरीद निवासी आई2 ब्लाक मकान न. जी2 काशीराम कालोनी थाना कोतवाली देहात व प्रिंस पुत्र प्रमोद निवासी सी2 ब्लाक म.न. एफ1 काशीराम कालोनी थाना कोतवाली देहात को मुखबिर की सूचना पर मिनी बाईपास पुलिया के पास से चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है।

# स्वीप के तहत क्रिकेट की निर्वाचन प्रीमियर लीग का हुआ भव्य शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद में स्वीप योजना के अन्तर्गत निर्वाचन प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें नकुड़ टाइअन्स एवं सदर लॉयन्स की टीमों ने सेमिफाइनल में प्रवेश किया। 17 जनवरी को मैच खेला जायेगा।

आज जेवी जैन डिग्री कालेज के ग्राउण्ड एवं नालन्दा वर्ल्ड स्कूल मल्हीपुर रोड के ग्राउण्ड में आयोजित कराया गया। मैच का उदघाटन जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा द्वारा फीता काटकर, कबूतर व गुब्बारे उडाकर किया गया। प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच नकुड टाइटन्स द्वारा बेहट एवेन्जर्स तथा देवबन्द थन्डरबर्ड के साथ खेला गया। नकुड टाइटंस दोनों मैचो में विजयी रहा। इसी प्रकार सदर लायन्स द्वारा डीईओ इलेवन व रामपुर योद्धा के साथ मैच



खेला गया जिसमें सदर लायन्स दोनो मैचो में विजयी रहा। नकुड टाइटन्स व सदर लायन्स दोनो टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई जिनका मैच 17 जनवरी, 2024 को खेला जायेगा। शेष टीम का सेमीफानल के लिए रन रेट के आधार पर चयन होगा। स्वीप को बढ़ावा देने के लिए मीडिया एवं डीईओ 11 के बीच फ्रेंडशिप मैच हुआ जिसमे डीईओ 11 ने मीडिया को करारी शिकस्त दी। निर्वाचन प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता व मतदान को बढावा देना है। इसके बाद ये मैच इन्टर स्कूलो में भी कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने कहा कि मतदाताओं के मध्य नैतिक मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए डिप्टी डीईओ और उनकी पूरी टीम द्वारा यह अभियान आयोजित किया गया है। सभी लोग सामूहिक रूप से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को प्रत्येक दृष्टि से मतदाताओं को जागरुक करते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ और स्वीप के विभिन्न कार्यक्रम के अंतर्गत वोटर टर्नआउट को बढ़ाने के लिए क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया है जिसमें जनपद की विभिन्न टीमें प्रतिभाग कर रही है। निर्वाचन आयोग के नेतृत्व में और जिला निर्वाचन अधिकारी के अधीन अन्य आयोजन जैसे कुश्ती, कबड्डी, दौड़ आदि सभी खेलों का भी आयोजन समय समय पर कराया जाएगा जिससे अन्य खिलाड़ियों को भी इसमें प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। खेलों में युवा दर्शक एवं खिलाड़ी मतदाता जागरूकता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर होंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताड़ा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए स्वीप के अंतर्गत क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है।

मैच के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ.अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक बेहट व नोडल आफिसर स्वीप श्रीमती संगीता राघव उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया जायेगा बसपा सुप्रीमों मायावती का जन्म दिन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बसपा सुप्रीमों मायावती का 68वां जन्म दिन मनाये जाने के लिए बसपा नेताओं ने रूपरेखा तेयार कर ली है। दिल्ली रोड स्थित एक पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रत्येक विधान सभा से 2-2 हजार कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। आज देहरादून चौक स्थित बसपा मण्डल कार्यालय पर आगामी 15 जनवरी को पार्टी सुप्रीमों मायावती का जन्म दिन मनाये जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने की। इस अवसर पर कोर्डिनेटर नरेश गौतम ने कहा कि मायावती का 68वां जन्म दिन हर्षोल्लास से मनाया जायेगा और कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली रोड़ स्थित महाराजा पैलेस में होगा। गौतम ने कहा कि जिले की सातों विधानसभाओं में से प्रत्येक विधान सभा से 2000 बसपा कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम में आने का लक्ष्य रखा है। गौतम ने कहा कि वैसे तो जिले में सर्वसमाज के लोग लाखो की तादाद में महाराजा पैलेस में पहुँचने का काम करेंगे। इस अवसर पर बसपा लोकसभा प्रभारी माजिद अली, जनेश्वर प्रसाद, ऋषिपाल गौतम, एस.आलम, सरफराज राईन ने कहा कि मायावती के कार्यक्रम में लोग बिना बुलाये भी शामिल हो जाते है, यह कार्यकर्ताओं की निष्ठा है। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती की उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनी है, जिसमें सहारनपुर को मण्डल का दर्जा, मेडिकल कॉलेज, स्पोर्टस कॉलेज, नगर निगम सहित अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर समस्त विधान सभा के अध्यक्ष विजयपाल, वेदपाल, संजय पार्षद, रजनीश बंधू, प्रताप, लोधी कुमार, स्वराज पार्षद, नदीम अख्तर, नरेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, बालेश्वर कुमार, करतार सिंह, वसीम अहमद, हाजी गुफरान, अरमान आलम आदि नेता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बेहट रोड इकाई का गठन

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की आयोजित बैठक में बेहट रोड इकाई का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पंकज बजाज व जनक को महासचिव बनाया गया। बेहट रोड स्थित श्री बाला जी घाट मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश महासचिव सरदार जसवंत बत्रा, युवा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मक्कड़, मंडल अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष आशु निरंकारी, महामंत्री राघव मक्कड़, कोषाध्यक्ष सुमीत गोयल, रिंकू पाहुजा ने व्यापार मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए उनसे व्यापारियों के हित मे कार्य करने की आशा व्यक्त की। नव नियुक्त पदाधिकारियो में पंकज बजाज अध्यक्ष, जनक महामंत्री, मनीष कुमार गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मौ.महफूज़ उपाध्यक्ष, नरेंद्र सिंघल कोषाध्यक्ष, मौ.अय्यूब संगठन मंत्री, तथा अनूप सैनी, नवीन सिंघल, जोगेंद्र कटारिया, सार्थक जैन, मौ.सुहैल, राजेश त्यागी, मौ.आज़ाद, मयंक जोशी, लेखराज सैनी को सदस्य कार्यकारिणी में शामिल किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियो ने व्यापार हित मे कार्य करने का प्रण लेते हुए व्यापारियों और उनकी समस्याओं के लिए सदैव तत्पर रहने का विश्वास दिलाया।

## कृष्ण ने कंस वध के साथ की धर्म रक्षाः अतुल महाराज



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के महंगूपुर गांव स्थित कपिल मुनि आश्रम में चल रही भागवत कथा में छठवें दिवस पर कथा व्यास ने कृष्ण रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई।

कथा व्यास आचार्य अतुल महाराज ने शनिवार को कथा में कंस वध प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण को मारने के सैकड़ों प्रयास करने के बाद भी कंस विफल रहा। अंतोगत्वा कृष्ण ने पापी कंस को मारकर वसुदेव देवकी को कारागार से मुक्त कराया। कथा व्यास ने कृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग में कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उन्होंने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी ने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदुरथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। कथा में सतीश चंद पांडेय, विनोद पांडेय, सुशील पांडेय, डा मिथिलेश पांडेय, डा अनुपम पांडेय, कमलेश सिंह, रामकुमार, महंथ, करुणाकर, मोनू पंडित, टोनी मिश्रा, विनीत मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

**जन्मोत्सव कल**

मकर संक्रांति पर्व पर सोमवार को भगवान कपिल का प्रकटयोत्सव मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जायेगा। उसके पूर्व सवामणी हवन 10 बजे सम्पन्न होगी। सायं को 56 भोग के साथ भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## समाज में आतंक फैलाने वाले दो आरोपियों को सात वर्ष का कठोर कारावास

**सहारनपुर।** संगठित गिरोह बनाकर जनता में भय उत्पन्न कर अनैतिक रूप से धन अर्जित करने वाले दो आरोपियों को 7 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थ दंड की सजा अपर जिला सत्र न्यायाधीश के न्यायालय से सुनायी गयी। उल्लेखनीय रहे कि 21 अप्रैल 2008 को थानाध्यक्ष नानौता बिजेन्द्र सिह भडाना की सूचना पर अभियुक्त नफासत पुत्र किफायत, आजम पुत्र शफीक, निवासीगण मौ.शेखजादगान कस्बा व थाना तीतरो जनपद सहारनपुर द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर जनता में भय व्याप्त करना अपराधिक कृत्यो से धन अर्जित करना व आतंक फैलाने हेतु भादवि के अध्याय 16 व 17 में वर्णित अपराध कारित करने की सूचना पर थाना तीतरो पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत कराया गया। यह मामला अपर जिला सत्र न्यायाधीष कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

# रेल यात्रियों एवं रेल कर्मचारीयो से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु मांग पत्र सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक से मिलकर रेल यात्रियों एवं रेल कर्मचारीयो से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु मांग पत्र सौंपा।

जेड.आर.यू.सी.सी. सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर को दिए गए ज्ञापन में गोंडा जंक्शन परिक्षेत्र को सर्वांगीण विकास हेतु अमृत भारत योजना में शामिल किए जाने, प्रयागराज आवागमन हेतु सरजू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा जंक्शन तक किए जाने ,15069 /15070 इंटरसिटी का ठहराव इटियाथोक, जरवल एवं बुढ़वल तक किए जाने,गोंडा से नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से गोंडा तक प्रतिदिन रेल सेवा का संचालन किया जाए, गोंडा जंक्शन से कानपुर तक वाया बाराबंकी एवं



कानपुर से गोंडा जंक्शन वाया बाराबंकी तक प्रतिदिन मेमो/पैसेंजर प्रतिदिन चलाई जाए ,गोंडा कचहरी रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहडी के नाम किए जाने,अधिवक्ताओं,व्यापारियों कर्मचारीयो एवं छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु बाघ एवं आम्रपाली एक्सप्रेस / मेल का ठहराव किए जाने,गोंडा जंक्शन परिसर में रेलवे की खाली पड़ी जमीनों पर अविलम्ब अतिक्रमण हटाने एवं रेलवे आवासों में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किए जाने, करनैलगंज रेलवे स्टेशन पर सप्ताहिक गाड़ी संख्या 11112/11111 सुशासन एक्सप्रेस का ठहराव किए जाने, गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 4,5,6 की ओर रेल यात्री टिकट सेवा केंद्र स्थापित किया जानें समेत लगभग 14 सूत्रीय मांगे जनहित में शामिल हैं।

महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव, रमन श्रीवास्तव,महेंद्र कुमार,जुगनू जायसवाल एवं दानिश सिद्दीकी सहित अन्य को आश्वासन दिया कि आप लोगों द्वारा दिए गए ज्ञापन एवं सुझाव पर अविलम्ब निराकरण कराया जाएगा।पंकज के इस प्रयास की लोग जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

# घर घर बाँटे अक्षत 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की लोगो से अपील



**गोंडा।** जनपद मे विभिन्न स्थानों पर विश्व हिन्दू परिषद पदाधिकारियों ने शनिवार को घर घर अक्षत वितरण करते हुए लोगों से 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की अपील की। विहिप के जिला सह मंत्री रामशंकर शर्मा की अगुवाई में विहिप कार्यकर्ताओं ने नवाबगंज ब्लाक के गोकुला, इंदरपुर तुलसीपुर फत्तेपुर कनकपुर में घर घर अक्षत वितरण किया। लोगों को पूजित अक्षत व राम मंदिर का चित्र तथा कार्यक्रम व मंदिर निर्माण संबंधित पत्रक दिया गया। लोगों से 22 जनवरी को धार्मिक उत्सव मनाने तथा रात्रि में घर घर दीप जलाने को कहा गया। विहिप जिला सहमन्त्री ने बताया कि 500 वर्षो के संघर्ष के बाद यह शुभ दिन आया है। विहिप के अशोक सिंघल सहित हजारों संतो रामभक्तो का संघर्ष सफल हुआ है। उन्होंने लोगों से 26 जनवरी के बाद अयोध्या दर्शन करने को कहा। इस अवसर पर विहिप प्रखंड अध्यक्ष प्रेम नाथ मिश्रा, विनोद कुमार गुप्ता रजनीश कुमार गुप्ता संजय गुप्ता कनकपुर प्रधान विपिन सिंह उमेश प्रताप सिंह गौरीशंकर गुप्ता ,गोकुला प्रधान प्रतिनिधि मनीष सिंह,इंद्रपाल गुप्ता पप्पू सागर झिन्ना गुप्ता रामदेव यादव, अनुज सिंह, अभिमन्यु यादव,बंटी गुप्ता, राहुल सिंह, हरिश्याम साहू,आकाश सिंह,राकेश, साहिल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 100 ई-बसों की सौगात देंगे योगी

अवधनामा संवाददाता



- एयरकंडीशंड ई-बसों से गणमान्य जनों, तीर्थयात्रियों तथा आम जनता को मिलेगी
- सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की सुविधा, अयोध्या में ई-बसों से ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को बढ़ावा

**अयोध्या।** अयोध्याधाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 100 इलैक्ट्रिक बसों (ई-बसों) को इस पावन नगरी में यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराने की योजना है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, ज़ीरो-कार्बन पब्लिक मोबिलिटी पहल के अंतर्गत, 14 जनवरी, 2024 को अयोध्याधाम बस स्टैंड से इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये ई-बसें अयोध्या पहुंचने वाले गणमान्य जनों, तीर्थयात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए शहर में आवागमन हेतु सार्वजिनक परिवहन की पर्यावरण अनुकूल एवं आरामदायक सुविधा प्रदान करेंगी। उल्लेखनीय है कि इन ई-बसों से शहर को प्रदूषण मुक्त रखने तथा ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। 'मेक-इन-इंडिया' पहल के अंतर्गत, भारत में ई-बसों के अग्रणी निर्माता पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी इंडिया के पास राज्य में ई-बसों का सबसे बड़ा बेड़ा है। इस मौके पर, डॉ आंचल जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रा लिमि ने कहा, ÷हमें इस बात की बेहद खुशी है और हम खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि ये ई-बसें श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से ठीक पहले परिचालन शुरू करेंगी। यह पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी के लिए गर्व का अवसर है कि हमारी ई-बसें अयोध्या नगरी में चलेंगी और हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की 2070 तक नैट जीरो राष्ट्र का लक्ष्य साकार करने में योगदान करेंगी। हम उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आभारी हैं जिन्होंने हमें राज्य में ग्रीन पब्लिक मोबिलिटी परिचालनों को मजबूती प्रदान करने का यह अवसर दिया है। हमारी ई-बसेंदेशभर में अपनी क्षमताओं को पहले ही प्रमाणित कर चुकी हैं और ये देश में पर्यावरण सुधार में भी सहायक होंगी। समूचे उत्तर प्रदेश में पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 700 ई-बसें पहले से ही तैनात हैं जिनसे 11036 टन कार्बन फुटप्रिंट में कटौती करने के साथ-साथ 1,62,06,750 लीटर/1.46 करोड़ रु का डीज़ल खर्च बचाने में भी मदद मिलेगी। डॉ जैन ने कहा, ÷हम सार्वजिनक परिवहन के विद्युतिकरण के राज्य के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को और मजबूत बनाने को लेकर उत्सुक हैं और आने वाले समय में राज्य के सभी प्रमुख शहरों के लिए और भी ई-बसें उपलब्ध कराएंगे। अयोध्या में ज़ीरो कार्बन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां इन ई-बसों को सार्वजनिक परिवहन बेड़े में शामिल किया गया है।

## तिब्बत चाहता भारत से जुड़कर रहेः बालक दास

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** भारत तिब्बत समन्वय संघ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम अभ्युत्थान्म 2024 में कैलाश मानसरोवर को चीन से मुक्त कराने का आह्वान किया गया। भारत तिब्बत समन्वय संघ के स्थापना दिवस की पुर्व संध्या पर चीन में बनी वस्तुओं का बहिष्कार, स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग, तिब्बत की स्वतंत्रता तथा कैलाश मानसरोवर की मुक्ति हेतु लोक जागरण को लेकर प्रकाश नगर भुतहियाटाड़ स्थित होटल अतिथि कान्टिनेंटल मे अभ्युत्थान्म 2024 कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वामी बालक दास जी महाराज (पातालपुरी पीठाधीश्वर काशी) ने कहा कि भारत तिब्बत समन्वय संघ का यह कार्यक्रम अभ्युत्थान्म 2024 देश के लिए नई ऊर्जा लाएगा। तिब्बत भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, तथा तिब्बत के लोग भी चाहते हैं कि हम भारत से जुड़कर रहे। जितनी एकता दुर्जनों में है उतनी एकता जिस दिन सज्जनों में आ गई उस दिन देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता।

# विशेष सचिव की अध्यक्षता में गो संरक्षण अभियान की हुई समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को विशेष सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ चन्द्र भूषण ने जनपद में अवशेष निराश्रित गोवंश को शत्-प्रतिशत संरक्षित किए जाने तथा उनके भरण-पोषण के संबंध में किए जा रहे कार्यो के प्रभावी कियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जानकारी हासिल किया। विशेष सचिव ने अपने जनपद में भ्रमण कार्यकम के तहत 11 जनवरी से 13 जनवरी 2024 निर्धारित अवधि में विभिन्न गो-आश्रय स्थल क्रमशः कान्हा गोशाला हाटा, कान्हा गोशाला कप्तानगंज, वृहद गो-संरक्षण कोप जंगल फेज-1 व फेज-2, कान्हा गोशाला खड्डा, कान्हा गोशाला रामकोला, कान्हा गोशाला कसया तथा कन्हा गोशाला पड़रौना का स्थलीय सत्यापन, निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत विशेष सचिव द्वारा चारो तरफ तिरपाल एवं पुवाल का बिझावन बिछाने, काऊकोट को बाधने हेतु निर्देशित किया गया। वृहद गो-संरक्षण केन्द्रो में संरक्षित समस्त गोवंशों को ठण्ड के दृष्टिगत गो-आश्रय स्थलो का समय से साफ-सफाई एवं गोवंशो को ताजा पानी पिलाने हेतु उपस्थित केयर टेकरों को निर्देशित किया गया। उपस्थित संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारी को गोवंशो के भरण-पोषण के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा एवं संकेन्द्रित आहार दिया जाएं तथा पशुचिकित्साधिकारियों को समय से नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए बीमार गोवंशों को ईलाज किया जाए। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गो-आश्रयों स्थलो के मेन द्वार पर बड़े अक्षरों में गो-आश्रय स्थल का नाम, संबंधित उप जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं केयर टेकर का नाम व मो नं अंकित कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जनपद के नगरीय क्षेत्रों में संचालित गो आश्रयों स्थलो के मेन द्वार पर बड़े अक्षरों में गो-आश्रय स्थल का नाम, संबंधित उप जिलाधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नपाप, नपं. पशु चिकित्साधिकारी एवं केयर टेकर का नाम व मो0नं0 अंकित भी किया जाए। शासन के मंशा के अनरूप मुख्यमंत्री सह भागिता योजना अन्तर्गत जनपद के इच्छुक पशुपालकों को गो-आश्रय स्थलों से गोवशों को सुपुर्द किया जाए तथा गोवंशो के भरण-पोषण हेतु नवीन शासनादेशानुसार माह अक्टुबर 2023 से निर्धारित धनराशि 50 रूपए प्रतिदिन गोवंश का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

# सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने वाले लेखपाल को डीएम ने किया निलंबित

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाने में शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित अवधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने अवैध अतिक्रमण और कब्जे की शिकायत से संबंधित एक शिकायत की शासन के मशानुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं उचित निस्तारण नहीं करने तथा कार्यो में लापरवाही बरते जाने के कारण क्षेत्रीय लेखपाल हरिशंकर कुशवाहा को निलंबित करने तथा तत्काल उपजिलाधिकारी कप्तानगंज को प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए गए। आज के समाधान दिवस में कुल 7 आवेदन पत्र आया। जिसमे 1 पुलिस विभाग और 6 राजस्व विभाग से सबंधित रहा।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है। उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कप्तानगंज व्यास उमराव, सीओ कसया कुंदन सिंह, थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार सहित अन्य राजस्व विभागों के कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहें।

## जागरूकता रैली निकली

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी जालौन के निर्देशानुसार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरण के उद्देश्य से स्थानीय छत्रसाल इंटर कॉलेज परिसर में नगर के इंटर कॉलेजों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनायी गई, जागरूकता रैली निकाली गई व शत प्रतिशत मतदाता की शपथ दिलाई गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी डॉ एस. आर. रजक प्राचार्य फुंदी सिंह लौना राजकीय महाविद्यालय एवं छत्रसाल इंटर कॉलेज जालौन के प्रधानाचार्य डॉ राकेश निरंजन ने बताया कि उपरोक्त समारोह में 16 माध्यमिक विद्यालय व महाविद्यालयों को 1500 से अधिक छात्र छात्राओं व 300 से अधिक शिक्षक-शिक्षकाओं ने प्रतिभाग किया। भारतवर्ष के नक्शे को निर्मित कर उसके चारों ओर छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला निर्मित की। तदुपरांत उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली समापन पर उप जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

# उठती दुर्गंध से लोगों का राह चलना हुआ मुश्किल

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** मोदी सरकार द्वारा सफाई अभियान पर लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं लेकिन करारी नगर प्रशासन पर इस बात का कोई फर्क होता नहीं दिख रहा। आज कस्बे में जगह जगह आम रास्तों पर सफाई कर्मियों द्वारा फेंका गया कचरा देखा जा सकता है। इस कारण गंदगी सड़क पर देखी जा रही है। नगर पंचायत करारी में आबादी के बीचो बीच सफाई कर्मियों द्वारा कचरा लाकर फेंका जा रहा है। फेंके गये कचरे से उठती दुर्गंध ने लोगों का रास्ता चलना भी मुश्किल कर दिया है। नगर पंचायत करारी में इन दिनों जिम्मेदारों की संवेदन हीनता के चलते पूरा कस्बा गंदगी का पर्याय बन गया है। आबादी के बीच छोटे छोटे डस्ट बिन रखवा दिये गये हैं जहां लोग अपने घर का कचरा लाकर फेंक रहे हैं। डस्ट बिन में पर्याप्त जगह न होने के कारण कचरा मोहल्ले की गलियों में फैला रहता है और उक्त गंदगी से उठ रही दुर्गंध से जहां लोगों का जीवन नरक बन गया है तो वहीं लोगों ने उन रास्तों से आना जाना भी बंद कर दिया है। हजरतगंज वार्ड इसका जीता जागता उदाहरण है कि वार्ड के मुख्य मार्ग पर नगर प्रशासन ने दो खिलौने नुमा डस्ट बिन लगवा दिया है जो कि इतनी बड़ी आबादी के घरों से निकलने वाले कचरे को संभाल नहीं पा रहा है। कस्बे में जगह जगह गंदगी के ढेर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि जिम्मेदारों को आम जनता के स्वास्थ्य से कोई लेना देना नहीं है। गंदगी से उठती दुर्गंध ने लोगों में महामारी का खौफ पैदा कर दिया है। अगर समय रहते नगर प्रशासन ने इस गम्भीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो कस्बे में महामारी फैल सकती है। इस बात को लेकर नगर वासियों ने कई बार जिम्मेदारों से शिकायत भी की लेकिन इस ओर अभी तक किसी का ध्यान नहीं गया।



## संदीपन घाट थाने पर सुनी लोगों की शिकायत



**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज, परिक्षेत्र द्वारा संदीपन घाट थाने पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को सुना , निस्तारण कराया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही पूर्व में प्राप्त हुई शिकायतों का स्वयं फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में अंकित किया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस रजिस्टर, जन शिकायत रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, नियुक्ति रजिस्टर आदि का अवलोकन व निरीक्षण किया साथ ही अपराध रजिस्टर, जन शिकायत रजिस्टर, महिला हेल्प डेक्स रजिस्टर, रजिस्टर नंबर 8 एवं थाना समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। थाने की साफ सफाई राम उत्सव यात्रा एवं अपराध नियंत्रण तथा आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में आवश्यक एवं प्रभावी निर्देश दिए गए।

## एपीएस एकेडमी की चेयरपर्सन ने किया शुभारंभ

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** एपीएस एकैडमी तेलीबाग के प्रांगण में सी बी एस ई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोगाम मे साइबर सिक्योरिटी (पीआरपी) के अंतर्गत लगभग 60 प्रतिभागी जो की विभिन्न स्कूल के प्रिंसिपल एवं सीनियर टीचर थे, इस कार्यक्रम को संचालित करने वाले रिसोर्स पर्सन नेहा सोनकर प्रिंसीपल संस्कार दीप इंटरनेशनल स्कूल धनबाद एवं श्याम लुंगानी सीनियर कोऑर्डिनेटर एलेन हाउस कानपुर शामिल थे, कार्यक्रम का शुभारंभ ए पी एस एकैडमी की चेयरपर्सन सिंधुजा मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।



## राजलक्ष्मी को यूपी गौरव सम्मान मिला

**वाराणसी अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्र साहित्य सृजन अभियान का कार्यक्रम नई दिल्ली मे सम्पन्न किया गया। जिसमें बनारस की रोहित नगर, नरिया निवासी डॉक्टर राजलक्ष्मी को उत्तर प्रदेश गौरव से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विलक्षण प्रतिभा के धनी, समाजसेवक, धर्मनिष्ठ मिलनसार साहस सेवा, समर्पण के ज्वलन्त उदाहरण, प्रशासनिक कार्यों, सामाजिक साँस्कृतिक आर्थिक उन्नयन हेतु प्रयत्नशील लोगो को उतर प्रदेश गौरव से सम्मानित किया जाता है। डॉक्टर राजलक्ष्मी पेशे से वकील व डॉक्टर होते हुए भी समाज सेविका के रुप मे जरूरतमंद को मदद के लिए सदैव तत्पर रहती है।



## दरवाजा तोड़कर नगदी व डीजे की मशीन चोरी

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम मुडेरा लाला में एक घर के दरवाजा का किल्ली तोड़कर उसमें रखा डीजे की मशीन चोरी कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मुंडेरा लाल गांव निवासी रामप्रित चौधरी पुत्र किशोरी चौधरी के घर अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजा की किल्ली तोड़कर उसमें रखे डीजे चलाने वाली 2 अदद मशीन की चोरी कर मौके से फरार हो गए। रामप्रित के अनुसार एक मशीन 40 हजार रुपए की व दूसरी 60 हजार रुपए की थी। इस संबंध में रामप्रित चौधरी ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एडीजी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** एडीजी कानपुर जोन ने जिला प्रशासन के साथ मेला श्री राम नगरिया का निरीक्षण किया है द्य एडीजी जोन आलोक सिंह, आईजी जोगेंद्र सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर समीक्षा की। एडीजी ने मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सही रहे, इसके लिए सीओ ट्रैफिक को खाका तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मेले में रात को उचित प्रकाश की व्यवस्था हो, साथ ही जनता को जागरूक करने के लिए बड़े स्तर पर बैनर पोस्टर लगाए जाए द्य एडीजी ने कहा की मेले में आने वाले कल्पवासियों की सुरक्षा मुख्य लक्ष्य है, इसके लिए हर संभव उपाय किए जा रहे है। गंगा नदी में गहरे पानी में संकेतक लगाए गए हैं, साथ ही गोताखोरों की भी तैनाती की गई है। मेले में किसी प्रकार के अप्रिय घटना से निपटने के लिए फ्लड पीएसी की कंपनी भी तैनात रहेगी। साथ ही जिला प्रशासन के सहयोग से मेले में साफ सफाई सहित बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर काम किया जा रहा है। एडीजी के निरीक्षण के दौरान डीएम, एसपी, एडीएम, सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## विशाल स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** जिला कारागार कानपुर नगर में अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति तथा वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल, कानपुर नगर के संयुक्त तत्वाधान में वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जेल अधीक्षक डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय ने बताया कि कारागार में चिकित्सा शिविर के आयोजन से पूर्व में ही बंदियों की सूची तैयार कर ली गयी थी। अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति तथा वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल द्वारा कारागार चिकित्सालय में एक वृहद निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल के निदेशक डॉ0 गोविन्द त्रिवेदी अपने हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ कारागार पहुंचे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ0 गोविन्द त्रिवेदी-हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ0 ए0के0 सिंह-फिजियोथेरेपिस्ट, तथा डॉ0 संजय श्रीवास्तव-जनरल सर्जन उपस्थित हुये।

## ई-कांटों की स्टांपिंग का कार्य पूर्ण कराया जाएगा

**कानपुर नगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में आज सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रानिक वेईंग मशीन सहित ई-पास मशीनों की स्थापना एवं संचालन के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जनपद में संचालित उचित दर दुकानों की संख्या के अनुसार ई-कांटें तथा ई-पॉस मशीनें शासन द्वारा निर्धारित वेंडर के माध्यम से पहुंचाई जाएंगी तथा उन्हें एक चयनित स्थल पर सुरक्षित रखा जाएगा। तत्पश्चात् विधिक बांट एवं माप निरीक्षकों द्वारा ई-कांटों की स्टांपिंग का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। साथ ही इस संबंध में उचित दर विक्रेताओं का प्रशिक्षण संपन्न कराया जाएगा। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत समस्त विकास खंडों में 1376 तथा नगरीय क्षेत्र में 696 उचित दर की दुकानें संचालित हैं। जिलाधिकारी द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रानिक वेईंग मशीन सहित ई-पास मशीनों की स्थापना एवं संचालन के संबंध में आयोजित बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए जिला पूर्ति अधिकारी यह सुनिश्चित करें।

## स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जयन्ती के अवसर पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा परिषद के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जयन्ती के अवसर पर पुष्पांजलि समारोह सचिव श्री अखिलेश गुप्ता जी के प्रतिष्ठान पर सायंकाल आयोजित किया गया। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ उपाध्यक्ष व शिक्षा विद् मृत्युंजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेकर उनके जन्म शताब्दी वर्ष 1963 में भारत विकास परिषद की स्थापना दिल्ली के भूतपूर्व महापौर लाला हंसराज व डॉ सूरज प्रकाश जी ने की थी। तभी से भारत विकास परिषद सेवा व संस्कार द्वारा समाज के सभी वर्गों के उत्थान के कार्य में लगा है। कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि आज भारत में परिषद की 1500 से अधिक शाखाएं व 75000 से अधिक परिवार नि÷स्वार्थ भाव से राष्ट्र कार्य कर रहे हैं। अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने स्वामी विवेकानंद जी के ध्येय वाक्य उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक नहीं रुको को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक कार्तिक जी, पत्रकार कपिल सोनी, विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, संघ के दायित्वधारी महेंद्र कौशल, बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेन्द्र परिहार, भाविप के संयुक्त सचिव सचिन पुरवार, सन्तोष पोरवाल, शिक्षक महेंद्र यादव, अखिलेश गुप्ता ने भी स्वामी विवेकानंद जी के विराट व्यक्तित्व से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को प्रस्तुत किया।

# मतदाताओं ने मुझे आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजने का कार्य किया हैः जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रू. 129.59 लाख की लागत से खरगजीत नगर में स्थित श्री नार्दानंद ऋषि आश्रम, रू. 125.66 लाख की लागत से विकास खंड कुरावली के ग्राम तरौली में चण्डीमाता मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए कहा कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में ही नहीं वरन् पूरे प्रदेश के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के धार्मिक स्थलों को पुराना स्वरूप दिलाने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है।

उन्होने कहा कि जनपद की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है, इसी क्रम में जनपद में रू. 72 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक म्यूजियम, ऑडोटोरियम के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, इस परियोजना पर 15 फरवरी तक कार्य प्रारंभ होगा। उन्होने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में रू. 150 करोड़ जनपद को पर्यटन विभाग द्वारा अवमुक्त किया गया है, मैनपुरी को जल्द ही बाईपास का तोहफा मिलेगा, रू. 700 करोड़ का ऑगणन शासन में पंहुच चुका है, अगले वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री की अनुकंपा से रू. 700 करोड़ अवमुक्त होगा और इससे 20 किमी. लम्बा बाईपास बनेगा, बाईपास बनने से जनपद के विकास को नई गति मिलेगी, जल्द ही जनपद को मेडिकल कॉलेज का तोहफा मिलेगा, प्राइवेट सेक्टर के बड़े इन्वेस्टर्स से इस सम्बन्ध में निरतंर चर्चा चल रही है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के निर्देशन में प्रत्येक जनपद में दि. 14 जनवरी से 22 जनवरी तक श्रीराम, बाल्मिकी, हनुमान मंदिरों में निरतंर भजन-कीर्तन, रामायण निरतंरता के साथ आयोजित होंगे यही नहीं अध्योध्या की धरती पर 14 देशों की रामलीला 20 प्रांतों के कलाकारों द्वारा रामलीला का प्रस्तुतीकरण, हिन्दुस्तान के बड़े-बड़े देश-विदेश के कथावाचकों द्वारा 24 मार्च तक निरतंर कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। इस दौरान 01 दिन जनपदवासियों के लिए भी अयोध्या में कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होने कहा कि मैनपुरी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की कृपा से ही प्रदेश में पर्यटन विभाग के द्वारा कार्य कराये जा रहे हैं, मतदाताओं ने मुझे आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजने का कार्य किया, मतदाताओं के इस ऋण को चुकाने के लिए निरतंर विकास के कार्य कराये जायेंगे। नार्दानंद आश्रम में 54.85 लाख की लागत से कम्युनिटी हॉल, 46.24 लाख की लागत से पर्यटक परिसर का सौन्दर्यीकरण, 13.93 लाख की लागत से लाईटिंग, विद्युतीकरण, 10.58 लाख की लागत से प्रवेश बारामदा, 07.26 लाख की लागत से सार्वजनिक सुविधाएं, 03.34 लाख की लागत से म्यूरल आर्ट, 02.34 लाख की लागत से आन्तरिक पाथवे, 01.95 लाख की लागत से लैंडस्कैपिंग का कार्य प्रस्तावित है।

## शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास विकसित हो

**फर्रूखाबाद।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत ज़िला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फ़तेहगढ़ उच्च शिक्षण संस्थान के भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास नेतृत्व समूह में रहने की प्रवृत्ति आदि गुण विकसित करना है। पुस्तकीय ज्ञान से अतिरिक्त व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने हेतु शासन द्वारा भ्रमण कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। भ्रमण प्रभारी प्रवक्ता संघमित्रा भास्कर ने बताया कि जनपद के उच्च शैक्षिक संस्थान मेजर एस ड़ी आयुर्वेदिक एवं पैरामेडिकल कालेज, मेजर एस डी सिंह विश्वविद्यालय, श्री बाबू सिंह जय सिंह पैरामेडिकल, शकुंतला देवी महाविद्यालय कायमगंज, सी पी इंस्टीट्यूट के अलावा सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र कन्नौज का भ्रमण कराया गया।

## राम प्रतिष्ठा को लेकर जिले के मंदिरों में हो धार्मिक कार्यक्रमः डीएम



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिले के समस्त राम मंदिर, हनुमान मंदिर व बाल्मिक मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन आदि कराने एवं मकर संक्रांति के दृष्टिगत तैयारी बैठक का आयोजन किया गया बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाए समस्त सरकारी भवनों की सजावट कराई जाए 22 जनवरी को सभी विद्यालयों में साफ सफाई व सजावट कराई जाए जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए की सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में 14 व 22 जनवरी को गरीबों को कंबल वितरण कराना सुनिश्चित करें नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान चलाने एवं शीतलहर से लोगों के बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये सभी सरकारी भवनों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में मंदिरों को चिन्हित कर उनकी साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कर उन पर कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करे जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सभी उप जिलाधिकारी सी ओ के साथ अपने अपने क्षेत्रों के सभी स्नान घाटों का निरीक्षण कर ले गोताखोर को तैयार रखे।

# आय, जाति, मूल निवास, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र जारी करने में किसी भी स्तर पर विलंब न हो

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह ने कैंप कार्यालय पर जन-समस्याएं सुनने के दौरान कहा कि विभिन्न रिक्तियों के सापेक्ष शिक्षित युवाओं को आवेदन करने के लिए आवश्यक आय-जाति-मूल निवास, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र तत्काल जारी किए जाएं, प्रमाण पत्र जारी करने में किसी भी स्तर पर विलंब न हो, आय, जाति, मूल निवास, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्रत्येक दशा में 02 दिन में निस्तारित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी जन-शिकायतों के निस्तारण के प्रति संवेदनशील रहें, किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायत का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापरक निस्तारण करें ताकि फरियादी को अपनी समस्या के निदान के लिए भटकना न पड़े, चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित प्रार्थना पत्रों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर औपचारिकताएं पूर्ण कराकर शासन को भेजी जाए ताकि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लाभार्थी को धनराशि मिल सके। उन्होने कहा कि सरकारी अधिकारी, कर्मचारी आमजन को संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने की दिशा में कार्य करें, संचालित योजना का लाभ पाने के लिए पात्र लाभार्थी का शोषण न हो, पात्र होने की दशा में उसे आसानी से योजना का लाभ मिले, निराश्रित, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन पाने से कोई भी वृद्ध, विधवा महिला, दिव्यांग वंचित न रहें। जन-सुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार के अलावा उदय चौहान आदि उपस्थित रहे।

# नव्य अयोध्या का दिव्यतम दीदार कराएगी फ्लोटिंग स्क्रीन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में नव्य, भव्य व दिव्य अयोध्या सज चुकी है। महज 9 दिन बाद दुनिया उस पल का




दीदार करेगी, जिसका 500 वर्षों से इंतजार था। आयोजन भव्यतम है तो इसका दीदार भी दिव्यतम होना चाहिए। इसी परिकल्पना के साथ योगी सरकार की मंशानुरूप यहां फ्लोटिंग स्क्रीन का निर्माण कराया जा रहा है। दावा है कि यह देश की सबसे बड़ी फ्लोटिंग स्क्रीन है, जो अयोध्या के विकास गाथा की अलग कहानी भी बयां करेगी। इसके लिए नगर निगम व सेंचुरी हॉस्पिटैलिटी-मेगावर्स एसोसिएट के मध्य अगस्त में एमओयू हुआ था। इस पर 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा और उसके बाद अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों को करीब से आगंतुक-पर्यटक व स्थानीय नागरिक देख सकेंगे। योगी आदित्यनाथ की सांस्कृतिक अयोध्या सजाने की थीम को इसके जरिए देश-दुनिया से आने वाले अधिक से अधिक लोग जानें, ऐसा प्रयास हो रहा है। दावा- यह देश की सबसे बड़ी स्क्रीन इसका निर्माण कराने वाली कंपनी के प्रबंध निदेशक अक्षय आनंद ने बताया कि यह देश की अब तक की सबसे बड़ी फ्लोटिंग स्क्रीन होगी। 1800 स्क्वायर फीट की वेसेल का निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) की देखरेख में चल रहा है। इसकी स्क्रीन 1100 स्क्यवायर फ़ीट की होगी। अयोध्या के चौधरी चरण सिंह घाट पर नवंबर के प्रथम सप्ताह में इसका निर्माण शुरू हुआ था, बाद में इसे आरती घाट पर लगाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम से अगस्त में एमओयू किया गया था। योगी के सांस्कृतिक अयोध्या की थीम को अवलोकित करेगा फ्लोटिंग स्क्रीन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 8 थीम पर अयोध्या को प्रकाशमान करने की योजना बनाकर यहां का निरंतर विकास सुनिश्चित करा रहे हैं। इसी क्रम में सांस्कृतिक अयोध्या के दृष्टिगत भी इसे नई उड़ान दी जा रही है।

# थल, नभ और जल से अभेद्य हुई रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सीएम योगी अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अति संवेदनशील हैं। ऐसे में धाम की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए योगी सरकार थल, नभ और जल से रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर रही है। इसके तहत मैनुअल एजेंसियों की तैनाती के साथ टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। योगी सरकार ने जहां धाम में एटीएस, एसटीएफ, पीएसी, यूपीएसएसएफ समेत यूपी पुलिस की भारी-भरकम फोर्स को तैनात किया है, वहीं टेक्नोलॉजी के लिहाज से एआई, एंटी ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है। वहीं सरयू नदी और घाटों पर एनडीआरएफ की टुकड़ी को तैनात किया गया है। इसके साथ ही अयोध्या में मेहमानों की सुरक्षा के लिए बार कोडिंग का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। फोर्स को दी जा रही बिहेवियर ट्रेनिंग अयोध्या आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर अयोध्या में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा धाम की सुरक्षा को लेकर इसे दो जोन



रेड और यलो में बांटा गया है। केंद्रीय एजेंसी में सीआरपीएफ, एनडीआरएफ भी तैनात की गई है। साथ ही इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ का भी सहयोग लिया जा रहा है। धाम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 100 से अधिक डीएसपी, लगभग 325 इंस्पेक्टर व 800 उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया है जबकि मुख्य समारोह से पहले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 11,000 जवान तैनात किये जाएंगे। वहीं वीआईपी सुरक्षा के लिए तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 इंस्पेक्टर के साथ एक हजार से ज्यादा कॉस्टेबल और 4 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। आईजी ने बताया कि कार्यक्रम को देखते हुए और फोर्स को बढ़ाया जा रहा है। वहीं किसी भी स्थिति में चूक की कोई गुंजाइश न रहे इसके लिए सुरक्षा कार्य में लगी सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय हो इस पर भी फोकस किया जा रहा है। चाक-चौबन्द रेल सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। जीआरपी को पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त सुरक्षाबल दिए गए हैं। धाम में तैनात फोर्स को श्रद्धालुओं और मेहमानों के साथ व्यवहार को लेकर बिहेवियर ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शनीय स्थलों की जानकारी देने के लिए 250 पुलिस गाइड की तैनाती की गई है। इसके अलावा 14 जनवरी को डिजिटल टूरिस्ट एप को लांच किया जाएगा। अयोध्या धाम को 12 एंटी ड्रोन सिस्टम से किया गया लैस उत्तर प्रदेश सरकार धाम की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है। इसके तहत नगर निगम के आईटीएमएस, पुलिस के माध्यम से सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम एवं पब्लिक सीसीटीवी के माध्यम से पूरे शहर की निगरानी की जा रही है। इसके लिए पब्लिक सीसीटीवी के 1500 कैमरों को आईटीएमएस से इन्टीग्रेट किया गया है।

## व्यापारियों ने निकाली राम धुन गाते हुए पदयात्रा

**अयोध्या।** शहर के राम पथ पर प्रथम बार सहादतगंज से राम जन्म भूमि तक व्यापारियों ने राम धुन गाते हुए पदयात्रा व जनसंपर्क ढोल नगाड़े मजीरे के साथ पूरा किया, पदयात्रियों का जगह जगह आम जनता व व्यापारियों ने फूल मालाओं से स्वागत व जलपान कराते हुए यात्रा में शामिल हुए, व्यापार अधिकार मंच के संयोजक भाजपा नेता सुशील जायसवाल के नेतृत्व में राम जन्मभूमि पहुँच कर सभी ने दर्शन पूजन किया, इस दौरान व्यापारी नेता सुशील जायसवाल ने बताया कि लगभग 500 वर्षों के बाद भगवान श्रीराम लला 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ भव्य एवं दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे, उसी को ध्यान रखते हुए हम सभी ने राम पथ पर लगभग 11 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले है.. 14 वर्षों के बाद जब भगवान राम अयोध्या आए थे तो दीपावली मनाई गई थी उसी तरह प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर घर पर हम सभी महा दीपोत्सव के रूप में मनाएंगे।

## सांसद ने आमजन को दिलाई पंचप्रण की शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड हरख के ग्राम पंचायत दौलतपुर मोहब्बतपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया और प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, उज्जवला कनेक्शन, शौचालय, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को सांसद श्री रावत ने पंचप्रण की शपथ दिलायी। समस्त योजनाओं के स्टाल पर बैठे कर्मचारियों, अधिकारियों को योजनाओं से वंचित पात्र लोगों का रजिस्ट्रेशन कर संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर



बीडीओ संदीप श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, जिलाध्यक्ष कि.मो.आशुतोष अवस्थी, प्रमोद वर्मा, दिलीप वर्मा, बृजेश वर्मा, चन्द्रमोल वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, अजय वर्मा, संदीप पाण्डेय, उर्मिला रावत, सुरेश रावत, कुलदीप शर्मा, जितेन्द्र वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ने कार्यकर्ता सम्मेलन एवं खिचड़ी भोज का किया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे ने कार्यकर्ता सम्मेलन कर खिचड़ी भोज का आयोजन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिदजाफर मीसम ने किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम ने नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव बृजेश सिंह चौहान व महानगर अध्यक्ष भगवान दीन निषाद को माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां आज भारतीय जनता पार्टी केवल ठगने का काम कर रही और समाज में दुष्प्रचार का काम कर रही है उन्होंने कहां समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ने रोजगार देने का काम किया उन्होंने आवाहन किया आने वाले



2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर इंडिया गठबंधन को सभी 80 सीटों पर चुनाव जिताना ही एक लक्ष्य है पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए 2024 का चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है दादा जयशंकर पांडे ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी भगवान राम का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना चाहती है जिसको हमें बेनकाब करने की जरूरत है जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा हर बूथ पर महिलाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है क्योंकि चुनाव जीतने के लिए बूथ को मजबूत होना आवश्यक है महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने के लिए कहा उन्होंने कहा सभी बूथ प्रभारी अपनी बूथ कमेटी को जल्द से जल्द गठन करके लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाए आज भारतीय जनता पार्टी झूठ का सहारा लेकरचुनाव जीतना चाहती है हमें इनके झूठ जनता के सामने बेनकाब करना है और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के किए गए कार्यों को जनता को बताना है महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद प्रदेश महासचिव दादा जयशंकर पांडे पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल सहित सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवनिर्मित सैनिक सम्मेलन कक्ष का लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना रामसनेही घाट में नवनिर्मित सैनिक सम्मेलन कक्ष का लोकार्पण किया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना रामसनेही घाट में पुलिसकर्मियों की समस्याओं हेतु सैनिक सम्मेलन, गोष्ठी हेतु नवनिर्मित सैनिक सम्मेलन कक्ष का लोकार्पण किया गया।

# हरियाली मिटाने को पीछे पड़ गए अपने, वन माफिया तो मुफ्त में बदनाम

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** घने कोहरे के बींच वन माफियाओ का आरा सरकारी पेड़ो पर धडल्ले से चल रहा है। बीते एक पखवाड़े मे तीन स्थानों से कई बेशकीमती पेड़ रातो रात कटकर गायब कर दिए गए। आश्चर्य तो इस बात का है कि जब वनकर्मी पहुंचे तो रात मे काटी गयी लकड़ी को कब्जे मे लेते हुए विभाग द्वारा कटवाने की बात कही।बताते चले कि मौजूदा समय मे सफदरगंज थाना क्षेत्र मे वन माफिया खुले आम ग्राम समाज की जमीन पर लगे पेड़ो को रातो रात काटकर गायब कर दे रहे है। गत 31 दिसंबर की रात्रि मे वन माफियों ने सफदरगंज दरियाबाद पक्की सड़क पर ग्राम मोहम्मदाबाद के निकट सड़क के किनारे लगे दो शीशम एव् एक बबूल के पेड़ काट डाले गये। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा तुषार कुमार ने मौक़े से लकड़ी बरामद करते हुए लकड़ी को निकट की तुरकानी नर्सरी मे इकट्ठा कर दिया और जब लोगो ने



शिकायत की तो वन दरोगा स्वय कटवाने की बात कर वन माफियों को खुली छूट दे रहे है। जबकि जानकारी मिली है उक्त पेड़ो को हल्का लेखपाल ने वन विभाग से मिलकर कटवाया है। 6 जनवरी की रात्रि को वन माफियाओ ने दरियागंज मजरे मुश्काबाद मे ग्राम समाज की पुरानी आबादी मे दर्ज भूमि पर लगे एक विशालकाय आम एव चिलवल के पेड़ को काटकर गायब कर दिया। 8 जनवरी की रात्रि को वन माफियों ने खानपुर इनायतपुर मे ग्राम समाज की भूमि पर लगे हरे भरे 6 आम के पेड़ो को बगैर परमिट के काटकर गायब कर दिया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के सेक्टर प्रभारी ने मामले को दबाने के लिए 3 पेड़ो का जुर्माना कर इतिश्री कर दिया।

## कोहरे में डिवाइडर से टकराई कार, पेट्रोल पंप मालिक की मौत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** शनिवार की सुबह भीषण कोहरे के चलते तेज रफ्तार कार अयोध्या लखनऊ हाइवे पर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में देवरिया के रहने वाले पेट्रोल पंप मालिक की मौके पर मौत हो गई जबकि कार चालक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। सूचना पाकर मृतक के परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में अयोध्या लखनऊ हाइवे पर पूरे लोधेसिंह गांव के पास शनिवार की सुबह करीब सात बजे तेज रफ्तार ब्रेजा कार (यूपी 52 एडब्लू 5175) हाइवे पर बने डिवाइड से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार पेट्रोल पंप मालिक मुन्ना कुमार जायसवाल (50) पुत्र नवाबचंद्र जायसवाल निवासी बरहज बाजार जिला देवरिया की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक बरहज बाजार निवासी बशीर (30) पुत्र चुन्नी बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। हादसे में बचे चालक बशीर ने पुलिस को बताया कि भोर में कोहरा अधिक था। जिससे रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा था। प्रभारी निरीक्षक रामसनेहीघाट ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि शनिवार की भोर बहुत अधिक कोहरा था। जिसके चलते यह हादसा हुआ है।

# छठ घाट की साफ सफाई कर 22 को दीपोत्सव की तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बलिया नाला छठ घाट, जिला उद्योग पोखरा, हनुमानगढ़ी स्थित हनुमान मंदिर और रामजानकी मंदिर का निरीक्षण कर 22 जनवरी को राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के के संदर्भ में निरीक्षण कर साफ सफाई और दीपोत्सव आयोजित करने के संदर्भ में निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बलिया नाला स्थित छठ घाट को देखा और नाले और छठ घाट की साफ-सफाई कर 22 को दीपोत्सव आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने हनुमानगढ़ी स्थित हनुमान मंदिर और रामजानकी मंदिर को भी देखा और नगर पालिका को मंदिरों के रंग-रोगन हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अवसर पर घाट और मंदिरों को सुंदर ढंग से सजाएं। उन्होंने जिला उद्योग स्थित पोखरे का भी अवलोकन करते हुए उसकी साफ-सफाई और सजावट के विषय में जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एक



बेहद महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है और इसके संदर्भ में शासन के निर्देशानुसार सभी मंदिरों और सार्वजनिक भवनों की साफ-सफाई और साजसज्जा को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की इस अवसर पर मंदिरों में भजन कीर्तन आदि का भी आयोजन करें। इस अवसर पर एसडीएम सदर दिनेश कुमार मिश्रा, ईओ नगर पालिका परिषद आलोक कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## 15 शीशी देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिसवा बाज़ार(महराजगंज)।** थानाक्षेत्र के रायपुर मे मुखबिर के सुचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ कर उसके पास से 15 शीशी देशी शराब बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार की रात उप निरीक्षक ध्रुवनारायण सिंह हमराही कांस्टेबल अरुण यादव के साथ क्षेत्र मे गस्त कर रहे थे और आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव मौजूद थे तभी मुखबिर के सुचना पर पुलिस ने व्यक्ति को पकड़ कर तलाशी ली जिसके पास से 15 शीशी देशी शराब बरामद किया गया। इस मामले मे शराब ले जा रहे मनसाछपरा निवासी शनि गौड़ के विरुद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत किया है।

## मकरसंक्रांति से पूर्व पश्चिम बंगाल की पुरलिया में साधू-संतों पर हमला महाराष्ट्र के पालघर घटना की पुनरावृत्ति :शरद शर्मा

**अयोध्या।** हिन्दू पर्व मकरसंक्रांति से पूर्व पश्चिम बंगाल के पुरलिया में साधूसंतों पर हमला महाराष्ट्र के पालघर घटना की पुनरावृत्ति है।यह ममता सरकार की तुष्टिकरण का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में भगवाधारी संत भक्त सुरक्षित नही है।विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने पुरलिया घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ममता सरकार में जंगल राज कायम हो गया है जहाँ पशुवत व्यवहार किया जा रहा है।ममता सरकार की तुष्टिकरण नीति से साधु-सन्तों में भय व्याप्त हो गया है। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष महाराष्ट्र में जिस प्रकार से निरीह साधु-संतों को बर्बरता पूर्वक मौत के घाट उतार दिया गया ठीक उसी प्रकार पश्चिम बंगाल में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है।

# पनियरा में अयोध्या से आया पूजित अक्षत पाकर भाव विभोर हुए लोग

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का अभियान चल रहा है। उसी क्रम में पनियरा के अनंतपुर मोथई 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की अपील की जा रही है,जय श्रीराम का जयघोष कर कार्यकर्ता अक्षत वितरण का कार्य कर रहे है। कार्यकर्ता लोगों से 22 जनवरी को पूजा, कीर्तन करने व शाम को भव्य दीपावली मनाने की भी



,कनैला,मौलागंज, ग्रामसभा में पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम अभियान प्रमुख योगेन्द्र व खण्ड कार्यवाह दीपक जी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ। पनियरा खण्ड संघचालक रामचंद्र ने बताया की पनियरा ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत वितरण अभियान कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर अपील कर रहे है। ज़िला प्रचार प्रमुख जीवेश मिश्रा ने बताया की अब तक कुल डेढ़ लाख हिंदू परिवार तक अक्षत ,श्री राम मंदिर का चित्र व निमंत्रण पत्र वितरित हो चुका है।14 व 15 जनवरी को पूरे ज़िले में महासंपर्क अभियान चलाया जायेगा जिसमे 300 टोलीया घर घर जाकर पूरे जनपद में पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र देने का कार्य करेंगे ।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बन रहा आत्मनिर्भरः बजरंग बहादुर सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के कम्हरइयआ बुजुर्ग व कोल्हुई बाजार में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है और नरेंद्र मोदी जीके नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी जीके गारंटी की गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा में गांव गांव में पहुंच रही है जिसके माध्यम से जन सामान्य को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी तो हो ही रही है साथ ही साथ हमारे अधिकारी व कर्मचारी गण यात्रा में पहुंच कर सीधे जनता से रूबरू होते हुए उनके समस्या का निदान भी कर रहे हैं।इस यात्रा के माध्यम से लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए सभी को 2047तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने, व नागरिक कर्तव्यों को निभाने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज किसान, युवा, गरीब, महिला सभी को सुबिधाए प्रदान की जा रही है तथा बिना किसी लीकेज के उनके खाते में आवास, किसान सम्मान, मातृत्व लाभ, शौचालय आदि का पैसा पहुंच रहा है। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को और मजबूत करने का जनता से अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने की।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख उदयराज अनिल मिश्र, रामकेश, फेंकू नायक,तमेश्वर जायसवाल, ट्विंकल पाण्डे, रामकृष्ण, राहुल सिंह, दिनेश रऔनइयआर,दिलीप मौर्या सीता राम, श्री राम,ओम प्रकाश त्रिपाठी, इसराइल खां, राजाराम सहानी, उमाकांत मिश्र सहित सैकड़ों



कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पत्रकारों को साल व डायरी तथा कलम देकर सम्मानित किया गया।

## पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट, मुकदमा

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** थानाक्षेत्र के गौरा दूबे की एक महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में पट्टीदारों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की माग की है। गौरा दुबे निवासी रेगयी ने कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पैसे के लेनदेन को लेकर उनके ही पट्टीदारों द्वारा मारपीट किया है जिससे उसको काफी चोट आई हैं। मामले में पुलिस ने आरोपित गब्बर, गणेश, बेडली व गम्मल निवासी गौरा दुबे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

## अचानक कटी माइनर, 100 बीघे से अधिक फसल हुई जलमग्न किसान आक्रोशित

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** शुक्रवार देर रात खरगवापुर माइनर अचानक कट गई। जिससे आस पास की करीब 100 बीघे से ज्यादा फसलें जलमग्न हो गई। सुबह खेत गए किसान पानी भरा देख हैरान रह गए और सींचपाल को सूचना दी। शनिवार की दोपहर से नहर पटरी की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। जानकारी के अनुसार दरियाबाद क्षेत्र के मथुरानगर रजबहा से निकली खरगवापुर माइनर मुरारपुर गांव के पास कट गई। माइनर कट जाने से आस पास के खेतों में सिल्ट जमा हो गई। वहीं करीब 199 बीघा से ज्यादा खेतों में फैल गया। खेतों में लगी गेहूं, सरसों व आलू आदि फसलें जलमग्न हो गई। किसान मनीष, रामहेत, नीरज, लवकुश, रामदीन आदि किसानों के खेतो में जल भराव हो गया। जिससे खेत मे लगी गेंहू की फसल बर्बाद होने की बात किसानों द्वारा कही जा रही है। किसानों ने कहा कि माइनर की पटरी मुरारपुर गांव के पास शुक्रवार की रात में धंसने लगी थी जिसकी सूचना अधिकारियों को दी गई थी। उसी समय मरम्मत कार्य होता तो यह नौबत नहीं आती। किसानों ने कहा कि खेतों में ज्यादा पानी भर जाने से फसलें तो बर्बाद हो गई हैं अब समय भी नहीं बचा है कि दोबारा फसलों की बुवाई की जा सके।

## विशेष स्वच्छता अभियान के संबंध में वेबिनार

**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विशेष स्वच्छता अभियान के संबंध में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत के साथ-साथ जिला पंचायत के सदस्य व जिला पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा समस्त ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों को 14 से 21 जनवरी तक सफाई अभियान आयोजित करने व अधिक से अधिक जनसामान्य को उपरोक्त सफाई अभियान हेतु प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए गए।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मो. इदरीस पटवारी को बनाया जिले का उपाध्यक्ष

## पटवारी को सिद्धार्थनगर का उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर लगा बधाई देने वालों का तांता



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शनिवार को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बांसी मो इदरीश पटवारी को समाजवादी पार्टी सिद्धार्थनगर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अपने इस मनोनयन पर मोहम्मद इदरीश पटवारी ने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपा है उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे। मो इदरीश पटवारी के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक माता प्रसाद पाण्डेय, जिला अध्यक्ष लालजी यादव, विधायक सैयदा खातून, पूर्व राज्यसभा सदस्य आलोक तिवारी, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव चमन आरा राईनी, बचाई यादव, रामफेर यादव, अजय चौधरी, एडवोकेट मेंहदी रिजवी, अनूप यादव, कलाम सिद्दकी, सैयद कुतुब, सुरेश यादव, बरकत अली, कपिलदेव अरुण गुप्ता, बुधिराम प्रजापति आदि ने बधाई दिया है।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में डीएम एवं एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा थाना शोहरतगढ़ में उपस्थित होकर लोगो को समस्याओं को सुना गया। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लेखपालो को निर्देश दिया कि 14 जनवरी को मुख्यमंत्री जी द्वारा अयोध्या में स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। इस दिन जनपद के नगर पालिका/नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों में बृहद रूप से स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया जाये। कहा कि वरासत का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। उ0प्र0 सरकार द्वारा पुलिस भर्ती प्रक्रिया का आवेदन का कार्य चल रहा है इसमें बच्चो को जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र की आवश्यकता पड़ती है। सभी लेखपाल यह सुनिश्चित करें की बच्चो को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। आईजीआरएस के प्रकरण किसी भी स्तर पर लम्बित न रहे। ईडब्ल्यूएस कोटे का भी आवेदन बच्चो द्वारा किया जा रहा है उस पर विशेष ध्यान देकर सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। थाना समाधान दिवस के अवसर पर 2 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1 प्रकरण खेत से जल निकासी से संबधित तथा 1 प्रकरण भूमि से संबधित था दोनो प्रकरणो को उपजिलाधिकारी को निस्तारित कराने हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित पुलिस कर्मियों व लेचापालों को निर्देश दिया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा किया जाना है। इसे दृष्टिगत रखते हुए उ0प्र0 शासन/जनपद स्तर पर जो भी निर्देश दिये गये हैं, यथा 16 से 22 जनवरी तक मन्दिरो में रामायण पाठ, लाइटिंग, सजावट आदि कार्य कराया जाना है। उसे प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ राजकुमार पाण्डेय, अन्य अधिकारी/कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणो को दी गई योजनाओं की जानकारी

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत



ग्राम पंचायत करुआवल कला मे गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत शुक्रवार को चौपाल लगाकर प्रधान की अध्यक्षता में व ग्राम सचिव सुशील की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। सचिव ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान कराने के उद्देश्य से गांव मे चौपाल का आयोजन किया जाता है। लोगों को लाभकारी रोजनाओं को लाभ लेना चाहिए परिवार में जन्म हो या मृत्यु 21दिनो के अन्दर आनलाईन करा कर प्रमाण पत्र बनवा ले। प्रधान प्रतिनिधि निसार अहमद ने कहा की सरकार जो भी योजना चला रही है पात्र व्यक्ति को लाभ लेना चाहिए सरकार हर व्यक्ति के लिए योजना चलाती है। इस दौरान तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का सम्मेलन आज

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े व्यवसायियों के हक, सम्मान तथा ठेला, सड़क की पटरी व रेहड़ी व्यापार कर रहे व्यवसायियों को उचित स्थान दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन रविवार को स्टेशन रोड स्थित जेपी ग्रांट पैलेस में सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन ने देते हुए बताया कि उक्त सम्मेलन में नगर क्षेत्र अंतर्गत ठेला, सड़क की पटरी व रेहड़ी व्यापार कर रहे व्यवसायियों को व्यापार हेतु उचित स्थान दिलाने के लिए शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मांग किया जायेगा। उन्होंने सभी व्यापारियों से सम्मेलन में सहभागिता करने की अपील किया है।

## पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया



**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर के प्राथमिक विद्यालय पर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें रजिस्ट्रेशन कर पशुओं की जांच कर दवा व मिनरल मिक्चर वितरित कर पशुओं के निरोग रखने के टिप्स दिए। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान सच्चिदानंद यादव, इंद्र कुमार चौधरी, डा फजील खान ने फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सच्चिदानंद यादव ने कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले के माध्यम से पशुपालकों के दरवाजे तक सेवाएं दे रही है। जिससे पशुपालकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके और उनकी आमदनी बढ़ाई जा सके। पशु चिकित्साधिकारी डॉ फजील खान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुओं की जांच समय-समय पर होना नितांत आवश्यक है। सरकार मोबाइल वेटरनरी की सुविधा दी है। आप लोग टोल फ्री नंबर पर फोन कर अपने दरवाजे पर चिकित्सकों की टीम बुला सकते हैं। साथ ही साथ सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। प्रधान प्रतिनिधि पंकज पांडे ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किए। मेले मे डा वशिष्ठ पांडे, विमल कुमार, इंद्र कुमार चौधरी, ओमकार चौधरी, राजेश यादव, रमेश चौधरी, जिया लाल यादव, राधेश्याम, ओम प्रकाश यादव, सावित्री यादव, पिंटू पांडे, झिनकान गुप्ता, जालू यादव, कुंतल पांडे, रामप्रीत, सुखदेव, पिंटू पांडे, बब्बू पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** विधानसभा के विकास खंड बांसी अंतर्गत ग्राम सभा विमौआ तथा रमटिकरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में किया गया।जिसमे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राकेश कुमार पटेल सहित बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग,तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,कृषि विभाग आदि विभागो के स्टाल लगाकर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया तथा वहां उपस्थित सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार के स्टाल पर सांसद जगदंबिका पाल के द्वारा गोद भराई व बच्चो को अन्नप्राशन कराया गया चौपाल में उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि यह भारत काअमृतकाल चल रहा है और आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ कि जबसे हमारी डबल इंजन की सरकार आयी गांव में जा कर योजनाओं का लाभ पात्रों तक उनके घर पहुंचा रही है तथा गांव में चौपाल लगाकर सभी को योजनाओं का लाभ दिला रही है जो पात्र है किन्ही कारणों से छूट गए हैं उनका उसी गांव में ही चयन करके तुरंत रजिस्ट्रेशन करा रही है ताकि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके आज मोदी है तो गारंटी है जो हमारे देश के प्रधानमंत्री कहते हैं उसको पूरा करने का कार्य करते हैं विकसित भारत संकल्प यात्रा में वैन का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा कि यह मोदी जी की गारंटी वैन आप लोगो के बीच आई है आपके गांव में आपका सांसद आप सबकी समस्याओं को सुनने के लिए तथा योजनाओं का लाभ बताने के लिए स्वयं आया है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से महत्वपूर्ण कोई कार्यक्रम नहीं है सभी अधिकारी आपके गांव में है ताकि गांव के लोगों को दफ्तरों तक चक्कर न लगाना पड़े सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए सांसद ने कहा कि हमारी सरकार की जो भी योजनाएं आयी चाहे वह सौभाग्य योजना के अंतर्गत कनेक्शन की बात हो या पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत हर घर में बिजली पहुंचाने की बात हो सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचा है ताकि आपको सरकार की योजनाओं के लिए कहीं जाना ना पड़े अधिकारी गांव में आकर उन योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचावे, चाहे उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन की बात हो या किसानों के लिए किसान सम्मान निधि की बात हो जो पात्र हैं उनको सभी योजनाओं का लाभ मिले कोई भी गरीब परिवार सरकार की किसी भी योजनाओं से वंचित न रहे चाहे वह वृद्धा पेंशन हो विधवा पेंशन हो या आवास हो या पात्र गृहस्थी के तहत राशन देने का कार्य हो यदि वह पात्रता की श्रेणी में आता है तो उसे सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिले तथा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड हर हाल में सभी का बनना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति धन के अभाव में इलाज से वंचित न हो, सांसद ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 80 करोड लोगों को मुक्त खाद्यान्न मिल रहा है ताकि कोई परिवार भूखा ना सोए सबको आवास मिल रहा है ताकि गरीब के सर पर भी छत हो तथा सांसद ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प का शपथ भी दिलाया मंडल अध्यक्ष देहात संजय श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी लोगों को सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी लालजी शुक्ल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी ऊषा दुवे भाजपा मंडल अध्यक्ष देहात संजय श्रीवास्तव, अशोक सिंह,संजय सिंह, अमर नाथ सिंह, श्याम सुंदर अग्रहरि, मनोज त्रिपाठी, भाजपा प्रमुख प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार मिश्र, दुर्गा प्रसाद तिवारी, चंद्रभान तिवारी किसान सहायक प्रवीण उपाध्याय, आईएसबी किरन सरोज, प्रियंका मिश्रा, सीएचसी बसंतपुर की मेडिकल टीम में सीएचओ मनीषा विनीता मिश्रा, शकुंतला मिश्रा, एनम सीमा आगनवाड़ी टीम मे सुमानत्री देवी, नन्दनी देवी, किरन देवी, उर्मिला देवी सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से मंजू देवी द्वारा स्टाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया। अंत में लोकप्रिय सांसद जगदंबिका पाल द्वारा गरीब महिलाओं में ठंड से बचने हेतु कंबल वितरण किया गया।

# डीएम व एसपी ने किया कस्टम कार्यालय का निरीक्षण, दिया दिशा-निर्देश

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इंडो नेपाल खुनुवा बार्डर पर शनिवार को डीएम व एसपी ने औचक निरीक्षण किया। इंडो नेपाल खुनुवा बार्डर पर शनिवार को डीएम पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह ने



अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अन्तर्गत सुरक्षा के दृष्टिगत से पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम सिद्धार्थ नगर पवन अग्रवाल ने मीडिया प्रतिनिधियो एवं उपस्थित नागरिकों को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद सिद्धार्थ नगर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी बार्डर पर सतर्कता बरती जा रही है। बार्डर पर लगे एसएसबी के जवानो को भी सुरक्षा के दृष्टिगत सतर्क रहने की आवश्यकता है जिससे जनपद सिद्धार्थ नगर में शान्ति व्यवस्था कायम रहे। एसपी सिद्धार्थ नगर प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों को एलर्ट रहने के निर्देश दिये गये है।रात्रि का गश्त पुलिस कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया। डीएम व एसपी ने कस्टम कार्यालय खुनुवा का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कस्टम इंस्पेक्टर अक्षय यादव को दिशा-निर्देश दिया और पकड़े गये यूरिया खाद के बारे मे ली जानकारी। इस दौरान डीएम पवन अग्रवाल, एसपी प्राची सिंह, एसएसबी सहायक कमांडेंट जसवंत, एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ राजकुमार पाण्डेय, कस्टम इंस्पेक्टर अक्षय यादव, चौकी प्रभारी खुनुवा महेश शर्मा आदि मौजूद रहें।

# खलनायक टीम कपिलवस्तु टीम को चार विकेट से हराकर बनी चैंपियन

**अवधनामा संवाददाता**



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शनिवार को जेडीस क्रिकेट क्लब कपिलवस्तु व खलनायक क्रिकेट क्लब भैसहवा के बीच खेला गया। मेजबान टीम भैसहवा ने कपिलवस्तु को 4 विकेट से हराकर चैंपियन बनी।

टास जीतकर कपिलवस्तु ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कपिलवस्तु के खिलाड़ियों ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सभी विकेट खोकर 137 रन बनाए। जिसमें शक्ति सिंह ने 14 गेंद पर 24 रन, कलीम ने 17 गेंद पर 23 रन, रिंकू पाल ने 10 गेंद पर 22 रन का योगदान दिया। खलनायक के तरफ़ से गेंदबाजी करते हुए धर्मेंद्र ने 3 ओवर में 19 रन देकर 7 विकेट , अक्षत ने 4 ओवर और धर्मवीर ने 3 ओवर में 1 - 1 विकेट चटकाए। जवाब में बल्लेबाज़ी करने उतरी खलनायक टीम ने लक्ष्य 137 रन का पीछा करते हुए 6 विकेट खोकर 15 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें कादिर ने 18 गेंद पर 50 रन, शशिकांत ने 16 गेंद पर 31 रन, धमेंद्र ने 4 गेंद पर 16 रन का योगदान दिया । खलनायक टीम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रूपेश कुर्मी ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट , रिंकू पाल ने 4 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट, शक्ति सिंह 3 ओवर में 32 रन देकर 1 विकेट, नइफ ने 2 ओवर में 48 रन देकर 1 विकेट चटकाए। 7 विकेट चटकाकर 16 रन की पारी खेलने वाले धर्मेन्द्र को मैन आफ द मैच चुना गया। जिन्हें चांदी का सिक्का दिया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, दुर्गा रॉय, उमेश पाण्डेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम, आयोजक नितेश पाण्डेय, अध्यक्ष अमित उपाध्याय, अजय उपाध्याय, सबलू साहनी, श्यामप्रकाश जयसवाल, चंद्र मोहन चौधरी, पंकज चौबे, राजेंद्र विश्वकर्मा, ओंकार यादव, शिव कुमार, सुनील जायसवाल, विवेक गोस्वामी, जाकिर हुसैन, वसीम खान, राकेश मिश्रा, अरूण जायसवाल, विनय वर्मा, कंचन वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, अरुण जयसवाल, नौशाद अहमद, शहजाद अहमद, राम बाबू, संदीप, विशाल कुमार, अबूशामा, विक्की, गोलू, श्यामबाबू, रविंदर सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## दबंगों ने दी धमकी

**बस्ती।** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत सदर तहसील में नायब तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय के बाहर बरामदे में दबंगों द्वारा युवक को असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया गया युवक ने थाना कोतवाली को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि कोतवाली थाना अंतर्गत बड़ेवन बाईपास मड़वा नगर निवासी मनीष कुमार उपाध्याय पुत्र प्रेम प्रकाश उपाध्याय द्वारा नायब तहसीलदार के यहां एक मुकदमे में आपत्ति के सिलसिले में गए थे जहां पर दबंग विजय प्रकाश त्रिपाठी पुत्र राम प्रकट त्रिपाठी संतोष कुमार पांडे पुत्र कटेश्वर प्रसाद पांडे द्वारा मनीष कुमार उपाध्याय को असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया गया।

# जिला स्टेडियम का नामकरण पूर्व मंत्री स्व. धनराज यादव के नाम करने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्टस स्टेडियम का नाम भाजपा के शासनकाल में पूर्व काबीना मंत्री रहे स्व. धनराज यादव जी के नाम करने के लिए जिला ओलपिंक संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने की है। उन्होंने पीएम, सीएम समेत केंद्रीय खेल मंत्री, प्रदेश के खेल मंत्री के अलावा खेल विभाग के उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र भेजा है। पत्र में अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में जिला स्पोर्टस स्टेडियम का नाम किसी महान व्यक्ति, पुरुष अथवा अन्य विशेष व्यक्तियों के नाम करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पिछले 6 माह पूर्व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक में प्रस्तावित कई नामों में से एक नाम स्व. धनराज यादव का भी था। स्व. धनराज यादव जनसंघ काल से वर्ष 2002 के पहले तक सिद्धार्थनगर जिले के सदर विधानसभा सीट नौगढ़ (अब कपिलवस्तु) से विधायक रहे चुके हैं। वह कल्याण सिंह, राजनाथ सिंह, राम प्रकाश गुप्त के मंत्रिमंडल में बतौर राज्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक स्व. धनराज यादव के नाम पर बांसी के विधायक एवं प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रहे वर्तमान में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष (पूर्व मंत्री के पुत्र) गोविंद माधव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रोत्साहन समिति के कई सदस्यों की ओर से लिखित और मौखिक सहमति जताई जा चुकी है। उन्होंने जिला स्पोर्टस स्टेडियम का नाम पूर्व मंत्री स्व. धनराज यादव के नाम करने की दिशा में अपने स्तर से कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# बालिका सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला 2024 का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**




**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत 'बालिका सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला'-2024 का समापन कर्मचारी विकास केन्द्र में हुआ। कार्यक्रम में एनटीपीसी के अनेक वरिष्ठ कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला की बालिकायें व ई-सोल्यूशन फेकेल्टी की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी ने सभी का स्वागत क़िया। साथ ही बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला की बालिकाओं ने सभी अतिथियों का पुष्प देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जेम बालिकाओं द्वारा सप्ताहभर प्रशिक्षण उपरान्त सीख पर सुंदर प्रस्तुति की गई। साथ ही बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए। उक्त सभी कार्यक्रमों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। साथ ही बालिकाओं की प्रतिभाओं को भी सराहा गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) रजनीश खेतान ने कहा की एनटीपीसी बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति समर्पित है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के आत्मविश्वास की प्रशंसा की। उन्होंने सफलता प्राप्त करने के लिए लड़कियों को पहले अपने दिमाग में उस लड़ाई को जीतने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अभियान के इतिहास पर प्रकाश डाला और इसकी सफलता के लिए पूरी एनटीपीसी टांडा टीम को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि इन बालिकाओं में हुआ परिवर्तन एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान की सफलता की ओर इशारा करता है।इस अवसर पर उन्होंने बताया कि छ महीने पूर्व आयोजित हुई बालिका सशक्तिकरण मिशन कार्यशाला-2023 की बालिकाओं को पुनः इस साप्ताहिक अनुवर्ती कार्यशाला में बुलाकर प्रशिक्षण दोहराया गया इस समय अंतराल में एनटीपीसी बालिकाओं के सतत संपर्क में रहा है एवं साथ ही इनमें से चयनित बालिकाओं की बारहवीं तक की पढ़ाई का खर्च एनटीपीसी ही वहन कर रही है।

# गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी मिले आयुष्मान योजना का लाभ

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर समेत उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का भी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाने के लिए सिद्धार्थ प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने पीएम, सीएम समेत केंद्रीय एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के अलावा सूचना विभाग के निदेशक, स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों मे मान्यता प्राप्त पत्रकारों का आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत सभी जिलों में मान्यता प्राप्त पत्रकारों का एचएचआईडी नंबर जारी करते हुए मैपिंग भी दिया गया है। इसके लिए सिद्धार्थ प्रेस क्लब, सिद्धार्थनगर (उत्तर प्रदेश) प्रति धन्यवाद और आभार ज्ञापित करता है। अब गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का भी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनवाने की मांग उठ रही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का जिलों में संचालित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से अधिकृत सूची अथवा संबंधित समाचार संस्था (प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया) के जिम्मेदार यथा संपादक और जिला प्रभारियों से गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के अधिकार पत्र के आधार पर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनवाने का निर्णय लिया जाना उचित होगा। सिद्धार्थ प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने सिद्धार्थनगर समेत उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का भी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनवाने की दिशा में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# संस्था ने प्रधानाचार्य सुरेशलाल श्रीवास्तव का किया सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जिले के शिवपुर, गयासपुर के मूल निवासी तथा राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव को ज्ञान उदय फॉउंडेशन, कोटा, राजस्थान (नीति आयोग द्वारा पंजीकृत) के द्वारा नव वर्ष(2024) पर उसके निदेशक नागेश द्वारा आयोजित एक समारोह में बतौर एक कवि, लेखक, साहित्यकार व स्तम्भकार अर्थ में उनकी उपलब्धियों के लिए इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं आपको वर्ल्ड 7 वंडर्स रेडिएंट टेलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से उसके फॉउंडर व चीफ एडिटर क्रांती कुमार महाजन तथा नेशनल जूरी मेम्बर सेंसई आशीष श्रीवास द्वारा भी इन्हें इनकी उपलब्धियों के लिए नेशनल टेलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सम्मान प्रदान किया गया। जैसा कि विगत दो वर्षो के बीच सुरेश लाल श्रीवास्तव की 150 से अधिक साझा संग्रह में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। माँ, मानवता, सामाजिक व पारिवारिक मूल्य, जीवन मूल्य, मानव अधिकार, महान भारत विभूतियों तथा आज़ादी का अमृत महोत्सव पर काव्य सृजन एवं लेख लिखने वाले सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा इन दो वर्षो में 100 से अधिक ऑन लाइन काव्य गोष्ठियों में स्वरचित काव्य पाठ करने के सन्दर्भ में सम्मान पत्र प्राप्त हो चुके हैं।सम्प्रति 400 से अधिक सम्मान पत्र और तीन दर्जन से अधिक राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित सुरेश लाल को विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर भावना फाउंडेशन, साहित्य दर्पण की संस्थापिका भावना शर्मा द्वारा हिन्दी गौरव सम्मान 2024 प्रदान किया गया। भारत माता अभिनंदन संगठन, भिवानी, हरियाणा द्वारा काव्य शिरोमणि सम्मान 2024,भारत माता अभिनन्दन सम्मान 2024 से सम्मानित श्रीवास्तव को संगम अकादमी, कोटा, राजस्थान के संस्थापक ओम प्रकाश लववंशी द्वारा भी विश्व हिन्दी सेवा सम्मान 2024 से नवाज़ा गया। राष्ट्रीय हिन्दी मंच, इंदौर, मध्य प्रदेश द्वारा आगामी 21 जनवरी को आयोजित होने जारहे 11वें हिन्दी रक्षक अंतरराष्ट्रीय सम्मान 2024 के लिए भी सुरेश लाल श्रीवास्तव का चयन हुआ है।

## सत्यमेव जयते

बिल्किस बानो केस 2002 में गुजरात में हुये दंगे के दौरान का केस है। बलात्कार और हत्या को लेकर 11 आरोपियो को आजीवन करावास की सज़ा मिली थी। उस समय गुजरात में चुनाव आयोग को प्रशासन था। गुजरात सरकार ने अगस्त 2022 के आदेश के अनुसार दोषियों को मुक्त कर दिया था। बिलकिस बनो ने इसके खिलाफ पिटीशन कर रक्खी थे। सुप्रीम कोर्ट ने मुजरिमो को गुजरात सरकार के रिहाई के फैसले को निरस्त कर उन्हें 15 दिनों के अन्दर जेल में हाजिर होने का आदेश दिया है।

दोसमुक्त के आदेश में तकनीकी खामी थी। गुजरात सरकार के अधिकार में रिमिशन नही आता है। इस तरह के केसो में राजनीतिक हस्तक्षेप की शिकायत रहती है। रेप का शिकार विल्किस बानों भी थी। उनके दर्द को समझा जा सकता है। इस फैसले से सुप्रीम कोर्ट में लोगो का विश्वास और मजबूत होगा। देशवासियों को इस फैसले पर गर्व और प्रसन्नता है।

सीबीआई ने 2019 में इस केस जांच की थी। अभियुक्तो को स्वतन्त्र करने पर उनकी राय मांगी गयी थी। सीबीआई ने कहा था इस केस में नम्रता के लिये काई जगह नही है। दूसरे साल गुजरात के सम्बन्धित जिले के एसपी और कलेक्टर ने सीबीआई के निर्णाय को सपोर्ट किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने मुजरिमों की आजादी बिना सुनवाई का एक तरफा निर्णय माना इसे सजा को कम करने का निर्णय बताया। इसलिये मुजरिमों का जुर्म अपनी जगह पर कायम है। सजा और रीमीशन इक्सीक्यूटिव का क्षेत्र है। जिस समय रिमीशन दिया गया था उस समय जिला प्रशासन निरस्त था चुनाव आयोग का प्रशासन था। इस लिये कोर्ट ने सज़ा माफी को गैर कानूनी मान निरस्त कर दिया। गुजरात में चुनाव होने की वजह से मुकदमा महाराष्ट्र सरकार को भेज दिया गया था। सरकार ने माना कि उस रिमीशन का अधिकार गुजरात सरकार के पास नहीं था। इसीलिये कोर्ट ने सरकार के फैसले को अमान्य कर दिया। रीमीशन जूडिसियल सिस्टम का अंग है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला जूडिसियारी और देश के लिये आकाश दीप है जो सही रास्ते से भटकने नहीं देगा।

## क्या वास्तव में समाजवादी पार्टी सोशल मीडिया तक सिमट गई है?



बलिराम सिंह

तीन दिन पहले बीएचयू आईआईटी में दुष्कर्म की पीड़ित छात्रा के आरोपियों पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की आवाज को सुनकर मेरे एक वकील मित्र ने कहा कि कल तक प्रदर्शन एवं आंदोलन के लिए समाजवादी पार्टी जानी जाती थी, लेकिन आज समाजवादी पार्टी कहीं धरना-प्रदर्शन अथवा आंदोलन करते नजर नहीं आती है। सपा केवल सोशल मीडिया तक सीमट कर रह गई है। साथ में खड़े एक सेवानिवृत इंजीनियर ने कहा कि धरतीपुत्र के नाम से प्रसिद्ध मुलायम सिंह के नेतृत्व में कभी समाजवादी पार्टी नौजवानों, किसानों के मुद्दों को लेकर अक्सर



सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करती नजर आती थी। आंदोलन करती थी, जेलभरो आंदोलन करती थी, लेकिन आज अखिलेश यादव के दौर में समाजवादी पार्टी केवल सोशल मीडिया तक सीमट कर रह गई है। किसी भी घटना के दौरान सपा की तरफ से केवल एक प्रतिनिधिमंडल को घटना स्थल पर भेजकर खानापूर्ति कर दी जाती है।

हालांकि मेरे वकील मित्र के इतर समाजवादी पार्टी से नाता तोड़ने से पहले ही सुभासपा प्रमुख पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने आगाह करते हुए कहा था कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव को 'एसी' कमरे से बाहर निकल कर जमीन पर उतरना चाहिए। ओमप्रकाश राजभर के बयान पर सपा नेताओं ने ऐतराज जताया था, लेकिन अखिलेश यादव ने अपनी कार्यशैली में थोड़ा सुधार जरूर किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दौरा तेज कर दी। आज अखिलेश यादव एक दिन सहारनपुर में दिखते हैं तो दूसरे दिन बलिया में नजर आते हैं।

हालांकि जनता के मुद्दों को लेकर सपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन एवं आंदोलन को लेकर बात करें तो अभी भी सपा कहीं नजर नहीं आती है। चाहे बीएचयू आईआईटी में दुष्कर्म पीड़ित छात्रा की बात हो अथवा 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में कड़कती ठंड में धरने पर बैठे पीड़ित अभ्यर्थियों की बात हो अथवा किसानों का मुद्दा हो। कहीं भी पार्टी मुलायम सिंह यादव के दौर की समाजवादी पार्टी की तरह नजर नहीं आती है।

खास बात यह है कि दलित-पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को साधने के लिए अखिलेश यादव ने 'पीडीए' का राग अलापना शुरू किया है। उन्होंने दो दिन पहले पीडीए को ही अपना 'भगवान' बताया है, लेकिन सवाल उठता है कि क्या केवल भगवान कहने से पीडीए का भला हो जाएगा अथवा पीडीए की बुनियादी जरूरतों को लेकर पुरजोर ढंग से सड़क से लेकर विधानसभा के अंदर उठाने से उनका भला होगा।

69 हजार शिक्षक भर्ती में हुई धांधली मामले में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की टिप्पणी के बावजूद अभी तक पीड़ित अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिला। कड़कती ठंड में पीड़ित अभ्यर्थी इको गार्डन में धरना देने को मजबूर हैं। मजे की बात यह है कि इस मामले में विपक्ष में रहने के बावजूद समाजवादी पार्टी इसे मजबूती से नहीं रख पा रही है, जबकि सत्ता में रहने के बावजूद अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल इस मामले को लेकर ज्यादा मुखर दिख रही हैं। अनुप्रिया पटेल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के सामने निरंतर इस मामले को रख रही हैं। इसके अलावा कई ऐसी भर्तियां आई हैं, जहां पर पिछड़ों का कट-ऑफ सामान्य से ज्यादा रहा है, कई भर्तियों में पिछड़ों की सीटें बहुत कम आ रही हैं, लेकिन इन मुद्दों को भुनाने में समाजवादी पार्टी पिछड़ जा रही है।

योगी 2.0 सरकार के गठन को दो साल पूरे होने में महज दो महीने शेष रह गए हैं, लेकिन अभी तक उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का चेयरमैन नियुक्त नहीं हुआ। चेयरमैन पद रिक्त होने से पिछड़ों की समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही है। फाइलें धुल खा रही हैं। पीड़ित अभ्यर्थियों को अपनी शिकायतें लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होना पड़ रहा है। लेकिन इन मुद्दों को समाजवादी पार्टी द्वारा उठाते हुए नहीं देखा गया। अब सवाल उठता है कि क्या समाजवादी पार्टी का पीडीए राग केवल चुनावी मुद्दा है अथवा इस मुद्दे को लेकर सपा ठोस रणनीति के तहत काम करेगी। यह आने वाला समय बताएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों को ?ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया।

# श्रीराम के निमंत्रण को ठुकराने की अपरिपक्व राजनीति



ललित गर्ग

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर जहां अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है, वहीं भारत के असंख्य लोगों की आस्था एवं विश्वास को भी किनारे करते हुए आराध्य देव भगवान श्रीराम को राजनीतिक रंग देने की कुचेष्ठा की है। भले ही यह भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्चस्व का अनुष्ठान है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिष्ठा देते हुए कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहते हुए समारोह में भाग लेना चाहिए था। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए जा रहे हर फैसले भारत विरोधी शक्तियों को बल देने, कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने, जातीयता एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति को कायम रखने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है। कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में अयोध्या में मंदिर के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार देने का ही द्योतक है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है।

बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों को?ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया। आज भाजपा अपनी राष्ट्रीय अस्मिता एवं ऐतिहासिक भूलों को सुधारने काम कर रही है तो उसे राजनीतिक रंग देना मानसिक दिवालियापन एवं राष्ट्र-विरोधी सोच है। श्रीराम मंदिर राजनीति का विषय नहीं है बल्कि आस्था का विषय है। आस्था हर व्यक्ति की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। राम लला साढ़े पांच सौ वर्षो से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वह समय आ गया है, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है और आगामी 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने



वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्रीराम भारतीय समाज के आदर्श पुरुष रहे हैं, भारत की राजनीति के लिये वे प्रेरणास्रोत है, उन्हें केवल भाजपा या आरएसएस का बताने वाले भारत की जनआस्था से स्वयं को ही दूर कर रहे हैं, स्वयं को हिन्दू विरोधी एवं राम-विरोधी होने का आधार ही मजबूत किया है। अच्छा होता निमंत्रण ठुकराने की बजाय इस समारोह में उपस्थित होकर श्रीराम के प्रति एवं असंख्य लोगों की आस्था का सम्मान करते। इस तरह एक जीवंत परम्परा को झुठलाने एवं ठुकराने के निश्चित ही आत्मघाती दुष्परिणाम होंगे।

श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है। जनता की भलाई एवं आस्था को न देखकर कांग्रेस मुस्लिम एवं ईसाई वोटों को प्रभावित करने के लिये तथाकथित ऐसा निर्णय लिया है, जो उसकी हिन्दू विरोध मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने सदैव श्रीराम मंदिर आंदोलन से दूरी बनाकर रखी, मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में रोड़े अटकाए और जिसने सर्वोच्च न्यायालय में यह हलफनामा दिया हो कि श्रीराम का कोई अस्तित्व नहीं है, श्रीराम एक काल्पनिक पात्र हैं, उस कांग्रेस के नेताओं से यह अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है कि वे श्रीराम मंदिर निर्माण के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रसंग में उत्साह, उमंग एवं आनंद के साथ शामिल होंगे? कांग्रेस के इस निर्णय से हिन्दू मन के कांग्रेसी नेता अवश्य ही आश्चर्यचकित एवं दुःखी हैं। कांग्रेस के भीतर से ही कई नेताओं ने खुलकर यह कहने की हिम्मत दिखायी है कि ÷मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षो से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए।'' यहां प्रश्न यह भी है कि जब मंदिर निर्माण को मंजूरी देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया था, तो अब वे इसे केवल भाजपा का पार्टीगत मामला क्यों मान रही है? वास्तव में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल केवल एक ही तरीके से भाजपा को इससे होने वाले राजनीतिक लाभ को कम कर सकते है और वह तरीका शालीनता से इस समारोह में भाग लेना और इस बात पर जोर देना है कि श्रीराम सभी के हैं, उन पर किसी एक पार्टी या नेता का एकाधिकार नहीं है। लेकिन एक तरफ न्यायिक प्रक्रिया का स्वागत करना और दूसरी तरफ उद्घाटन-समारोह का न्योता ठुकराना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने वाली रणनीति है। भले ही कांग्रेस ने सारे नफा-नुकसान को देखकर अपनी धर्मनिरपेक्ष वाली वैचारिक छवि के साथ खड़ी रहने का फैसला लिया हो, लेकिन इस फैसले से सन्निकट खड़े लोकसभा चुनाव में उसे भारी नुकसान ही होगा। वैसे भी श्रीराम के बहुप्रतीक्षित धाम का निर्माण भाजपा का अपना निजी प्रोजेक्ट नहीं है, यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निष्पत्ति है और इसीलिए यह एक गैर-राजनीतिक घटना है। मंदिर-निर्माण की देखरेख के लिए न्यायिक रूप से स्वीकृत ट्रस्ट का गठन किया गया था और वही उद्घाटन-कार्यक्रम की व्यवस्था कर रहा है। भाजपा को श्रीराम मन्दिर बनने का राजनीतिक फायदा मिलना स्वाभाविक भी है। मंदिर निर्माण का बीड़ा भाजपा-संघ ने दशकों से उठा रखा था। शायद जब आडवाणी ने 1990 में रथ यात्रा शुरू की, तब इसकी प्रेरणा आस्था और राजनीति दोनों रही होगी, क्योंकि पार्टी को 1984 की अपमानजनक हार से उबारने के लिए एक मजबूत भावनात्मक मुद्दे की जरूरत थी। लेकिन आज इस भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा तब की जा रही है, जब पार्टी बहुमत से सत्ता में है और उसका नेतृत्व नरेंद्र मोदी जैसे करिश्माई नेता कर रहे हैं। यह स्वाभाविक ही है कि इसका लाभ भाजपा को मिलेगा, खासकर तब जब उद्घाटन चुनावों की पूर्व संध्या पर किया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन दलों के रुख पर ताज्जुब है। वास्तव में कांग्रेस एवं विपक्षी दलों का जोर तो श्रीराम पर भाजपा के बराबर ही दावा करने पर होना चाहिए था। उन्हें पुरजोर तरीके से कहना चाहिए था कि मंदिर-निर्माण उन सभी लोगों की जीत है, जो श्रीराम में विश्वास करते हैं, ताकि उसका श्रेय लेने के भाजपा के उद्देश्य को कमजोर किया जा सके।

# भारत की पहचान का मूल तत्व हैं श्रीराम

भारत के इतिहास और पुराण में, भारत की आध्यात्मिक विचारधारा में और इसके जन-मन में राम जिस गहराई से रचे-बसे हैं, वह स्वयं ही इस बात का प्रमाण है कि राम के बिना भारत के अस्तित्व की भी कल्पना नहीं की जा सकती। राम राष्ट्र हैं, राष्ट्र के प्राण भी हैं। राम राज्य हैं और राज्य के आदर्श भी हैं। राम भारत के लोक हैं, उसकी मंगलकामना भी हैं, राम घट-घट व्यापी ईश्वर हैं तो राम अयोध्या में सशरीर प्रकट होने वाले रामलला भी हैं।



आशीष वशिष्ठ

श्रीराम भारतीय संस्कृति की चेतना के प्राण तत्व है। संपूर्ण भारतीय संस्कृति में राम नाम की महत्ता की चर्चा पाई जाती है। भगवान श्री राम साधन नहीं साध्य हैं। श्रीराम को धर्म जाति देश और काल में सीमित नहीं किया जा सकता। श्रीराम ने समूची वसुधा को सत्य के मार्ग का अनुसरण करना सिखाया है। जीवन के प्राण तत्व राम हैं। भारतीय लोक जीवन में राम का महत्व सदियों से रहा है। श्रीराम कण-कण में व्याप्त है। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा के स्रोत हैं। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण कर भारत भूमि पर उतरी थी। वे सम्पूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना के पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। श्रीराम के साथ रहना और उनके साथ चलना किसी दिव्य जीवन प्रवाह के साथ चलने जैसा है। उस दिव्य प्रवाह के साथ जो निरन्तर है, जिसमें हर क्षण नये-नये जल कणों का सम्मिलन होता रहता है, जिसका गन्तव्य वह महासागर है, जो असीम है, सीमाबद्धता जिसे अमान्य है। नित्य नयी लहर, नित्य नयी ऊर्जा के स्रोत हैं राम। देश में एक ऐसा समूह भी है जो श्रीराम और राम मंदिर का विरोध करता है। इस समूह में राजनेता, राजनीतिक दल और तथाकथित बुद्धिजीवी शामिल है। इस समूह से अहम प्रश्न यह है कि जो लोग राम या राम मंदिर का विरोध करते हैं, उनकी नीयत क्या है? क्या वे अपनी स्थापनाओं के प्रति सचमुच ईमानदार हैं? क्या उनमें यह कहने का साहस है कि वे श्रीराम को पूर्णतः अस्वीकार करते हैं? क्या श्रीराम से जुड़ा जीवन दर्शन अंतराष्ट्रीय है? भारत की पहचान का मूल तत्व राम नहीं तो और क्या है? यदि इन और इसी प्रकार के अन्य प्रश्नों का उत्तर वे नहीं देना चाहते, और यदि उत्तर देते भी हैं, तो हीलाहवाला करके देते हैं, तो यही कहना पड़ेगा कि वे सब डरे हुए लोग हैं, लोभी लोग हैं। केवल सत्ता के सौदागर हैं। लोकजीवन की मान्यताओं, राष्ट्रीय परम्पराओं और प्रेरणा पुरूषों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है।

इस खेमे के चरित्र का मर्म यह है कि यदि श्रीराम की भक्ति में वोट मिलताा होगा तो वे श्रीराम का एकमात्र भक्त होने की घोषणा कर देंगे और यदि श्रीराम को कोसने से सत्ता का समीकरण बनता दिखाई देता है तो श्रीराम को राष्ट्रघाती घोषित करने में उन्हें कोई संकोच नहीं होगा। आजादी के बाद से अब तक वे जिस गांधी के नाम की राजनीतिक हुण्डी भुनाते आए हैं, उसी गांधी रामराज्य और हिन्दू स्वराज्य का तिरस्कार भी इन्हीं लोगों ने किया है। वे लोहिया ओर जयप्रकाश के भक्त नहीं है। इनके लिए लोहिया, जयप्रकाश और नरेंद्र देव राजनीतिक जोड़ तोड़ का मसाला है।



भारत के इतिहास और पुराण में, भारत की आध्यात्मिक विचारधारा में और इसके जन-मन में राम जिस गहराई से रचे-बसे हैं, वह स्वयं ही इस बात का प्रमाण है कि राम के बिना भारत के अस्तित्व की भी कल्पना नहीं की जा सकती। राम राष्ट्र हैं, राष्ट्र के प्राण भी हैं। राम राज्य हैं और राज्य के आदर्श भी हैं। राम भारत के लोक हैं, उसकी मंगलकामना भी हैं, राम घट-घट व्यापी ईश्वर हैं तो राम अयोध्या में सशरीर प्रकट होने वाले रामलला भी हैं। कई सहस्त्र वर्ष पूर्व, जब विश्व के अधिकांश हिस्सों में शासक सिर्फ विजेता थे, जो प्रायः बर्बर हुआ करते थे, उस समय राम ने मानवता, त्याग और न्याय की अनुकरणीय भावना का प्रदर्शन किया। उनका सम्मान इसलिए नहीं किया जाता कि वह बाहरी दुनिया के विजेता थे, वह भीतरी जीवन के विजेता हैं, क्योंकि वह विपरीत परिस्थितियों में डगमगाते नहीं हैं। रावण को मारने के बाद भी उनकी आंखों में क्रोध नहीं दिखता, वह गिरे हुए रावण के शव के पास आते हैं और उन्हें जो कार्य करना पड़ा, उसके लिए पश्चाताप करते हैं। अपने जीवन की सारी चुनौतियों के बीच, वह कभी अपना संतुलन नहीं खोते, कभी मन में कड़वाहट या प्रतिशोध नहीं रखते। वह काफी हद तक छल-कपट या राजनीति से दूर रहते हैं और अपनी शक्ति के दुरुपयोग को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। समभाव रखने वाले राम समग्रता और आत्म-त्याग का जीवन जीते हुए एक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, वे अपनी प्रजा के लिए अपनी खुशी त्यागने के लिए तैयार हैं। सबसे बढ़कर, मुक्ति को महत्व देने वाली संस्कृति में वह नकारात्मकता, स्वार्थ और अधमता से ऊपर उठकर स्वतंत्रता के प्रतीक हैं।

सार यह है कि, राम नायक इसलिए नहीं हैं, क्योंकि उनका जीवन उत्तम है, बल्कि इसलिए हैं क्योंकि वह एक असाधारण जीवन जीते हैं। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुष कहा जाता है। और यदि रामराज्य को एक आदर्श के रूप में रखा जाता है, तो इसलिए क्योंकि वह एक न्यायपूर्ण राज्य का प्रतीक है, तानाशाही का नहीं। आज हम भारत को वही बनाना चाहते हैं और इसीलिए रामायण आज भी लगातार प्रासंगिक बना हुआ है। राम का चरित्र इस बात का प्रमाण है कि भारतीय समाज कभी जाति और रंग के आधार पर बंटा नहीं था। सम्पूर्ण समाज ही भाईचारे और बंधुत्व के प्रेम के ताने-बाने से बुना हुआ था। अन्यथा राम हनुमान, सुग्रीव, अंगद, नल-नील, जामवंत सरीखे वनवासियों के साथ एक या एकरस कभी नहीं होते। श्रीराम पग-पग पर अपने कृत्यों से एकता और समरसता तथा अभेदता का संदेश दे रहे हैं। शबरी के जूठे बेर का राम के द्वारा खाया जाना राम के अभेद दृष्टि और समरसता के महाभाव का सबसे अद्भुत और श्रेष्ठ उदाहरण है। वास्तव में भारत की समृद्ध परंपरा और संस्कृति में भगवान श्रीराम निश्चय ही सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक हैं। भगवान राम के जीवन आदर्शों से काफी कुछ सीखने का वक्त है। राम की स्वीकार्यता सदियों से रही क्योंकि वसुधैव कुटुंबकम की संकल्पना राम की परंपरा है। राम मर्यादा के शिरोमणि हैं। दुनिया की सभी अच्छी वस्तुओं के मानक राम हैं। सहजता सरलता ही राम है। राम के मतों का जागरण किए बिना स्वयं व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता।

आज फिर वही श्रीराम अयोध्या में भारत की राजनीति के आदर्श रामराज्य की संकल्पना को साकार देखने के लिए अपने वैभव के साथ अपनी जन्मभूमि पर नवीन आभा के साथ पुनः विराजमान हो रहे हैं तो संपूर्ण मानवजाति के लिए भारत की ओर से नियति का यह संदेश सुना और सुनाया जाना ही चाहिए कि राम सभी के हैं, सभी जन राम के ही हैं। वह मर्यादा के आदर्श हैं, समन्वय के आधार हैं, जीव की सद्गति हैं, निरंतर सृजित होते और मिटते जीवन की वह चिर ध्वनि और संजीवनी हैं। अपने स्व में सदैव विराजमान राम रूपी अमृत को पाकर ही मानवता सदा के लिए संतुष्ट और सुखी हो सकती है, इसके सिवाय कोई रास्ता नहीं है। राम इस देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आदर्श हैं, क्योंकि वह स्थिरता, संतुलन, शांति, सत्य, पवित्रता, करुणा और न्याय के प्रतीक हैं।

# महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के फैसले से उपजे सवाल

शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं था। पार्टी प्रमुख की इच्छा और निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नहीं थे। स्पीकर ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही संवैधानिक नहीं माना। शिवसेना संविधान में 2018 में जो संशोधन किए गए थे, उन्हें भी मान्यता नहीं दी, क्योंकि वह दस्तावेज चुनाव आयोग में उपलब्ध नहीं था। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल उठता है कि 2019 के आम चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी प्रत्याशी पत्र जारी किए गए और जिन्हें चुनाव आयोग ने स्वीकार भी किया, उन पर किसके हस्ताक्षर थे? यहां उद्धव ठाकरे 'संवैधानिक' कैसे हो सकते हैं?



डॉ. ओपी त्रिपाठी

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता मामले में फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि शिंदे गुट ही असली पार्टी थी। उद्धव ठाकरे ने फैसले में देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने विधानसभा स्पीकर अयोग्यता की लंबित याचिकाओं पर 10 जनवरी तक फैसला लेने को कहा था। स्पीकर नार्वेकर ने किसी को भी अयोग्य नहीं ठहराया है। फैसले के बाद शिवसेना उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है, तो वहीं दूसरी राज्य में बीजेपी के सबसे बड़े नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बधाई दी है। शिवसेना उद्धव गुट ने भाजपा को भी निशाने पर लिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना उद्धव गुट नेता संजय राउत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को न्याय करना था, लेकिन उन्होंने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया।

शिवसेना उद्धव गुट के मुखपत्र सामना के संपादकीय में सत्तारूढ़ भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा गया है कि राज्य के लोग इसके पीछे के खेल करने वालों को माफ नहीं करेंगे। विद्रोह के 18 महीने बाद एकनाथ शिंदे ने शीर्ष पद पर अपनी जगह पक्की कर ली और लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में उनकी राजनीतिक ताकत बढ़ गई, जिसमें भाजपा और राकांपा (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। सामना में कहा गया है कि स्पीकर का आदेश पहले से तय था और इसमें चौंकने वाली कोई बात नहीं है। मराठी दैनिक ने कहा कि स्पीकर के लंबे फैसले को दिल्ली में उनके आकाओं ने लिखा था। इसमें आरोप लगाया गया कि बाल ठाकरे की शिव सेना को 'गद्दारों' को सौंपने का स्पीकर का फैसला महाराष्ट्र के साथ बेईमानी में शामिल होने के समान है। संपादकीय में कहा गया है कि नार्वेकर के पास इतिहास रचने का मौका था, लेकिन उन्होंने ऐसा फैसला दिया, जिसने लोकतंत्र का चेहरा काला कर दिया है।



पिछले साल जून महीने में एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था, जिस वजह से महाविकास अघाडी सरकार गिर गई थी। एमवीए सरकार में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल थी। शिंदे के विद्रोह के बाद शिवसेना में विभाजन हो गया। जिसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के 40 विधायकों (बागी) के समर्थन से बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई और खुद मुख्यमंत्री बने और बीजेपी नेता देवेंद्र फड़णवीस उपमुख्यमंत्री बने। विधानसभा स्पीकर फैसला सुनाते समय यह व्याख्या करते रहे कि 'असली शिवसेना' कौन-सी है? उसका नेता कौन है? पार्टी का कौन-सा संविधान मान्य है? उद्धव ठाकरे की शक्तियां क्या थीं? शिवसेना में पार्टी प्रमुख से ताकतवर राष्ट्रीय कार्यकारिणी है। शिवसेना पर फैसला तो चुनाव आयोग सुना चुका था। पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न 'धनुष-बाण' एकनाथ शिंदे की सेना को आवंटित किए जा चुके थे, लेकिन सर्वोच्च अदालत के सवाल कुछ और ही थे। चूंकि स्पीकर ने व्यवस्था दी है कि शिंदे गुट ही 'असली शिवसेना' है।

शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं था। पार्टी प्रमुख की इच्छा और निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नहीं थे। स्पीकर ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही संवैधानिक नहीं माना। शिवसेना संविधान में 2018 में जो संशोधन किए गए थे, उन्हें भी मान्यता नहीं दी, क्योंकि वह दस्तावेज चुनाव आयोग में उपलब्ध नहीं था। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल उठता है कि 2019 के आम चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी प्रत्याशी पत्र जारी किए गए और जिन्हें चुनाव आयोग ने स्वीकार भी किया, उन पर किसके हस्ताक्षर थे? यहां उद्धव ठाकरे 'संवैधानिक' कैसे हो सकते हैं? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्पीकर के फ़ैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि अब बालासाहेब का चुनाव चिन्ह उनका हो गया है। स्पीकर के फ़ैसले तक चुनाव आयोग ने शिवसेना के चुनाव चिन्ह को फ्रीज़ कर दिया था।

संविधान पर चुनाव आयोग और स्पीकर को स्पष्टीकरण देने चाहिए, क्योंकि यह संविधान से जुड़ा मामला है। स्पीकर नार्वेकर ने अपनी व्यवस्था का आधार 1999 के शिवसेना संविधान को बनाया है, जिसमें तत्कालीन पक्ष प्रमुख बाल ठाकरे ने पार्टी प्रमुख के बजाय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वर्चस्व को स्थापित किया था। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ का भी मानना है कि विधायक दल से ज्यादा महत्त्वपूर्ण और ताकतवर पार्टी का संगठन होता है, क्योंकि वह ही मूल है। राजनीतिक शाखाएं कई हो सकती हैं। बहरहाल 2024 में 1999 का पार्टी संविधान पूर्णतः प्रासंगिक नहीं हो सकता, क्योंकि उसके बाद 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव हुए हैं। विधानसभा चुनाव भी हुए हैं। यदि संविधान में संशोधन नहीं किए गए और शिवसेना में संगठनात्मक चुनाव भी नहीं कराए गए, तो बहुत कुछ वैध नहीं था। बल्कि सवालिया ही था। प्रत्याशी पत्रों पर हस्ताक्षर के सवाल भी लगातार उठेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि स्पीकर के निर्णय के बाद कई कानूनी चुनौतियां सामने आएंगी। हालांकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सत्ता सुरक्षित और स्थिर है। स्पीकर ने किसी भी पक्ष के विधायकों को 'अयोग्य' करार नहीं दिया है, लेकिन शिंदे सेना को अभी जश्न मनाने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे ने साफ कहा है कि स्पीकर के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी जाएगी। चूंकि वह इस फैसले को लोकतंत्र, संविधान और 10वीं अनुसूची की हत्या मानते हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की समीक्षा चाहेंगे।स्पीकर के सामने एक और विवादास्पद मामला है कि उन्हें 31 जनवरी तक एनसीपी के विभाजन पर भी व्यवस्था देनी है। एनसीपी के 40 से अधिक विधायक सत्तारूढ़ एनडीए के घटक हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार उनके नेता हैं। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि इस फैसले के बाद अब उद्धव को सुप्रीम कोर्ट जाना होगा। उन्हें सुप्रीम कोर्ट में न्याय मिलने की उम्मीद है। वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर का फैसला असंवैधानिक है और यह एक अलोकतांत्रिक फैसला है और यह पार्टी के नियमों के खिलाफ है, उन्होंने स्वीकार किया कि असली शिवसेना 1999 थी, उन्होंने दोनों पक्षों के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया। हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। इस फैसले के बाद लोकतंत्र खतरे में है और बीजेपी को इस फैसले से दिक्कत होगी।

# स्वच्छता ईश्वरीय कार्य, श्रीरामलला के आगमन से पूर्व हर गली हो स्वच्छ : योगी

अवधनामा संवाददाता



■ वृहद स्वच्छता अभियान को लेकर मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रदेशभर के प्रधानों का किया आह्वान

**गोरखपुर, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व पूरे प्रदेश को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने का आह्वान किया है। शनिवार को प्रदेशभर के ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को ईश्वरीय कार्य बताते हुए कहा कि विशेष स्वच्छता अभियान में भावना के साथ जुड़कर पूरे देश को एक नया संदेश दिया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी राष्ट्रीय उत्सव की तिथि है। पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान होने का उत्सव सिर्फ अयोध्या का नहीं है बल्कि यह हर गांव, हर घर और हर जन का उत्सव है। यह अभूतपूर्व उत्सव है तो हर गांव और हर घर तक तैयारियां भी उसी रूप में होनी चाहिए। यह प्रयास होना चाहिए कि श्रीरामोत्सव पर हर घर, देव मंदिर पर दीपोत्सव मने। घरों, मंदिरों और सार्वजनिक/सामुदायिक स्थानों पर रामनाम संकीर्तन हो। गांवों के अमृत सरोवरों पर भी दीपोत्सव मनाएं। प्रधानगण और सभी ग्रामीण जनप्रतिनिधि इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रीरामलला के विराजमान उत्सव को अभूतपूर्व उल्लास से तरंगित करने का कार्य 14 जनवरी को विशेष स्वच्छता अभियान से प्रारंभ हो जाएगा। हर कस्बे, हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति की इसमें सहभागिता अपेक्षित है। देव मंदिरों को स्वच्छ बनाकर उन्हें सुंदरता से सजाया जाए। प्रधानगण इसके लिए खुद प्रयास करने के साथ हर ग्रामवासी को जागरूक करें, उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाएं। स्वच्छता ईश्वर को तो प्रिय है ही, तमाम बीमारियों को दूर रखने में भी अनिवार्य है। चार दशक में पचास हजार मासूमों को असमय काल कवलित करने वाली इंसेफेलाइटिस जैसी त्रासद बीमारी की एक बड़ी वजह गंदगी थी और सरकार ने इसे पूरी तरह नियंत्रित करने में स्वच्छता और जागरूकता को सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बनाया। ऐसे में स्वच्छता को बढ़ावा देकर अपने आराध्य प्रभु को प्रसन्न करने के साथ बीमारियों को भी दूर भगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करना है। 14 जनवरी का विशेष स्वच्छता अभियान इसके लिए बड़ा माध्यम बन सकता है। ग्राम प्रधानगण अपने अपने गांवों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करें।

## सुम्बुल मुजतबा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**लखनऊ।** ख़्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के आठवे दिशांत समारोह मे पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की शोधर्थि सुम्बुल मुजतबा को कुलाधिपति द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि दी गई, उन्होंने रोले ऑफ़ मीडिया इन क्रिएटिंग बेहेवियरल चेंज एंड स्प्रेडिंग अवेयरनेस ऑफ़ स्वच्छ भारत मिशन इन स्पेशल कांटेक्स्ट ऑफ़ लखनऊ सिटी के विषय पर शोध कार्य सम्पन किआ है, ये शोधकार्य डॉ तनु डंग के निर्देशन मे सम्पन हुआ है, इस शोध कार्य से ये ज्ञात हुआ है की भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छ भारत योजना लखनऊ वासिओ के स्वाभाव मे बदलाव लाने तथा उन्हें स्वछता के प्रति जागरूक करने मे सफर रही है, अपने शोध कार्य कर जानकारी देते हुए डॉ. सुम्बुल मुजतबा बताती है की इस योजना के तहत लोगों मे स्वछता के प्रति जागरूकता आई है, अब लोग घर, समाज तथा देश को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक हो रहे है।

# अब तक 72 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



■ शुक्रवार को 11478 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालो का आयोजन

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे, लेकिन जिन ग्रामों में ग्राम चौपाल हो चुकी हैं, उनसे इतर दूसरे मजरों में ग्राम चौपाल अनवरत रूप से की जांय। उप मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मोदी ऐप डाउनलोड करने के लिए ग्राम विकास से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों व लाभार्थियों को प्रेरित किया जाए, इस ऐप में गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं का विवरण रहता है और उससे लाभकारी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मोदी ऐप डाउनलोड करने की ड्राइव चलाई जाय। चौपालों में भी इसके बारे में चर्चा की जाए और लोगों को प्रेरित किया जाए। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1478 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4709 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 4064 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7506ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 14 को राजधानी में तीन दिवसीय दौरे पर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 14 जनवरी, रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी का 3 दिवसीय दौरे पर रविवार अपराह्न 12:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। रक्षा मंत्री एयरपोर्ट से सीधे कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। आवास से 2:15 बजे कस्तूरबा मार्ग कैंट के लिए रवाना होंगे और वहां सेना दिवस पर आयोजित एट होम कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे । कैंट से 4:00 बजे गोविंद बल्लभ पंत स्मृति उपवन जायेगें और वहां आयोजित उत्तरायणी कौथिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 6:00 बजे डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मेमोरियल पार्क, विपुल खंड गोमती नगर में आयोजित 'बैंड कांसर्ट' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

अगले दिन 15 जनवरी , सोमवार को सुबह 11:00 बजे हरदोई रोड स्थित देवलोक लॉन में आयोजित 'व्यापारी स्नेह मिलन' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 12:00 आईएमआरटी, बिजनेस स्कूल, गोमती नगर में पूर्व पार्षद, वरिष्ठ और प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक व संवाद करेंगे। अपराह्न 3:45 बजे सूर्या खेल परिसर, कैंट में आयोजित 'शौर्य संध्या' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत कालिदास मार्ग आवास जाएंगे।

# यूपी महोत्सव : राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दिखा उत्साह

अवधनामा संवाददाता




■ महोत्सव की थीम तम्बाकू और नशा मुक्ति के साथ इको फ्रेंडली जीवन को अपनाना है

**लखनऊ।** सृजन फाउंडेशन द्वारा आयोजित बीस दिवसीय 8वें उत्तर प्रदेश महोत्सव 2024 के चौथे दिन राज्य सभा सांसद दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें उस मंच पर आने पर अत्यंत प्रसन्नता हुई जहां से उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाना शुरू हुआ था। इस अवसर पर पूर्व मेयर सुरेश चन्द्र अवस्थी विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने यूपी की उन्नत संस्कृति को दर्शाने वाले इस महोत्सव की प्रशंसा की। शनिवार 13 जनवरी को यह आयोजन जानकीपुरम विस्तार 60 फिटा रोड स्थित, भुइयन देवी मंदिर के पास बंधुजी उत्सव वाटिका में हुआ। इस अवसर पर आगंतुक मेले में हस्तशिल्प, झूले और खानपान का भी आनंद ले रहे हैं। महोत्सव में दिव्य स्नेह फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नम्रता के कुशल मंच संचालन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में खासतौर से दिव्य श्री ने हम कथा सुनाते राम सकल गुण पेश कर प्रशंसा हासिल की। इसके साथ ही और नम्रता मेरी झोपड़ी के भाग्य और दिव्य श्री मेरे घर राम आये है पेश कर आगंतुकों का दिल जीत लिया। अनिल कश्यप ने रिमझिम गिरे सावन, देवेन्द्र श्रीवास्तव ने डम डम डिगा डिगा, सुभाष श्रीवास्तव ने मैंने तेरे लिए ही सात रंग, मयंक तिवारी ने हमें तुमसे प्यार कितना, विनय कुमार ने न तुम हमे जानो, राकेश रावत ने कोई हसीना जब रूठ, चन्दन कुमार ने जादू तेरी नज़र, आशुतोष कुमार ने सांसो की जरूरत है जैसे, नम्रता अनिल कश्यप ने दिल है कि मानता नही, शिक्षा अग्रवाल ने हे गिरी नन्दनी पर अपनी मनभावन प्रस्तुतियां दी।

सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ.अमित सक्सेना के अनुसार 10 जनवरी शुरू हुआ यह महोत्सव 30 जनवरी 2024 जारी रहेगा। इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में कराई गई थी। यह महोत्सव उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा आयोजन है। इस साल के महोत्सव की थीम तम्बाकू और नशा मुक्ति के साथ इको फ्रेंडली जीवन को अपनाना है। इस अवसर पर राजेश राज गुप्ता, डॉ. अर्चना सक्सेना, पंकज तिवारी, रोमा श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मोहन, अजय यादव, शशिमोहन शिवहरे, संजीव सक्सेना, अनूप सक्सेना, दिनेश कुमार वर्मा और सुनीति गुप्ता उपस्थित रहीं। इस महोत्सव में वोकल फ़ॉर लोकल पर जोर देते हुए हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। उसमें आगंतुकों ने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं, खादी, सिल्क से बने वस्त्र, घरेलू साज-सज्जा का सामान, लकड़ी पर कारीगरी की हुई वस्तुएं, खिलौने, मिट्टी के बर्तन, आयुर्वेद चिकित्सा और खानपान का लुत्फ उठाया।

# खेलो इंडिया : प्रतियोगिता के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तमिलनाडु में 19 से 31 जनवरी में आयोजित छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 जनवरी को तिरुचिरापल्ली के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित किया जा रहा है।

खेलो इंडिया कलारीपयट्टू प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की तैयारी के लिए एसोसिएशन द्वारा चौक स्टेडियम में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ प्रदेश सीईओ प्रवीण गर्ग द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर विशेष प्रशिक्षण के लिए केरल से बुलाए गए राष्ट्रीय चैंपियन और कलारी एक्सपर्ट अम्बरीश कुमार का पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर प्रदेश संयुक्त सचिव वैभव कुमार और इमरान अली द्वारा स्वागत किया गया।

प्रदेश महासचिव प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि तिरुचिरापल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग में एकल स्पर्धा में मेंयपट्टू ,हाईकिक और युगल स्पर्धा में लाठी, तलवार ढाल व उर्मी ढाल बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित प्रतिस्पर्धाओं में प्रदेश टीम प्रतिभाग करेगी। आयोजित कैंप के उपरांत 19 जनवरी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भी चौक स्टेडियम में किया जा रहा है। जिसमें सब जूनियर, जूनियर व सीनियर सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभा करेंगे। उत्तर प्र लखनऊ से 23 जनवरी को तिरुचिरापल्ली के लिए रवाना होगी।

# टीएमयू के शिक्षकों ने मनाई लोहड़ी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने अग्नि की परिक्रमा की। रेवड़ी और मूंगफली अग्नि को भेंट की।

इस मौके पर टीएमयू के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि लोहड़ी के पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह खुशियों को साझा करने का त्यौहार है। हालांकि पंजाब का यह महत्वपूर्ण पर्व है, लेकिन अब पूरे देश में इसे धूमधाम से मनाया जाता है। प्रसाद के तौर पर मूंगफली, रेबडी, पॉपकॉर्न, गजक, जलेबी आदि वितरित किया गया।ऐसी मान्यता है, लोहड़ी के पर्व से सूर्य देव का उत्तरायण होता है। उत्तरायण का अर्थ है कि दिन अब लंबे होने लगेंगे और रातें छोटी होने लगेंगी। इस कारण इस दिन को नए जीवन का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी का त्यौहार फसलों की कटाई का प्रतीक भी है। इस दिन किसान अपनी नई फसलों की पूजा करते हैं। भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वह उन्हें अच्छी फसल प्रदान करें। लोहड़ी भाई-बहन के प्रेम का भी प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के लिए लोहड़ी जलाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस मौके पर डॉ. अशोक लखेरा, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रवि प्रकाश सिंह, डॉ. शैफाली जैन, डॉ. पूनम चौहान, श्री दीपक मलिक आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# सीएमएस के दो छात्रों ने रणजी ट्राफी में बनाई जगह

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के दो प्रतिभाशाली छात्रों विपुल कृष्णा एवं साहब युवराज सिंह ने अपनी खेल प्रतिभा व क्रिकेट में महारत के चलते रणजी ट्राफी चैम्पियनशिप में अपना चयन सुनिश्चित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। जहाँ एक ओर, सी.एम.एस. छात्र विपुल कृष्णा बिहार राज्य की ओर से खेलते हुए बतौर लेफ्ट आर्म मीडियम तेज गेंदबाज के रूप में अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, वहीं साहब युवराज सिंह इण्डियन रेलवे की ओर से बतौर राइट हैण्ड बैट्समैन एवं राइट आर्म मीडियम पेसर के रूप में रणजी ट्राफी में अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इन दोनों छात्रों ने सी.एम.एस. में पढ़ाई के दौरान अपनी खेल प्रतिभा को बखूबी निखारा और अपनी मेहनत व लगन के दम पर क्रिकेट जगत में देश का गौरव बढ़ाने को तत्पर हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि विपुल कृष्णा ने सी.एम.एस. मे पढ़ाई के दौरान सी.एम.एस. कानपुर रोड द्वारा आयोजित किये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग (आई.एस.सी.पी.एल.) से क्रिकेट में अपने सफर की शुरूआत की एवं इसी दौरान ए.एस.आई.एस.सी. नेशनल क्रिकेट चैम्पियनशिप, स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित क्रिकेट चैम्पियनशिप एवं सी.आई.एस.सी.ई. द्वारा आयोजित नेशनल क्रिकेट चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

उपभोक्ता परिषद ने उठाया पावर कॉरपोरेशन की बिलिंग व्यवस्था पर सवाल

# यह कैसा बिलिंग सॉफ्टवेयर जिसमें एक ही मीटर नंबर पर 10 कनेक्शन हो गया जारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से चलाए जा रहे सप्ताहिक वेबीनार में आज सैकडो की संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं को उपभोक्ता परिषद ने जहां जागरूक किया वहीं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए उन्हें आश्वासन दिया और संबंधित खंडों को अवगत कराया इसी बीच आज एक चौंकाने वाला मामला सामने आया जनपद कसया से जुडे एक विद्युत उपभोक्ता राकेश गौंड विद्युत वितरण खंड कसया जिन्होंने 1 किलोवाट का घरेलू कनेक्शन लिया लेकिन उनके घर पर उनके नाम एक ही मीटर नंबर पर 10 बिजली का कनेक्शन जारी कर दिया गया और उनके घर 10 बिजली कनेक्शन का बिल भेजा गया और सब पर कनेक्शन नंबर अलग-अलग जिससे परेशान होकर बिजली दफ्तर पहुंचे तो उन्हें दो टका जवाब मिला कि अभी उनके पास टाइम नहीं है उपभोक्ता परेशान होकर आज उपभोक्ता परिषद के ऑनलाइन वेबीनार में जुडा जिसको उपभोक्ता परिषद ने बहुत गंभीरता से लिया और कहा जल्द ही उपभोक्ता की समस्या का समाधान कराया जाएगा लेकिन यह कितना गंभीर मामला है जो पूरे बिलिंग सिस्टम पर सवाल खडा कर रहा है की एक ही मीटर नंबर से 10 बिजली कनेक्शन कैसे जारी कर दिए गए इसका मतलब कोई भी सिक्योरिटी सिस्टम बिलिंग सॉफ्टवेयर में नहीं है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने उपभोक्ता से जब पूरा सभी बिल मांगया तो चौंकाने वाला मामला सामने आया प्रदेश की बिजली कंपनियों का यह कैसा बिलिंग सॉफ्टवेयर है जो एक मीटर नंबर पर 10 बिजली कनेक्शन एक ही विद्युत उपभोक्ता के नाम कर दिया और उल्टे किसी भी घरेलू विद्युत उपभोक्ता के नाम जब उसके घर 10 बिजली का कनेक्शन का बिल पहुंच जाएगा तो उसका क्या हाल होगा यह कोई भी समझ सकता है और सबसे बडा चिंता का विषय यह है कि उपभोक्ता द्वारा इसकी शिकायत करने के बाद भी उसे दौड़ाया जा रहा है।

# सीएमएस छात्रा ने जीती रीजनल चैम्पियन ट्राफी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की केजी की छात्रा सुवन संदीप पाण्डेय ने रीजनल एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सुवन की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने तार्किक एवं विश्लेषणात्मक प्रतिभा के दम पर एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रीजनल चैम्पियन ट्राफी अपने नाम की। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र व चैम्पियनशिप ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। छात्र न सिर्फशैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सीएमएस अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है।

## चौधरी शरफुद्दीन की वफ़ात पर एक ताज़ियती जलसे का आयोजन

**चौधरी साहब समाज, प्रदेश के प्रिय और ईमानदार शख़्सियत थे**

**लखनऊ।** रविवार 14 जनवरी को सुबह 11 बजे मौलाना अली मियां हॉल में मुफ्ती अतीक अहमद बस्तवी, उस्ताद दारुल उलूम नदवतुल उलेमा और विभिन्न वक्ताओं की उपस्थिति में मरहूम चौधरी शरफुद्दीन साहब की वफ़ात पर एक ताज़ियती जलसे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विषय विशषज्ञों, विद्वानों एवं नगर के अन्य वरिष्ठजनों की उपस्थिति अपेक्षित है, आप सभी से इस जलसे में सम्मिलित होने का अनुरोध किया जाता है। चौधरी साहब समाज, देश और प्रदेश के प्रिय और ईमानदार शख़्सियत थे। आप सभी से गुज़ारिश है कि मरहूम को यथासंभव श्रद्धांजलि अर्पित करें और उनके लिए मग़फ़िरत की प्रार्थना करें।

# संजय एंड संस की पार्टी 17 अतिपिछड़ी जातियों को झांसा देने में जुटी

अवधनामा संवाददाता

■ निषाद पार्टी का संकल्प दिवस ढकोसला,निषाद समझ गये संजय की शातिरबाजी : लौटन



**लखनऊ।** श्रीराम-निषादराज की मित्रता के नाम पर निषाद मछुआरा समुदाय की जातियों का वोटबैंक लेकर सरकार बनाने वाली भाजपा सरकार ने गंगापुत्रों के साथ विश्वासघात किया है। भाजपा पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय निषाद संघ के राष्ट्रीय सचिव चौ.लौटन राम निषाद ने कहा कि निषाद जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कराने का वादा करने वाली भाजपा ने बहुत बड़ा धोखा निषाद जातियों को दिया है। लोकसभा चुनाव 2024 में गंगापुत्र निषाद भाजपा की चुनावी नैया को डूबा कर उससे वादा खिलाफी का बदला लेंगे। सांसद रहते हुए योगी आदित्यनाथ बार बार निषाद समाज की जातियों को एससी में शामिल करने की माँग उठाते थे लेकिन डबल ईजन की सरकार बनने पर चुप्पी साध लिए हैं ।उन्होंने सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद पर सौदेबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि ये दोनों परिवारवादी नेताओं ने निज स्वार्थ में 17 अतिपिछड़ी जातियों के आरक्षण मुद्दे को खत्म करा दिया। निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी संजय निषाद एंड फेमिली की प्राइवेट लिमिटेड लूट कम्पनी है। लोकसभा चुनाव में सौदेबाजी के लिए एक बार फिर संजय निषाद एंड संस की पार्टी निषाद समाज को बेवक़ूफ़ बनाने में जुट गई है।

**संचाई विभाग, उत्तर प्रदेश केन्द्रीय सज्जा एवं भण्डार प्राप्ति संगठन-1, गंगा सिंचाई भवन, तेलीबाग, लखनऊ**

GeM Bid Notice-/ GEM/2024/B/4450811

सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता, केन्द्रीय सज्जा एवं भण्डार प्राप्ति संगठन-1, लखनऊ द्वारा Composite work of Manufacture & Supply, Erection, Commissioning and Testing at site of 05 Nos. Horizontal Split Case Centrifugal Pumps, 60 Cusec capacity and 12 Meter Head along with suitable 05 Nos. 11 KV HT Squirrel Cage Induction Motor, suitable 01 set of 11 KV HT Capacitor (APFC)Panel, Suitable 01 Set of 11 KV 3-Phase HT Switchgear Panel (VCB Type) consisting of 02 Nos. Incoming Panel, 5 Nos. Outgoing Feeder Panel, 01 Nos. Bus Coupler, 01 No. Transformer Feeder Panel (Indoor, draw-out Type) Panel, all connected with common bus-bar arrangement and compatible with latest technology of automation for monitoring through SCADA, 05 Nos. C.S. Butterfly Valve 900 mm Dia, 05 Nos. C.I. Sluice Valve 900 mm Dia. and 05 Nos. C.S. Reflux Valve 900 mm Dia. in the Pump House at Chaudhary Charan Singh Gola Pump Canal renovation project Lift Irrigation Division Gorakhpur, Irrigation & Water Resources Department, U.P. हेतु जेम पोर्टल बिड संख्या- GEM/2024/B/4450811 दिनॉक 08.01.2024 को जेम पोर्टल पर अपलोड की गयी हैं, जिसमें प्रतिभाग करने की अंतिम तिथि दिनॉक 29.01.2024 समय अपरान्ह् 15:00 बजे निर्धारित है। सामग्री के क्रय प्रबन्ध हेतु तकनीकी व अन्य शर्तें जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

किसी प्रकार के तकनीकी कारणों से जेम पोर्टल पर निविदा अपलोड न होने पर अधोहस्ताक्षरी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। किसी अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

-ह.-
(अधीक्षण अभियन्ता)
केन्द्रीय सज्जा एवं भण्डार प्राप्ति
संगठन-1, लखनऊ

UPID-200723 Dated-12-01-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# डिप्रेशन से जूझ रहे व्यक्ति के लिए बेहद जरुरी है दवाईयों का सेवन, Treatment बीच में छोड़ना हो सकता है घातक, जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट



आजकल काफी अधिक रिसर्च होने के कारण दवाइयों से होने वाले साइडइफेक्ट काफी कम हो गए है। पहले कई बार दवाओं के सेवन से व्यक्ति में कई तरह के साइड इफैक्ट देखने को मिलते थे, जिसमें हाथ-पैर में कंपन होना, पार्किसंस होना, आदि शामिल है।

मेंटल हेल्थ से संबंधित बीमारियों का इलाज सही समय पर करना बेहद जरुरी होता है। खासतौर से डिप्रेशन जैसी गंभीर समस्या से पीछा छुड़ाने के लिए जरुरी है कि व्यक्ति बेहतर डॉक्टर से अपना समय पर इलाज करवाए ताकि स्थिति को गंभीर होने से रोका जा सके।

वहीं बदलते समय के साथ मानसिक बीमारी जैसे डिप्रेशन या अन्य समस्याओं में दवाइयों के उपयोग में भी काफी बदलाव देखने को मिला है। किसी समय में जिन दवाइयों को लेकर कई तरह की भ्रांतियां लोगों के मन में फैली हुई थी वहीं अब ये काफी कम हो गई है। समय के साथ इन दवाइयों से होने वाले साइड इफैक्ट्स भी काफी मामूली हो गए है। माना जाता है कि डिप्रेशन या मेंटल हेल्थ से जुड़ी बीमारी में एंटी डिप्रेसेंट दवाइयों को खाने से पीड़ित की परेशानी कम होती है।

डिप्रेशन और मानसिक स्वास्थ्य में दी जाने वाली दवाईयों के संबंध में चाइल्ड एंड अडोलेसेंट साइकैट्रिस्ट डॉ. शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि समय में आए बदलाव के साथ ही दवाओं का असर भी अलग हो गया है। दवाई दिए जाने का तरीका भी बदला है। आजकल काफी अधिक रिसर्च होने के कारण दवाइयों से होने वाले साइडइफेक्ट काफी कम हो गए है। पहले कई बार दवाओं के सेवन से व्यक्ति में कई तरह के साइड इफैक्ट देखने को मिलते थे, जिसमें हाथ-पैर में कंपन होना, पार्किसंस होना, आदि शामिल है। हालांकि समय के साथ दवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ और रिसर्च की बदौलत पीड़ित मरीज को होने वाले साइड इफैक्ट काफी कम देखने को मिलते है। वैसे मानसिक रोगों के लिए दवाइयों पर रिसर्च आज भी जारी है मगर इसके साइड इफेक्ट किसी अन्य बीमारी की तरह ही देखने को मिलते है।

इसमें वजन बढ़ना, हॉर्मोन्स में बदलाव होना शामिल है। मरीज अगर डाइट पर ध्यान ना दें तो भी दवाइयों के कुछ साइड इफैक्ट देखने को मिल सकते है। ऐसे में दवाइयों का सेवन जब भी मरीज शुरू करता है तो उसे नियमित रूप से डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेकर मिलना होता है ताकि किसी गंभीर लक्षण पर डॉक्टर नजर रख सके।

दवाइयां जारी रखना जरुरी

कई गंभीर बीमारियों जैसे मेनिया, सिजोफ्रेनिया आदि में दवाईयों का सेवन मरीज को जीवनभर करना पड़ सकता है। ये दवाई भी उसी प्रकार हुई जैसे बीपी या शुगर की दवाई, तो मानसिक बीमारी की दवाई को लेकर आशंकित नहीं होना चाहिए। वहीं कई अन्य मानसिक बीमारियां जैसे डिप्रेशन, एंग्जायटी, स्ट्रेस से संबंधित मामलों में डॉक्टर की देखरेख में मरीज को छह से दो वर्षो के बीच दवाई लेनी पड़ सकती है। डॉक्टर मरीज का पूरा विश्लेषण करने, दवाई का असर देखने, इससे होने वाले गंभीर या मामूली साइडइफेक्ट आदि को देखने के बाद ही मरीज की दवाई में बदलाव करता है या जरुरत पड़ने पर दवाई को बंद करता है। मरीज को कभी खुद से लक्षण सामान्य दिखने पर दवाई का सेवन बंद नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से मरीज के लक्षण जल्द ही दोबारा उभर सकते हैं, जिसके कई गंभीर परिणाम भी देखने को मिल सकते है।

# हर तीसरी महिला को होती है पीरियड्स में अनियमितता, जानिए इसके मुख्य कारण



वर्तमान समय में कई महिलाओं को कभी भी एक निश्चित समय में पीरियड्स नहीं होते हैं। तो वहीं कुछ महिलाओं को 2-3 महीने तक मासिक धर्म नहीं होता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन कारणों के चलते पीरियड्स समय से नहीं आते हैं।

आज के समय में हर तीसरी महिला को अनियमित पीरियड्स की समस्या होती है। यानी की उन महिलाओं को हर महीने पीरियड्स नहीं आते हैं। आपको बता दें कि 22 से 38 दिनों की मेंस्ट्रुअल साइकिल होती है। इस समय अवधि के बीच अगर किसी महिला को पीरियड्स आते हैं, तो इसे सामान्य माना जाता है। लेकिन वर्तमान समय में कई महिलाओं को कभी भी एक निश्चित समय में पीरियड्स नहीं होते हैं। तो वहीं कुछ महिलाओं को 2-3 महीने तक मासिक धर्म नहीं होता है।

यह किसी एक महिला की समस्या नहीं है। लेकिन कई महिलाओं में यह समस्या आम होती जा रही है। लेकिन क्या आपने कभी जानने का प्रयास किया है कि महिलाओं में अनियमित पीरियड्स इतना आम क्यों होते जा रहे है। आपको बता दें कि पीरियड्स के अनियमित होने के पीछे 6 मुख्य वजह बताई जाती हैं। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन कारणों के चलते पीरियड्स समय से नहीं आते हैं।

***पीरियड्स की अनियमितता के कारण***

*नाइट शिफ्ट या देर रात तक काम करना।*

*पीरियड्स के दौरान ज्यादा परिश्रम लंबे समय से दर्द, पीड़ा और तनाव में होना।*

***बार-बार या जोरदार संभोग***

*कुरकुरे और क्रिस्पी स्नैक्स का सेवन करना।*

*मासिक धर्म के दौरान लंबी यात्राएं करना।*

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक महिलाओं को अपने पीरियड्स के दौरान कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। इस दौरान शरीर को आराम देना चाहिए और अधिक परिश्रम करने से बचना चाहिए। भले ही मासिक धर्म के दौरान होने वाले नुकसानों के बारे में नहीं पता चलता है, लेकिन जब आप इन दिनों अधिक मेहनत करती हैं, तो कई वर्षों के बाद आपको इसका प्रभाव देखने को मिलता है। बता दें कि इस दौरान नीचे बताई गई समस्याएं हो सकती हैं।

*असामान्य ब्लीडिंग*

*अधिक ब्लीडिंग होना*

*हार्मोन असंतुलन*

***पीएमएस / पीएमडीडी (गंभीर मूड स्विंग्स)***

जब कोई चीज आपके मन, मतिष्क या फिर भौतिक शरीर पर तनाव देती है, तो गर्भाशय और उसके हार्मोन को को प्रभावित करता है, जैसे- एचपीओ अक्ष के जरिए से (हाइपोथैलेमस-पिट्यूटरी-डिम्बग्रंथि अक्ष या प्राण-अपान वात)

बता दें कि एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन जैसे प्रजनन हार्मोन आदि स्टेरॉयड हार्मोन फैट मोलेक्यूल से बने हार्मोन होते हैं। ऐसे में पीरियड्स के दौरान अधिक मेहनत करने से इन हार्मोन्स का उत्पादन खराब हो जाता है। ऐसे में पीरियड्स के दौरान अपने शरीर को आराम देने के साथ ही संभोग करने से बचना चाहिए।

# सर्दियों में इन चार तरीकों से करें अखरोट का सेवन, शरीर को मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे



अखरोट सभी पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ सेहत के लिए भी लाभकारी है। ऐसे में सर्दियों में अखरोट का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। बता दें कि सर्दियों में अखरोट का इन चार तरह से सेवन करना चाहिए।

अखरोट सभी पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ सेहत के लिए भी लाभकारी है। क्योंकि अखरोट में कैलोरी, एनर्जी, प्रोटीन और कार्ब्स जैसे तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन ई, बी6 और कैल्शियम भी मौजूद होता है। अखरोट के सेवन से मानसिक और हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। साथ ही इसको खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। ऐसे में अगर आप रोजाना इसका सेवन करते हैं तो हड्डियां और पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। इसलिए आप किसी भी मौसम में इसका सेवन कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में अखरोट का सेवन करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं आपको सर्दियों में कैसे अखरोट का सेवन करना चाहिए।

### दूध और अखरोट

सर्दियों में अखरोट का सेवन काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इसको आप दूध के साथ मिलाकर खा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक गिलास दूध में अखरोट की गिरी डालें और फिर इसको पका लें। दूध में 2-3 मिनट तक अखरोट को पकाएं और इसके बाद आप इस दूध को लें। इस दूध के सेवन से आप स्वस्थ महसूस करेंगे। अखरोट वाले दूध को पीने से हड्डियां मजबूत होती है। साथ ही इससे इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। इसलिए आप रोजाना दूध और अखरोट का सेवन कर सकते हैं।

### भीगे हुए अखरोट

इसके अलावा सर्दियों में भीगे हुए अखरोट खाना भी काफी फायदेमंद होता है। इसलिए आप सबसे 2-3 अखरोट की गिरी लेकर रातभर के लिए भिगो दें। फिर अगली सुबह गिरी से छिलका हटाकर इसका सेवन करें। इससे आपको स्वास्थ्य संबंधी कई लाभ मिलेंगे। इस तरह से अखरोट का सेवन करने से हृदय स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इसलिए सर्दियों में रोजाना भीगे हुए अखरोट का सेवन करना चाहिए। इसस शरीर में गर्माहट भी बनी रहती है।

### खाएं अखरोट का हलवा

जिस तरह से लोग सर्दियों में गाजर या सूजी का हलवा खाते हैं। ठीक उसी तरह से आप सर्दियों में अखरोट का हलवा बनाकर खा सकते हैं। अखरोट का हलवा बनाने के लिए इसकी गिरी को एकदम बारीक पीस लें। फिर पैन को गैस पर रखकर इसमें घी डालें। इसके बाद गिरी का पेस्ट पैन में डालकर इसको अच्छे से भून लें। रोजाना इस हलवे का सेवन करने से आपको ताकत मिलेगी और यह स्वादिष्ट होने के साथ काफी ज्यादा पौष्टिक भी होता है।

### बनाएं अखरोट की स्मूदी

जो लोग वर्कआउट करते हैं, वह सर्दियों में अखरोट की स्मूदी का सेवन भी कर सकते हैं। इस स्मूदी का सेवन आप वर्कआउट से पहले या बाद में भी कर सकते हैं। इसके सेवन से मांसपेशियां मजबूत होने के साथ जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है। वहीं अखरोट की स्मूदी का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

# कैंसर से लेकर वेट लॉस तक में फायदेमंद है काला लहसुन, खूबियां जानकर रह जाएंगे हैरान

आमतौर पर लहसुन के फायदों के बारे में तो आप सभी ने सुना होगा। लेकिन क्या आप काले लहसुन के बारे में जानते हैं। अगर आपका जवाब नहीं है, तो हम आपको काले लहसुन और इसके सेवन से होने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



हर भारतीय घर में लहसुन का इस्तेमाल होता है। वहीं कई सब्जियों में भी लहसुन का उपयोग किया जाता है। क्योंकि इसके सेवन से स्वास्थ्य को तमाम सारे फायदे मिलते हैं। खासकर सर्दियों के मौसम में लहसुन के सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है और शरीर को गर्मी मिलती है। आमतौर पर लहसुन के फायदों के बारे में तो आप सभी ने सुना होगा। लेकिन क्या आप काले लहसुन के बारे में जानते हैं। अगर आपका जवाब नहीं है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको काले लहसुन और इसके सेवन से होने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### काला लहसुन

असल में काला लहसुन भी सामान्य लहसुन ही होता है। यह काले रंग और स्वाद के लिए फर्मेंटेड किया जाता है। आपको बता दें कि कई लोग ताजे लहसुन की तुलना में काले लहसुन को अधिक पसंद करते हैं। क्योंकि यह स्वाद में हल्का मीठा होता है। साथ ही इसमें कुछ पोषण मूल्य पाए जाते हैं। फर्मेंटेशन प्रोसस के दौरान बनने वाले कुछ हमारी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

### काले लहसुन के फायदे

### दिल की सेहत

कुछ रिसर्च से पता चला है कि यह दिल की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल के स्तर और ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायता मिल सकती है। काले लहसुन के सेवन से हार्ट डिजीज का खतरा कम होता है।

### वेट लॉस

इसके अलावा काले लहसुन में मौजूद कुछ कंपाउंड जैसे मेटाबॉलिज्म और एलिसिन सेहत पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। वहीं इसके सेवन से तेज मेटाबॉलिज्म शरीर को ज्यादा अच्छे से कैलोरी जलाने में मदद करता है। जिससे वेट लॉस हो सकता है।

### कैंसर

कई रिसर्चो की मानें तो काले लहसुन का अर्क कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचा सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव कैंसर सेल्स के विकास को रोकने में सहायक होते हैं।

### बूस्ट होगी इम्यूनिटी

आपको बता दें कि काले लहसुन में एलिसिन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं। जो प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन में योगदान कर सकते हैं। साथ ही शरीर को संक्रमण और बीमारियों से बचाते हैं।

### एंटीऑक्सीडेंट गुण

इसमें सैलिल सिस्टीन सहित विभिन्न एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से निपटने में सहायक हो सकते हैं। काला लहसुन एंटीऑक्सिडेंट फ्री रेडिकल्स को खत्म करने के साथ पुरानी बीमारियों के खतरे को भी कम करने में सहायक होता है।

# सर्दियों में स्तनपान करवाने में आ रही इस तरह की समस्या तो ऐसे पाएं निजात, जानिए क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट्स

सर्दियों में हर महिला को स्तनपान करवाने में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हांलाकि इस दौरान किस तरह की चुनौतियां होती हैं और उनसे कैसे निपटना चाहिए। आज हम आपके इन्हीं सवालों का जवाब देने जा रहे हैं।

बच्चा जन्म के बाद से अपनी हर जरूरत के लिए मां पर निर्भर होता है। फिर चाहे उसकी तबियत खराब हो, या फिर भूख लगी हो। दूध पिलाना न सिर्फ बच्चे बल्कि उसकी मां के लिए सबसे सुखद पल होता है। स्तनपान के बाद मां भी काफी रिलैक्स फील करती हैं। स्तनपान करवाने से महिलाओं में दूध का प्रवाह भी बेहतर होता है। साथ ही इससे मां और बच्चे का बॉन्ड भी मजबूत होता है। इस वजह से भी हेल्थ एक्सपर्ट्स मां द्वारा बच्चे को स्तनपान करवाने की सलाह देते हैं।

साथ ही इससे महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का भी खतरा कम होता है। लेकिन यह काम सर्दियों में काफी ज्यादा मुश्किल होता है। क्योंकि सर्दियों में हर महिला को स्तनपान करवाने में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हांलाकि इस दौरान किस तरह की चुनौतियां होती हैं और उनसे कैसे निपटना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम इन्हीं सारे सवालों के जवाब देने की कोशिश करेंगे। तो अगर आप भी अपने बच्चे को स्तनपान करवाती हैं और सर्दियों में इस प्रक्रिया में समस्या होती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।



### निप्पन सुन्न हो जाना

सर्दी की वजह से कई बार महिलाओं के निप्पल सुन्न हो जाते हैं। ऐसा होने पर बच्चा सही तरह से दूध खींच नहीं पाता है। वहीं अगर बच्चा निप्पल से दूध खींचने का प्रयास करता है, तो मां को दर्द का एहसास होता है। वहीं कुछ मामलों में देखा जाए तो सुन्नपन होने की वजह से निप्पल में खुजली होने लगती है।

### दूध नलिकाओं में ब्लॉकेज होना

सर्दियों में यदि महिला के निप्पल सुन्न हो जाते हैं, तो इससे दूध का फ्लो कम हो जाता है। फिर बच्चा कितना भी प्रयास करे, फिर भी दूध का प्रवाह सामान्य नहीं हो पाता है। लंबे समय तक कंडीशन बनी रहने पर दूध की नलिकाएं ब्लॉकेज हो जाती हैं। ऐसा होना महिलाओं के लिए भी काफी समस्या वाला होता है।

### क्रैक्ड निप्पल

क्योंकि सर्दियों में ड्राई हवा चलती है। वहीं हवा में नमी की वजह से महिलाओं की त्वचा और निप्पल में ड्राईनेस हो सकती है। लेकिन इसको भूलकर भी नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से दर्द और खुजली की समस्या बढ़ सकती है। वहीं ऐसे समय में बच्चे को दूध पिलाने से महिलाओं की तकलीफ और ज्यादा बढ़ सकती है। इसलिए जरूरी है कि इस सिचुएशन में महिला को किसी भी तरह के प्रीसर्वेटिव्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। साथ ही महिलाओं को परफ्यूम लगाने से भी बचना चाहिए।

### पीठ दर्द

भले ही आपको हैरानी हो कि स्तनपान कराने में पीठ दर्द का क्या संबंध है। लेकिन जिन महिलाओं की सर्दियों में डिलीवरी होती है, उनको ज्यादातर शारीरिक समस्या होती है। इनमें जैसे शरीर में दर्द, पीठ में दर्द और गर्दन आदि में दर्द की समस्या होती है। लेकिन इसको समय रहते कंट्रोल नहीं किया जाता है कि बच्चे को दूध पिलाने में काफी समस्या आ सकती है। वहीं अगर बच्चे को लंबे समय तक स्तनपान नहीं कराया जाए, तो दूध जम भी सकता है। जोकि दर्द की वजह बन सकती है।

### सर्दियों में ऐसे कराएं स्तनपान

अगर किसी महिला को स्तनपान के दौरान निप्पल में खुजली या इचिंग होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। डॉक्टर की सलाह को अपनाएं।

दूध में ब्लॉकेज की समस्या न होने दें। अगर किसी कारण से दूध का फ्लो कम हो गया है, तो अपने निप्पल की सिंकाई हीट पैड से कर सकती हैं। इससे दूध का प्रवाह सामान्य हो जाएगा।

समय-समय पर बच्चे को स्तनपान कराते रहें। क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करती हैं, तो दूध के जमने का अधिक रिस्क होता है।

# फिट रहने के लिए 14 साल से मनोज बाजपेयी रात का खाना नहीं खाया, क्या हर कोई डीनर करना छोड़ सकता है! जानें डॉक्टर ने क्या कहा?

मनोज बाजपेयी रात का खाना छोड़कर दोपहर 3 बजे अपना आखिरी भोजन क्यों करते हैं? क्या उनकी भोजन योजना आपको वजन कम करने, रोग-मुक्त रखने में मदद कर सकती है? अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में खुलासा किया है कि वह पिछले 14 साल से रात का खान नहीं खाते हैं। वह अपनी मील का आखिरी खाना दोपहर में 3 बजे खाना खाते हैं। मनोज बाजपेयी का कहना है कि इससे वह फिट रहते हैं और उनका वजन निर्यंत्रित रहता है। हालाँकि, वह नाश्ता या दोपहर का भोजन नहीं छोड़ते और व्यायाम भी करते हैं। संक्षेप में, वह अपने खाने की अवधि को दिन में आठ घंटे तक सीमित रखते है। जहां वह दिन के पहले भाग के दौरान अपनी अधिकांश कैलोरी को फ्रंट-लोड करते है ताकि वे अपने उपवास के बाकी घंटों के दौरान ऊर्जा को धीमी गति से जारी कर सकें। यह दिनचर्या काम करती है क्योंकि एक बार जब शरीर अपने रक्त ग्लूकोज भंडार को समाप्त कर देता है और कैलोरी की कमी हो जाती है, तो यह वसा जलने से ऊर्जा खींचता है। इससे स्वचालित रूप से वजन कम होता है, पुरानी सूजन कम होती है, कोशिकाओं की मरम्मत होती है और इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार होता है।

### क्या हर कोई रात का खाना छोड़ सकता है?

मणिपाल हॉस्पिटल्स, मैसूरु की आहार विशेषज्ञ काव्या जे का कहना है कि आठ घंटे का स्लॉट चुनना ऐसा होना चाहिए कि आप इसका लगातार पालन कर सकें। और यह निश्चित रूप से किसी भी चिकित्सीय स्थिति वाले लोगों के लिए उचित नहीं है। यह निवारक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के हिस्से के रूप में बिना सह-रुग्णता वाले लोगों के लिए काम कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं कहूंगी कि सुबह 10 बजे हल्का नाश्ता करें, दोपहर 12 बजे तक दोपहर का खाना खा लें और शाम 5.30 बजे तक जल्दी खाना खा लें और फिर रात भर उपवास रखें। साथ ही, यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने भोजन के दौरान जो भी खाते हैं, उसमें से आपके सभी मैक्रो और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की अनुशंसित दैनिक मात्रा प्राप्त हो। आखिरकार, रात का खाना दिन का तीसरा भोजन है और यह शरीर को सोते समय सामान्य प्रक्रियाओं को जारी रखने के लिए आवश्यक शक्ति देता है। काव्या ने आगे कहा जब आप उस भोजन को खत्म कर देते हैं जिसके लिए आपका शरीर अनुकूलित है, तो आप अपनी आवश्यक ऊर्जा और पोषक तत्वों को निकालने के अवसरों को सीमित कर देते हैं। इसलिए प्रति-संतुलन महत्वपूर्ण है।



### रात का खाना छोड़ने से क्या हो सकता है?

काव्या कहती हैं रात का खाना छोड़ने से रक्त शर्करा के स्तर पर असर पड़ता है और शुरुआती चरणों में, व्यक्ति में ऊर्जा की कमी हो सकती है। इसीलिए इसे मधुमेह वाले लोगों के लिए अनुशंसित नहीं किया जाता है क्योंकि वे रक्त शर्करा में उच्च या निम्न उतार-चढ़ाव बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। शुरुआत में आपको नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। हालाँकि, आपको अपनी चुनी हुई खाने की अवधि के दौरान ज़्यादा खाने पर नियंत्रण रखना चाहिए। लंबे समय तक उपवास करने से लालसा पैदा हो सकती है और आप अधिक भोजन कर सकते हैं और कैलोरी का बोझ बढ़ सकता है जिसे जलाना आपके लिए मुश्किल हो सकता है। काव्या कहती हैं, उच्च शर्करा तनाव हार्मोन कोर्टिसोल के स्तर को भी बढ़ा सकती है, जो रक्तचाप को बढ़ा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी अत्यधिक लालसा और प्रतिक्रियाओं से बचने के लिए, वह अत्यधिक लालसा को रोकने के लिए रात के खाने के मूल समय में सूप या उबली हुई सब्जियों का एक मापा कटोरा लेने का सुझाव देती है।

### क्या रात का खाना छोड़ने से वज़न कम होता है?

काव्या के अनुसार, अल्पावधि में, हाँ, लेकिन इसे बनाए रखने का मतलब पोषण संतुलन बनाए रखते हुए एक अनुशासन से चिपके रहना है। जब हमारे शरीर को अपना नियमित भोजन नहीं मिलता है, तो यह भुखमरी की स्थिति में जा सकता है जो ऊर्जा संरक्षण के लिए हमारे चयापचय को धीमा कर देता है। तब शरीर कम कैलोरी जलाता है, जिससे वजन कम करना कठिन हो जाता है। यूके के एक छोटे से अध्ययन में वृद्ध वयस्कों (65-74 वर्ष की आयु) पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पाया गया कि छह सप्ताह तक भोजन का सेवन प्रति दिन आठ घंटे तक सीमित रखने से पुरुषों के लिए औसतन चार पाउंड और महिलाओं के लिए 2.9 पाउंड वजन कम हुआ। अध्ययन के दौरान पुरुषों ने आंत के वसा द्रव्यमान और पेट की चर्बी में भी महत्वपूर्ण कमी का अनुभव किया, हालांकि महिलाओं के वसा द्रव्यमान पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा। एक अन्य छोटे अध्ययन में पाया गया कि वैकल्पिक दिन उपवास से शरीर के वजन और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) में अधिक कमी आई।

# इन वजहों से होते हैं बार-बार मूड स्विंग

मूड स्विंग्स के पीछे की सबसे मुख्य वजह शरीर में हार्मोनल बदलाव हो सकते हैं। मसलन, प्यूबर्टी, पीरियड्स, प्रेग्नेंसी व मेनोपोज के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से हार्मोनल उतार-चढ़ाव होते हैं, जो उनके मूड को प्रभावित कर सकते हैं।

एक पल खुशी और दूसरे पल उदासी। ऐसा हम सभी ने कभी ना कभी एक्सपीरियंस किया ही है। इसे मूड स्विंग्स कहा जाता है, जब आप बिना किसी वजह के बेहद खुश या उत्साहित महसूस करते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप बेवजह दुखी, परेशान या उदास हों। अक्सर इस सिचुएशन में हमें समझ में नहीं आता है कि खुद को किस तरह हैंडल करें। हालांकि, कभी आपने सोचा है कि बार-बार होने वाले मूड स्विंग्स के पीछे की वजह क्या हो सकती हैं। अगर नहीं, तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस बारे में बता रहे हैं।

मूड स्विंग्स के पीछे की सबसे मुख्य वजह शरीर में हार्मोनल बदलाव हो सकते हैं। मसलन, प्यूबर्टी, पीरियड्स, प्रेग्नेंसी व मेनोपोज के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से हार्मोनल उतार-चढ़ाव होते हैं, जो उनके मूड को प्रभावित कर सकते हैं। इतना ही नहीं, कई बार हार्मोनल डिसऑर्डर जैसे पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) आदि भी मूड स्विंग्स की वजह बन सकते हैं।



### स्ट्रेस

कई बार स्ट्रेस की वजह से भी आपको मूड स्विंग्स हो सकते हैं। यह स्ट्रेस काम, रिलेशनशिप या फिर जीवन की किसी अन्य घटनाओं के कारण हो सकते हैं। अगर आप भी ऐसी ही किसी स्थिति में हैं, तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कुछ एक्टिविटीज का हिस्सा बनें।

### नींद संबंधी समस्या

अगर आप इन दिनों नींद से जुड़ी किसी परेशानी का सामना कर रहे हैं। मसलन, अगर आपको नींद कम आ रही हैं या फिर आपका स्लीप पैटर्न अनियमित है तो ऐसे में आपकी बॉडी में स्ट्रेस लेवल बढ़ सकता है। जिससे आपको मूड स्विंग्स की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### मेडिकल साइड इफेक्ट्स

कई बार मेडिकल साइड इफेक्ट्स के कारण भी व्यक्ति को मूड स्विंग्स हो सकते हैं। कभी-कभी कुछ हेल्थ कंडीशन को ठीक करने के लिए हम दवाइयों का सेवन करते हैं। ऐसे में उसके साइड इफेक्ट के रूप में आपको बहुत अधिक उत्साहित या उदासी का अहसास हो सकता है।

### एनवायरनमेंट ट्रिगर

कभी-कभी कुछ लोगों को बदलते मौसम के साथ भी मूड स्विंग्स की समस्या होती है। इसे सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर मतलब एसएडी के रूप में जाना जाता है। ऐसे में व्यक्ति अधिक उदास महसूस करता है। यहां तक कि उसकी फूड क्रेविंग्स भी बढ़ने लगती है।

# विपक्षी गठबंधन की बैठक में नीतीश कुमार ने ठुकराया संयोजक का पद

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन की बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी

**गठबंधन**

**विपक्षी गठबंधन की बैठक को लेकर भाजपा सांसद दिलीप घोष ने तंज कसा है।**

संयोजक बनने की कोई इच्छा नहीं है बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने। गौरतलब है कि विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व की अहम बैठक जारी है। इस बैठक में गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे के लिए रणनीति बनाने और गठबंधन का संयोजक बनाने पर चर्चा के लिए हो रही है। यह बैठक वर्चुअली हो रही है, जिसमें 10 पार्टियों के नेता शामिल हुए। बैठक में नीतीश कुमार, एमके स्टालिन, शरद पवाार, डी राजा, मल्लिकार्जुन खरगे, उमर अब्दुल्ला, राहुल गांधी, सीताराम येचुरी, लालू यादव-तेजस्वी यादव,



अरविंद केजरीवाल, डी राजा, शरद पवार शामिल हैं। हालांकि बैठक से पहले ही विपक्ष को झटका लगा और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी इस बैठक में शामिल नहीं हो रही हैं। साथ ही शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे भी विपक्षी गठबंधन की इस बैठक में शामिल नहीं हुए। विपक्षी गठबंधन की बैठक को लेकर भाजपा सांसद दिलीप घोष ने तंज कसा है। उन्होंने कहा विपक्षी गठबंधन कोई काम नहीं करता और सिर्फ बैठकें करता है। कुछ नहीं होगा और जल्द ही यह गठबंधन टूट जाएगा।

**टीएमसी और कांग्रेस में नहीं बन पा रही सहमति**

वहीं ममता बनर्जी के बैठक में शामिल ना होने पर टीएमसी ने कहा कि उन्हें बैठक के लिए शॉर्ट नोटिस पर सूचना दी गई और साथ ही कांग्रेस ने बैठक के एजेंडे के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। हाल के दिनों में यह दूसरी बार है जब टीएमसी ने कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार किया है। गुरुवार को ही टीएमसी ने बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार कर दिया था। दरअसल मीडिया रिपोट्र्स में कहा जा रहा है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को दो सीटें देने की पेशकश कर रही हैं और ज्यादा से ज्यादा तीन पर वह मान सकती हैं, लेकिन कांग्रेस इस पर सहमत नहीं है।

**नीतीश कुमार संयोजक पद के दावेदार**

विपक्षी गठबंधन के संयोजक पद के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की चर्चा है। जदयू चाहती है कि नीतीश कुमार को संयोजक पद की जिम्मेदारी मिले क्योंकि उन्हीं की पहल पर विपक्षी पार्टियां एकजुट हुईं। हालांकि ममता बनर्जी की पार्टी द्वारा इसका विरोध भी हो रहा है।

## प्राण प्रतिष्ठा करने से पीएम मोदी को ही नुकसान होगाः अय्यर

**कोझिकोड।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने अपने एक बयान में कहा है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा खुद करने से पीएम



मोदी को ही नुकसान होगा। दरअसल शंकराचार्यों की कथित नाराजगी को लेकर मणिशंकर अय्यर ने यह बात कही। मणिशंकर अय्यर केरल लिटरेचर फेस्टिवल के सातवें संस्करण में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा खुद राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने और धार्मिक अनुष्ठान करने पर चार शंकराचार्यों ने नाराजगी जताई है।

मणिशंकर अय्यर ने कहा कि यह सब पीएम मोदी को ही नुकसान पहुंचाएगा। अधिकतर हिंदुओं ने कभी भी हिंदुत्व के लिए वोट नहीं किया है। यह हमारा चुनाव कराने का तरीका है जो बीते 10 सालों से हिंदुत्ववादी सत्ता में हैं। अय्यर ने कहा कि हिंदू धर्म भारत का सबसे प्राचीन धर्म है और देश के बहुसंख्यक समाज द्वारा इसका पालन किया जाता है। वहीं हिंदुत्व एक राजनीतिक दर्शन है।

## प. बंगाल के पुरुलिया में 12 गिरफ्तार, अदालत में पेशी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में साधुओं पर हमले के मामले में राजनीतिक पारा चढ़ने लगा है। इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को आरोपियों को रघुनाथपुर सबडिविजनल कोर्ट में पेश किया गया। सियासी दल सत्तारूढ़- तृणमूल कांग्रेस पर हमलावर हैं, जिससे विवाद राजनीतिक बनता जा रहा है।

पुरुलिया में साधुओं पर हमला करने के मामले में पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब सियासी बयानबाजी भी हो रही है। प्रदेश विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी- भाजपा ने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथों लिया है। विवाद राजनीतिक रंग अख्तियार कर रहा है, इसके संकेत इस बात से मिल रहे हैं कि टीएमसी ने भाजपा पर घटना को सांप्रदायिक मोड़ देने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रही है। इसमें कथित तौर पर गंगासागर मेले के लिए जा रहे भिक्षुओं के साथ पुरुलिया के काशीपुर में अभद्रता की गई। वीडियो में लोगों का एक समूह साधुओं के साथ धक्का-मुक्की करते देखा जा सकता है। पुरुलिया पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर बताया कि यह घटना गलतफहमी के कारण हुई। स्थानीय पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और साधुओं को बचाया। पुरुलिया पुलिस अधीक्षक (स्क) अविजीत बनर्जी ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध एक विशेष मामले के आधार पर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को आरोपियों को रघुनाथपुर सबडिविजनल कोर्ट में पेश किया गया।

## गुजरात में दो करोड़ रुपये से भरी एटीएम कैश वैन चोरी की कोशिश, छह आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर 2.13 करोड़ रुपये से भरी एक एटीएम कैश वैन को चुराने का प्रयास कर रहे थे। जिनका वाहन चालकों और पुलिस ने पीछा किया। जिसके बाद उन्होंने इसको शहर के बाहरी इलाके में छोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि इन आरोपियों में दो नकदी प्रबंधन कंपनी के कर्मचारी हैं। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर उन्हें पकड़ लिया गया था। कच्छ के पुलिस अधीक्षक सागर बरमार ने बताया कि घटना जिले के गांधीधाम शहर के बैंकिंग सर्किल में शुक्रवार की सुबह हुई। तब नकदी प्रबंधन कंपनी के पांच कर्मचारी वैन में 2.13 करोड़ रुपये लोड करने के बाद पास के एक होटल में खाना खाने गए थे। उन्होंने बताया कि इन कर्मचारियों को एक बैंक से एकत्र की गई नकदी को दोपहर में शहर के विभिन्न एटीएम में जमा करना था। उन्होंने बताया कि जब कर्मचारी वैन को लॉक करने के बाद पास के एक होटल में खाना खा रहे थे। तभी कोई डुप्लिकेट चाबी का इस्तेमाल करके वाहन में घुस गया और इसको लेकर फरार हो गया। लूट का पता चलते ही एक कर्मचारी दीपक सठवारा ने तुरंत पुलिस को फोन किया। दीपक ने वैन का पीछा करने के लिए एक मोटसाइकिल सवार की मदद ली। इसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फिर उसने भी अपने वाहन से वैन का पीछा किया।

उन्होंने बताया कि वैन ने दर्शित ठक्कर नाम के एक व्यक्ति की कार को टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद जब वह नहीं रुकी तो वह उसका पीछा करने लगा। उसने दीपक सठवारा को लिफ्ट दी। जब उसे लगा कि एक कार और पुलिस का वाहन उसका पीछा कर रहे हैं। तो उसने वैन को शहर के बाहरी इलाके में छोड़ दिया। फिर अपने साथी के साथ दूसरी कार में फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि 2.13 करोड़ रुपये की नकदी के साथ वैन को बरामद करने के लिए पुलिस ने टीमों का गठन किया। फिर अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया।

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और सूत्रों से जानकारी जुटाई। जिसके आधार पर वैन चलाने वाले दिनेश फाफल (21 वर्षीय) समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य पांच आरोपियों की पहचान कच्छ जिले के निवासी राहुल संजोत (25 वर्षीय), विवेक संजोत (22 वर्षीय), राहुल बरोट (20 वर्षीय), नितिन भानुशाली (23 वर्षीय) और गौतम विंजोदा के रूप में हुई है।

## स्टालिन ने बेटे को उप मुख्यमंत्री बनाने की अफवाहों को किया खारिज

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को उन अटकलों को अफवाह बताकर खारिज कर दिया। जिनमें कहा जा



रहा था कि उनके बेटे उदयनिधि को राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सलेम में 21 जनवरी को द्रमुक की युवा इकाई का सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन का विरोध करने वाले इस तरह की अफवाहें फैला रहे हैं।

स्टालिन ने पोंगल के बधाई संदेश में कहा, ऐसे समय में जब प्रदेश के युवा सलेम में होने वाले सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। कुछ लोगों ने मेरे स्वास्थ्य को लेकर अफवाहें फैलाई। शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि जब राज्य के लोग खुश हैं, तो उनकी चिंता करने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, मैं स्वस्थ और खुश हूं और काम कर रहा हूं।

द्रमुक प्रमुख ने कहा कि सनसनी पैदा करने के इरादे से यह अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि बेटे (उदनिधि को) को उप मुख्यमंत्री का पद देने वाले हैं। उन्होंने कहा, उदयनिधि ने खुद इसका जवाब दिया था कि सभी मंत्री मुख्यमंत्री की मदद कर रहे हैं और इस मुद्दे को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पार्टी की युवा इकाई के सम्मेलन से ध्यान भटकाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सम्मेलन का मकसद राज्य के अधिकारों और संघवाद की रक्षा करना होगा। इसका विरोध करने वाले अफवाह फैला रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस की परेड में मेड इन इंडिया पर जोर इन स्वदेशी हथियारों पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली।** राजपथ पर इस साल गणतंत्र दिवस की परेड में मेड इन इंडिया हथियार आकर्षण का मुख्य

**बख्तरबंद**

**गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान आधुनिक बख्तरबंद गाड़ियां और अन्य विशेषज्ञ वाहन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।**

केंद्र रहेंगे। परेड के दौरान स्वदेशी हथियार जैसे एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर और एंटी टैंक मिसाइल नाग का प्रदर्शन किया जाएगा। एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर देश का पहला स्वदेशी मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन किया गया है।



एलसीएच प्रचंड ग्राउंड अटैक और हवाई हमले में सक्षम है। यह हेलीकॉप्टर आधुनिक स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिसमें आर्मर प्रोटेक्शन और रात में हमला करने की भी क्षमता मौजूद है। इसमें आधुनिक नेविगेशन सिस्टम, और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगाई गई हैं। नाग मिसाइल सिस्टम को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया है। दुश्मनों के टैंकों को तबाह करने में यह मिसाइल काफी कारगर है और खास बात ये है कि यह मिसाइल सिस्टम दिन और रात दोनों समय हमले करने में सक्षम है। यह मिसाइल टॉप अटैक क्षमताओं और ऑटोमैटिक तरीके से अपने लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। नाग मिसाइल का कैरियर NAMICA बीएमपी-2 पर आधारित सिस्टम है और इसे जमीन के साथ ही पानी की सतह से भी फायर किया जा सकता है।

गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान आधुनिक बख्तरबंद गाड़ियां और अन्य विशेषज्ञ वाहन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

इस साल गणतंत्र दिवस की परेड में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां मुख्य अतिथि होंगे।

मेड इन इंडिया हथियारों में टी-90 टैंक, बीएमपी-2 इंफेंट्री कॉम्बैट वाहन, ड्रोन जैमर्स, एडवांस्ड सर्वत्र ब्रिज, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और मल्टी फंक्शन रडार आदि का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## म्यांमार सेना और जातीय गुरिल्ला समूहों में संघर्ष विराम पर सहमति, चीनी मध्यस्थता में हुआ समझौता

**बीजिंग।** म्यांमार की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने अस्थायी



संघर्षविराम समझौते पर सहमति जताई। हालांकि, पूर्व में हुए समझौते का दिसंबर में दोनों पक्षों ने पालन नहीं किया।

म्यांमार की सेना और वहां के जातीय अल्पसंख्यक गुरिल्ला समूहों के गठबंधन के बीच देश के पूर्वोत्तर में जारी लड़ाई को रोकने के लिए तत्काल संघर्षविराम समझौते पर सहमति बन गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी, जबकि म्यांमार की सैन्य सरकार ने भी इसकी पुष्टि की है।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, म्यांमार सीमा से 400 किमी दूर चीन की एक प्रांतीय राजधानी कुनमिंग में चीनी मध्यस्थता में यह समझौता हुआ। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि म्यांमार में संबंधित पक्ष ईमानदारी से समझौते को लागू करेंगे, एक-दूसरे के प्रति अधिकतम संयम बरतेंगे और बातचीत तथा परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करेंगे।

म्यांमार की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने अस्थायी संघर्षविराम समझौते पर सहमति जताई। हालांकि, पूर्व में हुए समझौते का दिसंबर में दोनों पक्षों ने पालन नहीं किया।

चीनी प्रवक्ता ने कहा, सेना और थ्री ब्रदरहुड एलायंस (म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी, तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी तथा अराकान आर्मी) तत्काल संघर्षविराम और अपने-अपने लड़ाकों को बातचीत से हटाने पर सहमत हुए हैं। दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्र में रहने वाले चीनी लोगों और म्यांमार में चीनी परियोजनाओं तथा कर्मियों को नुकसान न पहुंचाने का वादा किया।

## चीन में एक बार फिर कोयले की खदान में हादसा, 10 की मौत

**बीजिंग।** शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जब यह घटना हुई तब 425 लोग साइट पर काम कर रहे थे। इनमें से 380 को सही सलामत निकाल लिया गया। राहत-बचाव कार्य अभी भी जारी है। चीन के हेनान प्रांत में शनिवार को कोयले की एक खदान में बड़ा हादसा हो गया। इसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि छह लोग गायब हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना पिंगदिंगशान में कोयले और गैस के संपर्क में आने के बाद हुई। हादसे में पिंगदिंगशान तिआनन कोल माइनिंग कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों की जान गई है। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जब यह घटना हुई तब 425 लोग साइट पर काम कर रहे थे। इनमें से 380 को सही सलामत निकाल लिया गया। राहत-बचाव कार्य अभी भी जारी है। कोयला खदान की देख-रेख में लगे अधिकारियों को कस्टडी में ले लिया गया है।

## 29000 से अधिक लोगों की कथित गिरफ्तारी चिंताजनक

**कोलंबो।** श्रीलंका में 17 दिसंबर के बाद कथित तौर पर 29 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नशीली दवाओं के खिलाफ श्रीलंका पुलिस के अभियान को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की तरफ से चिंता जाहिर की गई है। दुर्व्यवहार और यातना की खबरों पर यूएन ने संज्ञान लिया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद दुनियाभर में होने वाले दुर्व्यवहार और यातनाओं के खिलाफ आवाज बुलंद करता है। श्रीलंका में नशीली दवाओं के खिलाफ पुलिस के अभियान को लेकर यूएन ने चिंता जताई है। परिषद ने कहा, हम इस बात से बहुत चिंतित हैं कि श्रीलंका में पुलिस अधिकारी मानवाधिकारों पर आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों पर ध्यान देने के बजाय देश की ड्रग्स समस्या से निपटने में लगे हैं। यूएन की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि 17 दिसंबर से अब तक नशीली दवाओं से संबंधित मामलों में 29,000 लोगों को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार

**दुर्व्यवहार**

**संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद दुनियाभर में होने वाले दुर्व्यवहार और यातनाओं के खिलाफ आवाज बुलंद करता है।**

उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने एक बयान में कहा, कुछ लोगों के साथ दुर्व्यवहार और यातना के आरोप भी सामने आए हैं। गौरतलब है कि श्रीलंका क सरकार ने देश में सक्रिय सभी ड्रग डीलरों को गिरफ्तार करने के लिए 30 जून की समयसीमा तय की है। 17 दिसंबर को ऑपरेशन युक्तिया (न्याय के लिए सिंहली शब्द) शुरू किया गया है। मंत्री तिरान एलेस ने इस मिशन का संकल्प लिया है। कार्यवाहक पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) देशबंधु



तेनाकून की अगुवाई में नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़े लोगों पर नकेल कसी जा रही है।

मीडिया रिपोट्र्स का संज्ञान लेते हुए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकाय ने गहरी चिंता जताई। आयोग ने कहा, मादक पदार्थों की समस्या को रोकने के लिए श्रीलंका पुलिस का एक्शन आलोचना योग्य है। यूएन की इस इकाई ने श्रीलंका सरकार से मानवाधिकार आधारित दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है। साथ ही अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करने का आह्वान भी किया है। शुक्रवार रात जिनेवा में ओएचसीएचआर का बयान जारी किया गया। इसमें अधिकार के कथित दुरुपयोग, यातना और श्रीलंका पुलिस के ऑपरेशन के दौरान उचित प्रक्रिया और निष्पक्ष सुनवाई जैसे बिंदुओं का जिक्र किया गया। दावा किया जा रहा है कि श्रीलंका में सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर बिना सर्च वारंट के छापेमारी की। इस दौरान मानवाधिकारों के हनन पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। तुर्किये ने इन आरोपों की गहन और निष्पक्ष जांच पर जोर दिया।

## सोमालिया की तट से अमेरिकी नौसेना के दो नाविक लापता

**वॉशिंगटन।** सोमालिया की तट पर गुरुवार की शाम को ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी नौसेना के दो नाविक लापता हो गए। अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाविकों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया।

यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा, इन नाविकों की अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े में तैनाती हुई थी, जिसके तहत सैनिकों को कई अभियानों को अंजाम देना होता है। बयान में यह भी कहा गया कि जब तक तलाशी अभियान पूरा नहीं हो जाता, तब तक अतिरिक्त जानकारी नहीं दी जाएगी।

बता दें कि हाल ही में सोमालिया की तट से ही एक जहाज को हाइजैक कर लिया गया था। इस जहाज में 15 भारतीय नागरिक शामिल थे। झंडे पर लाइबेरिया का झंडा लगा था।

# अमेरिका ने यमन की राजधानी सना में फिर बरसाए बम, हूती की चेतावनी- इसकी सजा मिलेगी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव

**हमले**

**शुक्रवार को अमेरिका और ब्रिटेन के संयुक्त हमले में 28 स्थानों पर हूती के 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए थे।**

बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है, जो पहले से ही इस्राइल हमास युद्ध की वजह से तनाव से जूझ रहा है।

अमेरिकी सेना ने शनिवार की सुबह एक बार फिर से यमन के हूती के ठिकानों पर बमबारी की। इससे पहले अमेरिका ने शुक्रवार को भी ब्रिटेन की सेना के साथ मिलकर यमन में कई जगहों पर हूती के ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया।

शुक्रवार को अमेरिका और



ब्रिटेन के संयुक्त हमले में 28 स्थानों पर हूती के 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए थे। साथ ही अमेरिका ने अपने व्यापारिक जहाजों को कुछ दिनों तक लाल सागर से दूर रहने की सलाह दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हूतियों पर हवाई हमले की पुष्टि करते हुए ही कहा था कि अगर हूती विद्रोहियों ने व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद नहीं किया तो उन पर फिर से निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिका के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है, जो पहले से ही इस्राइल हमास युद्ध की वजह से तनाव से जूझ रहा है।

वहीं अमेरिका के हमलों के बाद हूती ने भी जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका को इन हमलों की सजा मिलेगी। अमेरिका का कहना है कि हवाई हमलों में हूती के उन ठिकानों को निशाना बनाया गया, जहां ज्यादा जनसंख्या नहीं थी और खासकर हूतियों के हथियारों, रडार और अहम ठिकानों पर हमले किए गए। इन हमलों में ज्यादा लोगों की मौत की आशंका नहीं है।

गौरतलब है कि ईरान समर्थित हूती इस्राइल हमास युद्ध के बाद से लाल सागर से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे थे। अमेरिकी नौसेना ने कई बार हूती के ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम किया था। अमेरिका और उसके सहयोगी देश ब्रिटेन ने शुक्रवार को यमन में हूती के ठिकानों पर भारी गोलाबारी की।

## सुनक कैबिनेट की बर्खास्त मंत्री ने रवांडा बिल पर सरकार को घेरा, कहा- इस बिल को वापस लेना होगा बेहतर

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की बर्खास्त मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के रवांडा विधेयक पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का रवांडा सुरक्षा विधेयक अगले सप्ताह संसद में पेश किया जाना है। सुनक की पूर्व कैबिनेट सहयोगी ने कहा है कि इस विधेयक से कोई फायदा नहीं होगा। हाउस ऑफ कॉमन्स में कड़े बयानों के बाद, भारतीय मूल की पूर्व मंत्री ने शुक्रवार को जीबी न्यूज के चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वह विधेयक के वर्तमान स्वरूप का समर्थन नहीं करेंगी।

पिछले महीने कॉमन्स में पहली बाधा को पार करने के बाद अब अपनी संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहे विवादास्पद विधेयक में ब्रिटेन में शरण चाहने वालों को पूर्वी अफ्रीकी देश में निर्वासित करने के रास्ते में आने वाली कानूनी बाधाओं को दूर करने की कोशिश की गई है।

ब्रेवरमैन ने एक साक्षात्कार में, मैं केवल उस विधेयक का समर्थन करने जा रही हूं जो काम का हो। वर्तमान में जो मसौदा तैयार किया गया है, वह किसी काम का नहीं है। अगर इसमें कोई सुधार नहीं होता है,



तो मुझे इसके खिलाफ मतदान करना होगा, इसका मुझे डर है। मुझे ऐसे मुद्दों पर वोट देने के लिए संसद भेजा जाता है, मुझे इसके पक्ष या विपक्ष में होना होगा, मैं इसे केवल बैठ कर देख नहीं सकती।÷ ब्रिटिश सांसदों को अगले सप्ताह मंगलवार और बुधवार को विधेयक में संशोधनों पर बहस और मतदान करना है, यह किसी भी नए कानून को आगे की जांच के लिए हाउस ऑफ लॉर्ड्स में भेजे जाने से पहले कॉमन्स में पारित होने का अंतिम चरण है। इस विधेयक का पारित ना होना सुनक के लिए एक बड़ा सिरदर्द साबित हो सकता है। सुनक को हार का सामना करना पड़ सकता है अगर उनकी अपनी कंजर्वेटिव पार्टी के 32 सांसद इसके खिलाफ वोट कर दें तो। अगर ऐसा होता है तो 1977 के बाद से ऐसा पहली बार होगा। 1977 से अब तक हाउस ऑफ कॉमन्स में तीसरी रीडिंग में कोई भी सरकारी बिल नहीं अटका है।

# भारत विकास परिषद शौर्य ने वन्दे मातरम् महासमूह गान करके रचा इतिहास

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों, सभी नगरवासियों, विद्यालय के छात्र–छात्राओं और महिलाओं समेत एक ऐतिहासिक और भव्य युवा चेतना शोभायात्रा निकाली गयी जो भण्डारी स्टेशन से कार्यक्रम स्थल बीआरपी कालेज के मैदान तक गयी। जहां कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक काशी प्रान्त रमेश , मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री भारत विकास परिषद विक्रान्त खण्डेलवाल, जिला संघचालक डा. सुभाष सिंह तथा संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के हाथों दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् कार्यक्रम स्थल से गाया गया। जिसमें लगभग 5 हजार लोग उपस्थित रहे। साथ ही साथ इसी समय पर शहर के विभिन्न स्थानों, विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं में भी दोपहर 2–15 बजे वन्दे मातरम् गीत गाया गया। संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का अभिवादन करते हुए अपने पूर्व के कार्यों के विषय में तथा आने वाली योजनाओं के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में



मुख्य अतिथि रमेश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद शौर्य द्वारा यह भव्य आयोजन ऐतिहासिक है और निश्चित ही संस्था आने वाले समय में इतिहास रचेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ऐसे बहुत सारे विचार प्रवाह संगठन निरंतर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रह हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी के ऊपर एक कविता पाठ किया, जिसने उपस्थित समस्त जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता विक्रान्त खण्डेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि युगपुरूष स्वामी विवेकानन्द भारत विकास परिषद परिवार के आदर्श हैं इसलिये स्वामी विवेकानन्द जयन्ती का यह कार्यक्रम हर जगह आयोजित है लेकिन शौर्य शाखा द्वारा किया गया यह भव्य कार्यक्रम ऐतिहासिक है। उन्होंने इसके लिये अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि लगभग 15 वर्षों से अपने कार्यकाल में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती का इतना भव्य उत्सव नहीं देखा। इसके लिये उन्होंने अध्यक्ष सहित शौर्य परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम में महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव के नेतृत्व में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि और सम्मानित मंच के द्वारा कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव, प्रमोद राम त्रिपाठी, जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव, सचिव डा. आनन्द प्रकाश, प्रकल्प प्रमुख प्रमोद मौर्य, सह प्रकल्प प्रमुख आनन्द देव वर्मा, संजीव पाण्डेय, पंकज सिंह, अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी, जनार्दन पाण्डेय, जयशंकर सिंह, प्रशान्त सिंह लकी, चंचल पाठक, आनन्द अस्थाना, राजेश, प्रमोद सैनी, सुजीत यादव, सन्दीप चौधरी, अमरनाथ पाण्डेय, अंजू सिंह, रश्मिता सिंह, राहुल अग्रहरि, देवीसेवक शुक्ल, डा. संदीप मौर्य, अमित निगम, प्रमोद शुक्ल, डा. वीके यादव, प्रभाकर सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय तथा हर्षित गुप्ता ने किया।

# स्वामी जी की अद्भुत विरासत समृद्धि से भरी: प्रो. त्रिपाठी

**अवधनामा संवाददाता**

**युवा दिवस पर अभाविप द्वारा आयोजित की गई संगोष्ठी**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा आज स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र में आयोजित किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समर्पित सोच, युवाओ के उत्कृष्टता, और सामाजिक सेवा के मूल्यों को समर्थन करना रहा। इस मौके पर गणमान्य जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता अजय पाल सिंह द्वारा किया गया, विशेष अतिथि के रूप में गिरीश चंद्र त्रिपाठी (पूर्व कुलपति काशी हिंदू विश्वविद्यालय, अध्यक्ष उच्च शिक्षा परिषद ) ने स्वामी जी की अद्भुत विरासत को समृद्धि से भरा बताया और छात्रों को उनके उदार दृष्टिकोण और सामाजिक सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इकाई मंत्री आलोक त्रिपाठी ने कहा कि इस देश का भविष्य एक युवा ही बदल सकता है, स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनके द्वारा सामाजिक व आध्यात्मिक योगदान को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

# हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले के पुलिस अधिक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा, के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे।

विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर, के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम बरजी में मनीष ईठ भट्ठा पर कार्य करने वाले मजदूर उमेश मांझी को ईट व डंडा से मारपीट कर निर्मम हत्या करने वाले अभियुक्त राजेश मांझी की तलाश में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उ0नि0 विवेकानंद सिंह चौकी प्रभारी धनियामऊ व हमराही गण के साथ धनियामऊ में मौजूद था। कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त राजेश मांझी बिहार भागने के फिराक में औंका जाने वाले हाइवे मोड़ पर वाहन का इन्तजार कर रहा है। मुखबीर की सूचना पर थानाध्यक्ष मय हमराही के औंका मोड़ से अभियुक्त राजेश मांझी पुत्र स्व0 जोगिन्दर मांझी नि0ग्रा0 छउला मकदूमपुर (टाडेपर) थाना मानपुर, जिला नालंदा, बिहार को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।आपको बताते चलें कि अभियुक्त राजेश मांझी मृतक उमेश मांझी का सगा जीजा है। दोनो सपरिवार मनीष ईट भट्ठा ग्राम बरजी मे ईट पाथने का कार्य करते थे। घटना के चार पाच दिन पहले दोनो में विवाद हुआ था, अभियुक्त राजेश मांझी विवाद के दिन से उमेश मांझी से काफी नाराज था, जान से मारने के लिए प्लान के तहत दो दिन पहले अपनी पत्नी को बिहार अपने घर पर छोड़ आया। शुक्रवार की रात्रि में उमेश मांझी को शराब पिलाने के लिए ग्राम बरजी स्थित प्राइमरी स्कूल मे ले गया, वही पर उमेश मांझी को काफी शराब पिलाया, जब उमेश मांझी काफी शराब के नशे मे था तभी उस पर डण्डे व ईट से मार कर हत्या कर भाग गया।

# संस्कृति उत्सव-2023‘ कार्यक्रम का सामूदायिक भवन के सभागार में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जनपद स्तरीय ‘संस्कृति उत्सव-2023‘ कार्यक्रम का सामूदायिक भवन के सभागार में हुआ सफल आयोजन। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्व्लन व माल्यार्पण कर ‘संस्कृति उत्सव-2023‘ कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ। शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में ‘संस्कृति उत्सव-2023‘ कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के इच्छुक सभी ग्रामीण/शहरी कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सामुदायिक भवन में किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम और नगर मजिस्ट्रेट जल राजन चौधरी द्वारा दीप प्रज्व्लन व मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए



उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। कार्यक्रम की आयोजक जिला सूचना अधिकारी /जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा उनका हार्दिक स्वागत किया गया। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने सभी कलाकारों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सम्मानित सदस्य के रूप में संगीत अध्यापक डॉ नरेंद्र देव पाठक टी.डी. कॉलेज, संगीत विभाग, डॉ ज्योति सिन्हा सहायक आचार्य राज राजेश्वरी महाविद्यालय जफराबाद अध्यक्ष संस्कार भारती जौनपुर, सुभाष विश्नोई संगीत विभागाध्यक्ष टीडी डिग्री कालेज शामिल रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन शसुमित कुमार सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी सम्मानित मीडिया बन्धुओं की उपस्थिति सराहनीय रही। तहसील सदर के विशाल तिवारी, विनोद कुमार शुक्ला द्वारा मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध, सुदामा पांडे द्वारा गायन, अभिषेक निषाद मयंक द्वारा गायन, इशू देव द्वारा एकल नृत्य, सोनम सरोज, बृजमोहन सरोज लोक गायन, गुलाब यादव राही द्वारा लोक संगीत गायन, विजय बहादुर यादव द्वारा लोक गायन, खुशबू प्रियांशी यादव , प्रतिभा निषाद तथा अंशिका यादव द्वारा लोक गायन और निधि यादव,बृजेश यादव, विजय बहादुर यादव, सुरेश जौनपुरी, अमन दुबे, विवेक मिश्रा वरदान,सूरज यादव, शशिकान्त यादव, राहुल पाठक के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

तहसील मछलीशहर से अशोक कुमार लोकसंगीत गायक तथा तहसील मडियाहु से अब्दुल रशीद अली एंड पार्टी और शेसन लाल सरोज द्वारा लोकसंगीत गायक प्रदूम कुमार सरोज द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। तहसील शाहगंज में नरेन्द्र यादव सहित अन्य तहसील केराकत से योगेन्द्रनाथ चौबे सहित अन्य द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। सभी प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल के सम्मानित सदस्यों के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

16 जनवरी 2024 को उपरोक्त स्थान पर ही शेष प्रतिभागियों की प्रतियोगिता करायी जाएगी। कार्यक्रम का समापन जिला सूचना अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में सभी उपस्थित कलाकारों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आभार व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी कलाकारों से अपील की कि पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार द्वारा देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित किया जा सके तथा छिपी प्रतिभा को उभारा जा सके।

# पुलिस कमिश्नर सहित आला अधिकारियों ने किया छात्रों से संवाद

**अवधनामा संवाददाता**

**दिए कंपटीशन में तैयारी के गुरु**

**प्रयागराज।** शनिवार को प्रयागराज पुलिस के आलाधिकारियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

पुलिस लाइन प्रयागराज में आयोजित छात्रों के साथ इस विशेष कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त से लेकर जिले में आये हुए नवागंतुक आईपीएस अफसरों तक ने छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया। सीपी शर्मा क्लासेज में विभिन्न विषयों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों ने यूपीएससी और यूपीपीएससी की परीक्षा से जुड़े सवाल पूँछे जिनका जवाब पुलिस आयुक्त से लेकर डीसीपी और एसीपी तक विस्तार से छात्रों को समझाया। छात्रों के साथ सवाल जवाब में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा डीसीपी दीपक भूकर, श्रद्धा पांडेय, अभिनव त्यागी, अनंत व एसीपी श्वेताभ पांडेय शामिल रहे। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बताया कि हर छात्र के अंदर कुछ न कुछ विशेषता जरुर होती है और उनकी कुछ कमजोरी भी होती है जिसे जानने की जरूरत हर छात्रों को है। जब छात्र ये जान लेंगे कि उनके अंदर क्या विशेषता है और क्या कमी तो उनकी पढ़ाई की राह आसान हो जाएगी। यूपीएससी की परीक्षा देने से पहले छात्रों को परीक्षा का सिलेबस जरूर अच्छे से पढ़ना चाहिए। जिससे उन्हें पता चल जाएगा कि उन्हें क्या



और कितना पढ़ना है इससे उनकी तैयारी बेहतर होगी। इसी के साथ पुलिस आयुक्त ने छात्रों को यह भी बताया कि सफलता के लिए कोचिंग जाना जरूरी नहीं है और खुद उन्होंने बिना कोई कोचिंग किये यूपीएससी की परीक्षा पास की थी। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सफलता के टिप्स बताने के साथ ही उन्हें असफलता से घबराने की जगह उससे भी कुछ सीखने की नसीहत दी गई. सवाल जवाब के दौरान डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने छात्रों को बताया कि असफलता से कुछ न कुछ सीखने को जरूर मिलता है और उसे दूर करके सफलता हासिल करने का रास्ता बनता है। एएसपी पुष्कर वर्मा ने छात्रों के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि सफलता के लिए सेल्फ स्टडी बहुत जरूरी है.क्योंकि सेल्फ स्टडी से कोर्स को पूरा करने के साथ ही उसे समझने में भी आसानी होती है। डीसीपी श्रद्धा पांडेय ने छात्रों को बताया कि किसी भी परीक्षा या कोर्स का पूरा सिलेबस पूरा करना सभी के लिए संभव नहीं होता है लेकिन आप जितना पढ़ पा रहे हैं उसको इस तरह से पढ़िए की जितना आपने पढ़ा है वो पूरा होना चाहिए थोड़ा थोड़ा सब कुछ पढ़ने से बेहतर होता है कि आप जितना पढ़े जितना स्टडी मैटेरियल तैयार करें उस पर आपकी पकड़ पूरी होनी चाहिए। डीसीपी यमुना नगर अभिनव त्यागी ने छात्रों के साथ संवाद के दौरान उन्हें कभी निराश और हताश न होने की नसीहत दी.साथ ही छात्रों को बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ ही उन्हें अपने अंदर आत्म विस्वास बनाए रखना चाहिए.किसी भी एक परीक्षा में असफल होने पर प्रतियोगी छात्रों का सफर समाप्त नहीं होता। इससे पहले केंद्र सरकार की पहल पर स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंसल लर्निंग योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रयाग राज पुलिस ने शुरुआत की थी। जिसके तहत 5 दिसम्बर को पुलिस लाइंस में पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक हुई थी। उस बैठक में डीसीपी मुख्यालय श्रद्धा पांडेय के साथ डीसीपी यमुना नगर अभिनव त्यागी के अलावा एसीपी और थानेदार मौजूद थे। उस दिन पुलिस आयुक्त ने सभी पुलिस वालों को निर्देश दिया था कि एक महीने तक उनके साथ मौजूद छात्र छात्राओं को पुलिस के कार्यप्रणाली और कार्यशैली के बारे से अवगत कराया जाए।जिसके तहत एक महीने तक छात्रों को पुलिस की कार्यशैली और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया.एक महीने के कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राएं शहर के 7 थानों में गए और वहां पर किये जा रहे कार्यों को देखा सुना और पुलिस वालों के बीच रहकर जाना था।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जौनपुर (चंदवक)** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवलासपुर के हरिहरपुर निवासी धुरेंद्र राम 55 वर्षीय देवलासपुर सड़क के किनारे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया तो तत्काल प्रभाव से चंदवक पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरीबारी ले जाया गया ।जहाँ डाक्टरों की टीम ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया। चंदवक थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने मयफोर्स पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### घर घर पहुंचा पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र

**जौनपुर (चंदवक)** स्थानीय बाजार के भारती जनता पार्टी के एवं सेवक संघ के लोगों द्वारा भगवान श्री राम के नगरी अयोध्या से आए पूजित अक्षत आमंत्रण पत्र देकर प्राणप्रतिष्ठा मे पहुंने का आग्रह किया। रामभक्तों द्वारा जय जय श्री राम के नारों से पुरा च बाजार गुज उठा ।चंदवक बाजार के वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संजय गुप्ता द्वारा , अभिषेक जायसवाल भारती जनता पार्टी आई. टी सेल ,अमन सेठ,शिप्पू सेठ ,शिवम सेठ ,प्रवेश गुप्ता के साथ साथ भगवान के भक्तों का जमावड़ा लगा रहा।

### नगरपालिका द्वारा आयुष्मान कार्ड को लेकर लगाया गया कैम्प , लाभार्ती के चेहरे खिले



**मुबारकपुर, आजमगढ़।** मुबारकपुर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह शनिवार को नगर के मोहल्ला पुरा सोफी स्थित तुन के पास एक कैम्प लगाकर वार्ड नं 17 वार्ड नं 05 के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। बतादें की सरकार की जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान कार्ड के तहत आर्थिक रूप से कमज़ोर नागरिकों को जिनके पास ठच्स् कार्ड है, उन्हें इस कार्ड से प्रति व्यक्ति को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। मुबारकपुर में इन दिनों अलग -अलग वार्डों में नगरपालिका द्वारा कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है. जिससे नगर के लोगों को सरकार सुलभ स्वास्थय सेवा उपलब्ध होगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यहाँ कैम्प लगाया गया है लगभग दो सौ लाभार्ती हैं ऐसे लोगों का कार्ड बनना है। लगातार कैंप के माध्यम से अलग-अलग वार्डों में बनाया जा रहा है , उन्होंने कहा की ज़्यादा से ज़्यादा लोग कार्ड बनवायें और सरकार की योजना का लाभ उठाएं । इस दौरान कड़ाके की ठंड को लेकर कम्बल वितरण के सवाल पर अधिशासी अधिकारी ने कहा की कम्बल वितरण नगरपालिका की तरफसे कभी नहीं हुआ है, आगे उन्होंने कहा की गरीब असहाय लोगों के लिए कम्बल वितरण के विचार किया जा रहा है। इस अवसर पर हबीबा खातून सभासद, इरशाद अहमद, डॉ फैजुर्रहमान, सनी अहमद, मो.नाज़िर, बेलाल हाशिम, नुरूलहोदा, बशीर अहमद, सुहेल अहमद, धर्मेंद्र राजभर आदि रहे।

# अखिल भारतीय चौक उद्योग व्यापार मंडल का गठन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडलके जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने मंडल प्रभारी विपिन गुप्ता की सहमति से चौक उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया। लालू मित्तल ने बताया कि चौक बाजार नगर का सबसे व्यस्ततम और प्रमुख बाजार है यहां के व्यपारियों की सुरक्षा और अधिकार के लिए नए सिरे से गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष के रूप में श्याम जी केसरवानी, महामंत्री अंकित केसरवानी, उपाध्यक्ष आमिर युसूफ एवं मोहम्मद राशिद की नियुक्ति हुई कोषाध्यक्ष पवन जायसवाल को बनाया गया। नए पदाधिकारी के गठन पर जिला अध्यक्ष, मंडल प्रभारी संगठन मंत्री, गंगा पार अध्यक्ष और मुख्य संगठन के अनेक पदाधिकारी ने माला पहनकर, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रमुख रूप से रमन जय हिंद राजेंद्र केसरवानी पप्पू भैया अध्यक्ष गंगा पार, कमलेश, ओम जी, संजय अग्रवाल, राम जी, शुभम अग्रवाल, गोपाल मित्तल आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।विपिन गुप्ता ने नव नियुक्त अध्यक्ष को जल्द से जल्द पूरी टीम बनाकर सूची भेजने के लिए कहाऔर प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन को सूचना प्रेषित कर दी।

# तंबुओं के शहर में पहुंचने लगे कल्पवासी

**आज से शुरु हो रहा माघमेला**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** संगम तीर्थ क्षेत्र प्रयागराज में माघमेले के लिए तंबुओं का शहर बस चुका है। इसी के साथ त्रिवेणी संगम के चारों ओर बसी टेंट सिटी में देश भर से साधु-संत और कल्पवासियों का आगमन भी शुरु हो चुका है। गंगा, यमुना और सरस्वती के किनारे बसे इस मेले की 14/15 जनवरी यानी मकर संक्रांति के पर्व से शुरुआत हो जाएगी। मकर संक्रांति यानी 14/15 जनवरी को पहला शाही स्नान होता है इसी के साथ डेढ महीने तक चलने वाले माघमेले की शुरुआत होती है। हर साल माघमेले में देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंचते हैं। इस बार पूरा



मेला पांच सेक्टरों में बसाया गया है। वहीं मेला प्रशासन का अनुमान है कि इस बार तकरीबन 2 करोड़ स्नानार्थी स्नान के लिए संगम पहुंचेंगे। गंगा यमुना के किनारे बड़ी मात्रा में पुआल बिछाने का काम जोरों से चल रहा है ताकि स्नानार्थियों को ठंड से बचाया जा सके। इसी के साथ पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों भी मुस्तैद कर दिए गए हैं। इस बार माघ मेले में त्रिवेणी और गंगा नाम के 2 अस्पताल बनाए गए हैं जिसमें 20-20 बेड की व्यवस्था है। इनमें से त्रिवेणी अस्पताल बनकर तैयार है और यहां 13 जनवरी से ही आने वाले श्रद्धालुओं का इलाज शुरू हो जाएगा। वहीं दूसरी तरफ मेला क्षेत्र में 12 स्थानों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए गए हैं जहां मरीज सामान्य बीमारियों की दवाईयां ले सकेंगे।

बता दें कि 2024 के माघ मेले को महाकुंभ 2025 के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। जिसको देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में इस बार स्वच्छता पर खासा फोकस दिया गया है। इसके लिए यहां 7 हजार से ज्यादा कूड़ादान रखवाया गया है ताकि लोग कचरा इसी में डालें और कचरा गाड़ी इस कचरे को मेला से बाहर ले जाएगी। इसी के साथ 21000 टायलेट की व्यवस्था भी की गई है। वहीं मेला क्षेत्र में 6 बड़े अस्थायी पार्किंग स्थल भी बने हैं।सके अलावा 21 विद्युत उपकेंद्र बनाए गए हैं ताकि पूरा मेला क्षेत्र रात में भी और सुंदर चमकता हुआ दिखे।

**प्रमुख स्नान पर्व:** पहला शाही स्नान 14/15 जनवरी सोमवार को मकर संक्रांति के दिन होगा, इसके बाद 25 जनवरी गुरुवार को पौष पूर्णिमा पर दूसरा शाही स्नान है। 9 फरवरी शुक्रवार को मौनी अमावस्या, 14 फरवरी बुधवार को बसंत पंचमी, 24 फरवरी शनिवार को माघी पूर्णिमा और उसके बाद शुक्रवार 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर शाही स्नान का महापर्व होगा।

# 16 जनवरी को खेल महोत्सव का होगा आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 16 जनवरी 2024 से आयोजित होने वाले खेल महोत्सव के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा खेल महोत्सव 2024 का लोगो, पोस्टर एवं बैनर का अनावरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा महोत्सव के माध्यम से खेल की प्राथमिकता को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधक, जनपद के गणमान्य व्यक्ति एवं हम सबका यह दायित्व है कि देश के भविष्य



का इतना स्वालंबन करें कि वह हर क्षेत्र में आगे बढ़े। जिलाधिकारी ने सभी का आह्वान किया कि खेल को बढ़ावा दें। इसीलिए खेल विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग को जोड़ा गया है। यह खेल महोत्सव है, कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, बच्चों में खेल की भावना, महत्त्व व रुझान को बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि खेल उत्सव का माहौल बनाया जाए। प्लेट्स द बेस्ट टीम विन हार जीत का महत्व नहीं है। जिलाधिकारी ने बताया कि आज़मगढ़ खेल महोत्सव के अन्तर्गत 16 जनवरी को तहसील एवं जनपद स्तर पर अलग-अलग विद्यालयों की रैली का आयोजन किया जायेगा, हर रैली मे 100 छात्र प्रतिभाग करेगे। जनपद स्तरीय रैली शहर के अलग-अलग स्थानों से प्रारम्भ होकर मेहता पार्क में समाप्त होगी। प्रत्येक रैली मे रैली के साथ 08 झण्डे 01 बैनर तथा रैली के आगे-आगे बैण्ड बजाते हुये छात्र चलेगे। मेहता पार्क एकतरण स्थल पर स्पोर्ट्स डांस तथा एक साथ बैंड का प्रदर्शन होगा, जिसमें मलखम भी शामिल रहेगा। जलाधिकारी ने बताया कि स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम प्रशासन पुलिस, पत्रकार, चिकित्सक, बैंकर्स एवं प्रबन्धक एकादश (कुल 06) का क्रिकेट मैच 02 दिनों में होगा। 02 प्रकार के रस्सा कशी मेच भी प्रस्तावित है, जिसमे मैन वर्सेज मैन एवं मेन वर्सेज एलीफैन्ट का आयोजन एवं आर्चरी का संक्षिप्त प्रदर्शन औलम्पीयन द्वारा किया जायेगा।

# अंतरराष्ट्रीय कॉफी टेबल बुक क्रिएटिविटी इन डेप्थ का लोकार्पण

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** ज्योतिकृति आर्ट ऑर्गनाइजेशन लखनऊ की प्रसिद्ध निदेशक ज्योति सैनी सिद्दीकी द्वारा क्यूरेट की गई अंतरराष्ट्रीय कॉफी टेबल बुक, क्रिएटिविटी इन डेप्थ का लोकार्पण आरकेजी आर्ट एंड कल्चर गैलरी में मुख्य अतिथि दिल्ली के मशहूर कला समीक्षक क़ाज़ी एम. राघिब, हरियाणा पावर कॉरपोरेशन की पूर्व निदेशक आशा हुडा तथा प्रसिद्ध लेखक व सिनेमा इतिहासकार इकबाल रिज़वी ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ज्योति सैनी सिद्दीकी की यह पुस्तक



कला और साहित्य का बेजोड़ ग्रंथ है। गहराई में रचनात्मकता सीमाओं से परे है, जिसमें स्पेन, थाईलैंड, पुर्तगाल, पेरू, अमेरिका, मॉरीशस, सिंगापुर, हंगरी, नाइजीरिया, बेल्जियम, ताइवान, मैक्सिको, कनाडा, इक्काडोर, तुर्की, क्यूबा और भारत के प्रख्यात कलाकार शामिल है। यह ग्रंथ जो दुनिया भर के प्रसिद्ध कलाकारों के अनूठे दृष्टिकोण और शैलियों को एक साथ जोड़ता है।

इस अंतर्राष्ट्रीय ग्रंथ में प्रयागराज के विख्यात कलाकारों में न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल की वाश शैली में निर्मित चित्र व कविता आत्म-समर्पण भारतीय आध्यात्मिक जीवन दर्शन को दर्शाती अद्भुत कृति है, अकादमी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा की कृति अलौकिक प्रेम व गंगा अवतर भारतीय आध्यात्मिक कथानक का भव्य स्वरूप प्रस्तुत करती है एवं उनकी प्रसिद्ध कविता रोटी जन-जन की आवश्यकता है तथा मुजफ्फरपुर बिहार के मुकेश सोना की कृति दैवी शक्ति भक्ति का प्रतीक है आदि कलाकारों की कृतियां भी अत्यंत भावपूर्ण एवं आकर्षण का केंद्र हैं। अंत में अंतर्राष्ट्रीय कला ग्रंथ की क्यूरेटर ज्योति सैनी सिद्दीकी ने आए हुए अतिथियों, ग्रंथ में शामिल व उपस्थित कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में धानुका समूह की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14 जनवरी को अयोध्या से धानुका समूह द्वारा तैयार 10 ऑडियो-विजुअल मोबाइल वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जिनका उद्देश्य किसानों के मध्य फसल पैदावार में वृद्धि के लिए गुणवत्तापूर्ण असली कृषि इनपुटों के महत्व पर जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान की सफलता हेतु अपना आशीर्वाद देने के लिए तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्यजी महाराज और युवराज रामचरणदास भी इस अवसर की शोभा बढ़ायेंगे। किसानों को असली कृषि इनपुट इस्तेमाल करने और पक्के बिल लेने के महत्व पर जागरूक करने के लिए धानुका समूह ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। इन बिलों से तय होता है कि किसान ने कृषिरसायन सहित प्रमाणिक कृषि इनपुट लिए हैं। ये वैन मध्य एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में पूर्व-निर्धारित रूट पर आगे बढ़ते हुए किसानों में जागरूकता




उत्पन्न करेंगी, जिसमें धानुका समूह की टीमें केवीके, कृषि विभाग और डीलरों सहित अन्य हितधारकों के सहयोग से किसानों को आमंत्रित कर फसल के लिए बीमा का काम करने वाले कीटनाशकों के सहित अनुशंसित कृषि-इनपुट के प्रयोग के लाभ और फसल पैदावार बढ़ाने के अन्य उपायों पर ट्रेनिंग दी जायेगी। ये कीटनाशक पौधों के लिए ठीक वैसे ही दवा का काम करते हैं, जैसे मानव स्वास्थ्य के लिए फार्मास्युटिकल्स दवाएं। ये वैनें अयोध्या, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर और बस्ती समेत मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों में जाएंगे। अपने उत्पादों को नक्कालों से अलग दिखाने के लिए सभी अच्छी कंपनियों ने अपने उत्पादों पर क्यूआर कोड छापने शुरू कर दिए हैं, जिन्हें मोबाइल फोन के कैमरा से स्कैन करके उनके असलियत की जांच की जा सकती है, और जहाँ तक धानुका के उत्पादों की बात है, तो स्कैन उनको कंपनी की वेबसाइट पर ले जाएगा, जहाँ वे न केवल उस उत्पाद की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि उस फसल विशेष के सम्बन्ध में सभी कृषि उपायों की भी जानकारी ले सकते हैं। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद मुख्यमंत्री ने उदारता दिखाते हुए इन सूचनाप्रद वैनों को लांच करने के लिए अपना समय दिया है, जो इस बात एक द्योतक है कि बेहतर गुणवत्ता और ज्यादा फसल के माध्यम से किसान की आय में वृद्धि कर उन्हें सशक्त करने के प्रति वे कितने प्रतिबद्ध हैं। पिछले साल 4 सितम्बर के दिन लखनऊ में गन्ना किसानों के लिए आयोजित हुई सीआईआई शुगरटेक 2023 नामक एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय गन्ना एवं मिल मंत्री श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने उदाहरण देते हुए बताया था कि कैसे उत्तर प्रदेश के एक गन्ना किसान ने नई टेक्नोलॉजी के बीज, संस्तुत उचित कीटनाशक से बीज का ट्रीटमेंट, मिट्टी की विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर उर्वरक के इस्तेमाल और सबसे महत्वपूर्ण उर्वरक और मिट्टी की नमी को समाप्त करने वाले खरपतवार के प्रबंधन से औसत 83 टन प्रति हेक्टेयर के उत्पादन के मुकाबले बहुत अधिक 283 टन प्रति हेक्टेयर गन्ना उगाया था।

# आचार्य मनीष ने प्रधानमंत्री मोदी से आयुष्मान योजना में आयुष को जोड़ने का किया अनुरोध

**लखनऊ।** प्रसिद्ध आयुर्वेद और ध्यान गुरु आचार्य मनीष ने #AYUSHinAyushman पहल की शुरुआत की है, जो भारत में स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने का एक अग्रणी प्रयास है। आयुष्मान योजना में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) के एकीकरण पर केंद्रित, यह पहल राष्ट्र के लिए व्यापक और सुलभ स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान करना चाहती है।

उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वे प्रदेशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए 26 जनवरी 2024 को आयुष्मान योजना में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी आदि (आयुष) पद्धतियों को शामिल करने की घोषणा करें। 15 जनवरी को सुबह 11 बजे से शुरू होकर, यह अभियान ट्विटर पर हैशटैग #AYUSHinAyushman के साथ शुरू होगा, जहां नागरिकों को बातचीत में शामिल होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्वीट करके आयुष्मान योजना में आयुष पद्धतियों के एकीकरण के लिए



अपना समर्थन व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

#AYUSHinAyushman अभियान समग्र स्वास्थ्य एकीकरण की वकालत करने वाले आंदोलन में शामिल होने के लिए नागरिकों के लिए कार्रवाई का आह्वान है। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाना और स्वदेशी तरीकों को बढ़ावा देना है जो प्रभावी, किफायती और पारंपरिक भारतीय चिकित्सा के साथ सरंखित हों।

सर्जरी या आक्रामक प्रक्रियाओं का सहारा लिए बिना विभिन्न स्वास्थ्य चिंताओं को दूर करने में आयुष उपचार की प्रभावशीलता पर प्रकाश डालते हैं। वे प्राचीन ज्ञान में निहित आयुष उपचार, सर्जरी और आक्रामक प्रक्रियाओं के प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। घुटने और रीढ़ की समस्याओं से लेकर आंखों की समस्याओं, किडनी की विफलता, यकृत की विफलता, थैलेसीमिया और कैंसर तक, आयुष इन सब के लिए किफायती और दुष्प्रभाव-मुक्त समाधान प्रदान करता है, जो व्यक्तियों के समग्र कल्याण में योगदान देता है। इस अभियान का उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने के लिए नागरिकों, भारतीय आयुर्वेद महासंघ, भारतीय आयुष परिषद, आयुष डॉक्टरों और हितधारकों को एक सामूहिक प्रयास में एक साथ लाना है।

# भारत-मालदीव विवाद के बीच एलायंस एयर का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** भारत-मालदीव विवाद के बीच, लक्षद्वीप के लिए उड़ान सेवाएं संचालित करने वाली एकमात्र एयरलाइन एलायंस एयर ने अतिरिक्त उड़ानें शुरू की हैं। लक्षद्वीप जाने के इच्छुक यात्रियों की संख्या में वृद्धि के कारण, लक्षद्वीप के लिए संचालित होने वाली एकमात्र भारतीय एयरलाइन एलायंस एयर ने कोच्चि-अगत्ती-कोच्चि के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू की हैं। एलायंस एयर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त उड़ानें सप्ताह में दो दिन यानी रविवार और बुधवार को संचालित होंगी।

लक्षद्वीप में चलने वाली एकमात्र एयरलाइन एलायंस एयर केरल के कोच्चि और अगत्ती द्वीप के बीच उड़ानें संचालित करती है, अगत्ती लक्षद्वीप का एक क्षेत्रीय हवाई अड्डा है।

# टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने साणंद, गुजरात में अपनी अत्याधुनिक नई फैक्ट्री से उत्पादन शुरू किया

**साणंद।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. (टीपीईएम), भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा



मोटर्स की एक सहायक कंपनी, ने आज साणंद, गुजरात में अपनी नई फैक्ट्री से यात्री वाहनों का उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है। यह घटना कंपनी के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसे यादगार बनाने के लिये विश्व-स्तरीय फैक्ट्री से टाटा ब्राण्ड की पहली कार निकाली गई। मौके पर टीपीईएम के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा और यात्री तथा इलेक्ट्रिक वाहन व्यवसायों का नेतृत्व दल मौजूद था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी बात रखते हुए, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, ''साणंद की नई टीपीईएम फैक्ट्री से पहली कार को निकलते हुए देखना हमारे लिये गौरव का क्षण है। हमने 12 महीनों के बेहद कम समय में इस कारखाने को सफलतापूर्वक रीटूल किया है और इसे नये स्तर पर पहुँचाया है, ताकि मौजूदा उत्पादों की बड़ी श्रृंखला और भविष्य में आने वाले मॉडल्स मिल सकें। मैं इस सहयोग के लिये गुजरात सरकार का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ और हमारे कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूँ। उनके बिना यह उपलब्धि संभव न होती। मुझे विश्वास है कि यह फैक्ट्री टाटा मोटर्स और खासकर टीपीईएम को नई-नई उपलब्धियाँ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।'' उन्होंने आगे कहा, ''टाटा मोटर्स के यात्री एवं इलेक्ट्रिक वाहन व्यवसाय ने पिछले कुछ वर्षों में बाजार से बढ़कर वृद्धि की है। इस गति को बनाये रखने के लिये हमारे पास मजबूत योजनाएं हैं। हमारे पास इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में पहले से सक्रिय निवेशों और भविष्य के लिये तैयार ''न्यू फॉरेवर'' प्रोडक्ट्स की एक मजबूत पाइपलाइन है। मौजूदा क्षमताएं पूरी होने वाली हैं और नई सुविधा हर साल 300,000 यूनिट्स की अतिरिक्त अत्याधुनिक उत्पादन क्षमता देगी, जिसे बढ़ाकर 420,000 यूनिट्स प्रतिवर्ष किया जा सकता है।''

# गेहूं, चावल और चीनी पर लगा निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं



**नई दिल्ली।** सरकार फिलहाल गेहूं, चावल और चीनी पर लगे निर्यात प्रतिबंध को हटाने के मूड में नहीं है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को बताया कि सरकार के पास गेहूं, चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि देश गेहूं और चीनी का आयात नहीं करेगा। गोयल ने कहा, गेहूं, चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। भारत गेहूं और चीनी का आयात भी नहीं करेगा। भारत ने मई 2022 में गेहूं के निर्यात और जुलाई 2023 से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। घरेलू स्तर पर बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत अक्टूबर 2023 से चीनी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने दिल्ली में केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की।

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू विजयवाड़ा में सीआईडी कार्यालय पहुंचे। हाईकोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को इनर रिंग रोड, अवैध शराब और रेत से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार जमानत के साथ एक लाख रुपये का मुचलका भरने का आदेश दिया। यह बॉन्ड सीआईडी अधिकारियों को सौंपा जाना है।

# सबसे उन्नत कॉम्पैक्ट एसयूवी: किआ ने एडैस वाली नई सॉनेट को 7.99 लाख रुपये की विशेष शुरुआती कीमत पर पेश किया

**गोरखपुर।** भारत की अग्रणी प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी नई सॉनेट को देश भर में 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। दिसंबर 2023 में पेश किए गए, किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी विशेषताएं शामिल हैं। इस वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि फाइंड माइ कार विद एसवीएम, जो सॉनेट को सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख



रुपये से शुरू होने वाले 5 डीज़ल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शंस की विशेषता वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीज़ल और पेट्रोल दोनों इंजन्स के लिए टॉप-ऑफ़-द-लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमशः 14.50 और 14.69 लाख रुपये, और डीज़ल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपये है। नई मस्कुलर और स्पोर्टियर सॉनेट एक अपराइट बॉडी स्टाइल के साथ सड़क पर अपनी विशिष्ट उपस्थिति बरकरार रखती है। फ्रंट कोलिजन-अवॉइडेंस असिस्ट, लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट, और लेन फॉलोइंग असिस्ट जैसी 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं से भरपूर, इस लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का यह नवीनतम संस्करण आधुनिक भारतीय ग्राहकों के व्यक्तित्व से गहराई से मेल खाता है। सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव देने के लिए, इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, और व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट सहित, सभी वेरिएंट में मजबूत 15 हाई-सेफ्टी फीचर मानक तौर पर दिए गए हैं। सॉनेट में इस पेशकश के साथ, किआ ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 6 एयरबैग मानक बना दिए हैं। इसके अलावा, सॉनेट में 10 बेस्ट-इन-सेगमेंट सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें डुअल स्क्रीन कनेक्टेड पैनल डिज़ाइन, रियर डोर सनशेड कर्टेन, और सुरक्षा के साथ ऑल डोर पावर विंडो वन-टच ऑटो अप/डाउन जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

# लघु उद्योग भारती का उद्यमी सम्मेलन व कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम सम्पन्न

**लखनऊ।** लघु उद्योग भारती अवध प्रान्त का उद्यमी सम्मेलन व कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन आज राणा प्रताप मार्ग

**चर्चा**

**कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में लघु उद्योग भारती के संगठनात्मक विषय पर चर्चा की गई।**

स्थित होटल सिलवेट में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बिजली, जीएसटी व्यापारकर, प्रदूषण, एनजीटी लघु उद्योगों की समस्याओं को उठाया गया।

मुख्य अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश सरकार के खाद एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा की सरकार में लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर आत्म निर्भर भारत बनाने का काम किया गया है। आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए नौकरी मांगने नही नौकरी देने के लिए काम करना होगा।

मुख्यमंत्री योगीजी ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को मूर्त रूप देकर लघु उद्योग विशेष



कर अत्यंत छोटे स्तर पर कार्य करने वाले उद्यमी भाइयों को समृद्ध करने का प्रयास किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद ने कहा कि उद्योग को यदि ईमानदारी से किया जाए तो उसे उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता, कठिनाइयां जरूर आती हैं, लेकिन दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से हर समस्या का निदान हो जाता है।

सम्मेलन में प्रान्त संघ चालक कृष्ण मोहन ने भी अपना मार्ग दर्शन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महामंत्री भरत थरड ने कहा कि लघु उद्योग भारती प्रदेश के 75 जिलों में 70 जिला इकाइयां काम कर रहीं हैं। जिनमे 5090 सक्रिय सदस्य काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि 5 एकड़ से लेकर 50 एकड़ तक भूमि उपलब्ध कराने पर नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की सरकार की योजना है। लघु उद्योग भारती द्वारा केंद्र और प्रदेश सरकार से मिलकर उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। प्रदूषण से संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

सम्मेलन में अवध प्रान्त की अध्यक्ष रीता मित्तल ने स्वीकार किया है कि उद्यमियों के सामने बिजली, सड़कें प्रदूषण, उद्योगों को नीलाम करने जैसी समस्याएं आ रही हैं। उद्यमियों की समस्याओं से मंत्रियों को अवगत कराया जाएगा। अवध प्रान्त के महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि लघु उद्योग भारती केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को लागू करके आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम कर रही है।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के कैलेंडर का लोकार्पण हुआ और अवध प्राण के जिलों से आए उद्यमियों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में लघु उद्योग भारती के संगठनात्मक विषय पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में अवध प्रान्त के जिला अध्यक्षों ,प्रदेश कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार गर्ग ,मनोज कुमार गुप्ता,अरुण भाटिया, सुमित मित्तल सहित सैकड़ों उद्यमियों ने भाग लिया।

# ब्लैकरॉक ने बायजू का मूल्यांकन घटाकर एक अरब डॉलर किया

**नई दिल्ली।** ब्लैकरॉक ने बायजू में अपनी होल्डिंग के मूल्य में फिर से कटौती की है, भारतीय शिक्षा तकनीक स्टार्टअप के निहित मूल्यांकन को 2022 की शुरुआत में निर्धारित 22 बिलियन डॉलर से घटाकर 1 बिलियन डॉलर कर दिया है। टेकक्रंच ने शुक्रवार को एसेट मैनेजर की ओर से किए गए खुलासे का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

ब्लैकरॉक, जिसकी बायजू में 1 प्रतिशत से भी कम की हिस्सेदारी है ने इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वहीं बायजू ने भी इस मामले में टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेक निवेशक प्रोसस एनवी ने पिछले साल नवंबर में बायजू का मूल्यांकन 3 अरब डॉलर से कम किया था, जब ब्लैकरॉक ने मई में इसका मूल्यांकन लगभग 8.4 अरब डॉलर कर दिया था।

कई झटकों के बीच, बायजू को नवंबर के अंत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से भी एक नोटिस मिला था। विदेशी मुद्रा कानूनों के कथित उल्लंघन के लिए उस पर जुर्माना लगाए जाने की आशंका है।

पिछले एक साल के दौरान बायजू के निवेशकों ने कई बार इसके मूल्यांकन में कटौती की है। प्रोसस और ब्लैकरॉक सहित शेयरधारकों ने मार्च में बायजू के मूल्यांकन में क्रमिक रूप से 11 बिलियन डॉलर, मई में 8 बिलियन डॉलर और जून में 5 बिलियन डॉलर की कटौती की है।

# ईडी ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को आठवीं बार किया तलब

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक बार फिर तलब किया है। ईडी ने हेमंत सोरेन को पत्र भेजकर हाजिर होने के लिए नई डेड लाइन दे दी है। एजेंसी ने सीएम से पूछा है कि वह समन के बावजूद क्यों हाजिर नहीं हो रहे हैं।

ईडी ने पत्र जारी कर रहा है कि हेमंत सोरेन 16 से 20 जनवरी के बीच एजेंसी के दफ्तर पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराएं। कुल मिलाकर ईडी की ओर से झारखंड के सीएम को आठवीं बार कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। इससे पहले हेमंत सोरेन ईडी की ओर से सातवीं बार समन जारी करने के बावजूद बयाज दर्ज कराने नहीं पहुंचे थे।

ईडी की ओर से जारी सातवें समन की आखिरी तारीख 31 दिसंबर थी। झारखंड सीएम हेमंत सोरेन अब तक कभी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए हैं। उन्हें एजेंसी की ओर से पहला समन 14 अगस्त 2023 को भेजा गया था। सोरेन ने पहले सुप्रीम कोर्ट में फिर झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर कर ईडी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि दोनों ही अदालतों ने सोरेन की याचिका को खारिज कर दिया है।

# किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में हो सकता है बड़ा एलान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में पेश करेंगी। वित्त मंत्री सीतारमण इस बार छठवीं बार बजट पेश करेंगी। हालांकि इस साल आम चुनाव होने हैं इस लिए इस बार वित्त मंत्री की ओर से पेश किया जाने वाला बजट एक अंतरिम बजट होगा। आम चुनावों के बाद जब नई सरकार का गठन होगा, उसके बाद फिर से पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। जानकारों का मानना है कि इस बार के अंतरिम बजट के जरिए सरकार अगले वित्त वर्ष में किए जाने वाले विकास का खाका पेश कर सकती है, ऐसे में देश के हर वर्ग के लोगों को बजट से काफी उम्मीदें हैं। इनमें गरीब, युवा, किसान, महिलाएं, कारोबारी और नौकरीपेशा तबका भी शामिल है।

आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि इस साल होने वाले आम चुनावों को देखते हुए अंतरिम बजट 2024 किसानों और महिलाओं के लिए बहुत खास हो सकता है। उनके लिए इस बार के बजट में सरकार की ओर से अहम एलान किए जा सकते हैं। आइए जानते हैं उन अहम बदलावों के बारे में जिनका एलान मोदी सरकार अंतरिम बजट के दौरान कर सकती है। कृषि क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि इस बार के बजट में सरकार किसान सम्मान निधि की राशि में बढ़ोतरी का एलान कर सकती है। किसान सम्मान निधि को वर्तमान के 6000 रुपये से बढ़ाकर 8000 से 9000 तक किया जा सकता है। इस बार के बजट में सरकार नेशनल पेंशन स्कीम यानी एनपीएस को आकर्षक बनाने का एलान कर सकती है। इस बार के अंतरिम बजट में सरकार का फोकस आम लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बढ़ावा देने पर हो सकता है। साल 2024 के अंतरिम बजट में मोदी सरकार किसानों के फसल के साथ-साथ स्वास्थ्य और जीवन बीमा योजनाओं का भी प्रस्ताव ला सकती है।

## महिलाओं को इस बार बजट में क्या मिल सकता है?

इस बार के अंतरिम बजट में महिलाओं के लिए भी बजट का आकार बढ़ाया जा सकता है। पिछले 10 वर्षों में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर बजट खर्ज का दायरा 30% तक बढ़ा है। इस बार के अंतरिम बजट में सरकार डायरेक्ट कैश ट्रांसफर जैसी योजना का एलान कर सकती है। महिलाओं की कौशल विकास योजना का भी एलान किया जा सकता है। संभव है कि महिला किसानों के लिए सम्मान निधि के रूप में सालाना 12 हजार रुपये तक की राशि देने का एलान किया जाए। मनरेगा के लिए महिलाओं को विशेष आरक्षण और अधिक मानदेय देने की भी उम्मीद है। इसके लिए महिलाओं को ब्याज रहित लोन देने का भी प्रस्ताव लाया जा सकता है।

# ईडी ने महादेव एप धनशोधन मामले में दो और लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग एप मामले में धन शोधन की जांच के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि नितिन टिबड़ेवाल और अमित अग्रवाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया और शुक्रवार को रायपुर में एक विशेष अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि अदालत ने उन्हें 17 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। टिबड़ेवाल पर मामले के एक आरोपी विकास चप्परिया का करीबी सहयोगी होने का आरोप है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि उन पर दुबई में कुछ अघोषित संपत्तियां खरीदने और एक एफपीआई कंपनी में बहुलांश शेयरधारक होने का आरोप है। एजेंसी को संदेह है कि ये संपत्तियां महादेव ऐप के मुनाफे से उत्पन्न ÷अपराध की आय÷ का उपयोग करके खरीदी गई थीं। सूत्रों ने बताया कि अमित अग्रवाल मामले के एक अन्य आरोपी अनिल कुमार अग्रवाल का रिश्तेदार है। अमित अग्रवाल पर आरोप है कि उसने अनिल कुमार अग्रवाल से महादेव ऐप फंड प्राप्त किया था और कहा जाता है कि उसकी (अमित अग्रवाल की) पत्नी ने मामले के एक अन्य आरोपी अनिल दममानी के साथ मिलकर कई संपत्तियां खरीदी थीं। ईडी ने पिछले साल छप्परिया और अनिल अग्रवाल की दुबई स्थित दो अचल संपत्तियां, एक फ्लैट और एक भूखंड जब्त किया था, जिनकी कीमत 99.46 करोड़ रुपये है। एजेंसी ने पहले कहा था कि एप से उत्पन्न कथित अवैध धन का उपयोग राज्य में राजनेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया। एजेंसी ने कई मशहूर हस्तियों और बॉलीवुड अभिनेताओं को ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच के साथ उनके संबंधों और भुगतान के तरीके पर पूछताछ के लिए तलब किया था।

# दिल से दुनिया तक: राघव कौशिक और निखिता गांधी का 'जिया जैसे' प्यार को नए आयामों तक ले जाता है

यह प्रेम गीत हर किसी के दिल में उतर कर उन्हें मुग्ध कर देगा

**नई दिल्ली।** इंडी सेंसेशन राघव कौशिक और बहुमुखी प्रतिभा की धनी प्लेबैक पॉवरहाउस निखिता गांधी ने मिलकर एक जादु से भरा, प्रेम की भावना को उजागर करता गीत 'जिया जैसे' बनाया है, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वह इस उत्साहित लेकिन भावपूर्ण ट्रैक में खो जाएंगे और प्यार के एहसास के साथ भाव विभोर हो जाएंगे।

इंडी सेंसेशन राघव कौशिक और प्रतिभा की धनी निखिता गांधी द्वारा गाया गया, यह संगीत वीडियो बेहद ही मनमोहक है, जिसमें शानदार जोड़ी प्रनूतन बहल और वरुण पटेल शामिल हैं, जो इस मनोरम गीत में आप सभी का दिल जीत लेंगे। इसका संगीत असाधारण प्रतिभा के धनी, हिमांशु पारिख द्वारा निर्मित है।

निखिता गांधी की मधुर आवाज़




के साथ राघव कौशिक की सुंदर और सुखदायक धुनों के सहज मिश्रण से बना यह उत्साहित ट्रैक श्रोताओं को प्यार के जादू में मदहोश होकर थिरकने को मजबूर कर देगा।

इस रिलीज पर जोशीले अंदाज़ में बोलते हुए, राघव कौशिक ने बताया कि, जिया जैसा एक खुशी भरा गीत है, जो दो दिलों के मिलन की मामूली खुशी को उजागर करता है। यह गीत डिजिटल युग में पहले प्यार की गहराइयों को समझता है, जहां कनेक्शन सिर्फ एक क्लिक की दूरी पर है, फिर भी जटिलताएं कालातीत रहती हैं। निखिता और हिमांशु के साथ काम करना, मेरे लिए, गाने को एक अलग स्तर पर ले गया। मुझे उम्मीद है कि गीत के माध्यम से जो अंतर्निहित आशा है वह हमारे श्रोताओं तक भी पहुंचेगी।

निखिता गांधी ने कहा, राघव जैसे प्रतिभाशाली गायक के साथ सहयोग करना बहुत मजेदार था और जिया जैसा बनाना ताजी हवा के झोंके की तरह है। राघव के साथ सहयोग ने हम दोनों के अंदर छुपी सर्वश्रेष्ठ भावनाओं को उजागर किया है। जिसका सहजता से मिश्रण करके एक ऐसा संगीत तैयार किया गया है जो आत्मा को गुंजायमान कर देता है। यह ट्रैक प्यार का जश्न है और मुझे उम्मीद है कि श्रोता उस जादू को महसूस करेंगे जो हमने इस गाने को जीवंत करते समय अनुभव किया था।

थिरकने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि जिया जैसे आपका दिल जीतने के लिए आ गया है। राघव कौशिक और निखिता गांधी के साथ समकालीन प्रेम के जादू में गोता लगाएँ, यह आपको इसकी धुनों पर गुनगुनाने पर मजबूर कर देगा।

राघव कौशिक और निखिता गांधी द्वारा 'जिया जैसे' को यहां सुन सकते हैं: https://smi.lnk.to/Jiyajaise

# हिंदुस्तानियों के पास है विरासत को संभालने का कमाल: योगी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के तमाम सभ्यताएं एवं संस्कृतियां समाप्त हो गई लेकिन भारत आज भी हजारों वर्षों की सभ्यता और संस्कृति को संजोए हुए है। तमाम जंझावतों में भी विरासत को संभालने का कमाल हिंदुस्तानियों के पास है। श्रीराम हजारों वर्ष पूर्व अवतरित हुए थे लेकिन उनकी हजारों वर्षों की परंपरा से हर भारतीय जुड़ा हुआ है। विरासत को संभालने की परंपरा और इसके लिए हर स्तर के संघर्ष का ही प्रतिफल है कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम एक बार फिर अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।

सीएम योगी शनिवार अपराह्न तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव 2024 के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने इतिहास, लोक परंपरा और लोक संस्कृति को संजोना भारत की विशेषता है। संरक्षण की यही भावना भारत को बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को लक्षित कर संस्कृति और आस्था पर आघात करने वालों को परास्त और पददलित कर उनका भारतीयों ने नामोनिशान मिटा दिया और आज प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पर्व व त्यौहार अद्भुत हैं। इनके जरिए उन लोगों तक भी भारतीय संस्कृति का संचार होता है जो किन्हीं कारणों से इसे जानने से वंचित रह गए हों। दीपावली, होली, रामनवमी, महाशिवरात्रि, रक्षाबंधन जैसे पर्व इसके उदाहरण हैं। इन सभी पर्वों में विशेष संदेश निहित है। इसी तरह महोत्सव को भी संदेश देने का वाहक बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में हजारों वर्ष पहले भगवान राम का प्रकटीकरण हुआ फिर भी उस परंपरा को आज भी हर भारतवासी अपने मन में समेटकर रामनवमी के साथ जुड़ता है। रामनवमी पर वर्ष 2023 में अयोध्या में 35 लाख लोग आए। अयोध्या में तब न रेल सेवा अच्छी थी न एयरपोर्ट था। सड़के भी निर्माणधीन थीं। आज तो अयोध्या फोरलेन एवं सिक्स लेन की कनेक्टविटी से जुड़ चुका है। रेलवे भी डबल लाइन से जुड़ चुकी है। नये एयरपोर्ट पर एक साथ 8 विमान लैण्ड कर सकते है। आज वहां धर्मशाला एवं अच्छे होटल भी उपलब्ध है। वहां कुम्भ की तरह एक टेंट सिटी भी बसाई जा रही है। इसी प्रकार श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम भी होता है। 5 हजार वर्ष बाद भी हम उसी उत्साह से अपनी इस परम्परा को आनंद एवं उत्साह से मनाते हैं। रात्रि के 12 बजे हर जनपद, हर घर एवं हर थाने, मंदिर, में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता है। जेल भी इस उत्सव का मंच बनता है और ऐसा केवल भारत में ही होता है। सीएम योगी ने कहा कि यह प्रसन्नता का क्षण है कि गोरखपुर महोत्सव सफलता के परचम को लहरा रहा है। महोत्सव में अनेक कलाकरों ने अपनी प्रस्तुति देकर गोरखपुर एवं पूर्वी यूपी की जनता का इस भीषण शीतलहर में भी मनोरंजन करके उत्साहवर्धन किया। महोत्सव के पीछे की धारणा भी यही है कि हम लोक परंपरा व लोककला को प्रोत्साहित करें। नए कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि गोरखपुर महोत्सव को गोरखपुर के नामकरण, इसकी विकास यात्रा, इसके महानायकों की थीम के साथ इसे आगे बढ़ाया गया है। गोरखपुर का आधुनिक विकास, नयापन एवं आजादी के लड़ाई में यहां के महानायको का योगदान आदि का उल्लेख भी इस महोत्सव के माध्यम से देखने को मिला है।

### आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न है पूर्वी उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक व आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। बाबा गोरखनाथ ने अपनी साधना स्थली के रूप में गोरखपुर को चुना था। भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बनी यहां से 90 किमी की दूरी पर है। उनका परिनिर्वाण स्थल गोरखपुर से 60 किमी दूर कुशीनगर में है। संतकबीर का जन्म काशी में हुआ किन्तु अंत समय में वे मगहर आ गये। गोरखपुर से अयोध्या की एवं काशी की दूरी भी मात्र कुछ घण्टो की है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध यह क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से भी भरपूर है। यह क्षेत्र मीठे जल की प्रचुरता से समृद्ध है। यहां की भूमि बेहद उर्वर है। धरोहर से सम्पन्न इस क्षेत्र के बारे में सबको एहसास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पलायन की बजाय संघर्ष की प्रकृति पैदा की जानी चाहिए। परिश्रम व पुरूषार्थ का भाव होना चाहिए।

- तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव का सीएम योगी ने किया समापन
- इतिहास, लोक परंपरा और लोक संस्कृति को संजोना भारत की विशेषता
- आस्था पर आघात करने वालों का मिट गया नामोनिशान

## आईजीएल वरिष्ठ प्रबंधक किए गए सम्मानित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर शहर में आयोजित लिटरेरी फेस्ट में आईजीएल कम्पनी के द्वारा दिए गए सहयोग हेतु संस्था के निदेशक अनुपम सहाय ने कंपनी में जाकर वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि कंपनी द्वारा बहुत सारे सामाजिक कार्य समय समय पर कराए जाते है और अभी वर्तमान में कंपनी द्वारा गोरखपुर महोत्सव में भी तीन लाख रुपए का सहयोग किया गया। इसी तरह आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल द्वारा सदैव समाज के हित में कुछ न कुछ कराया जाता रहता हैं।

## थाना समाधान दिवस पर इंतेजार करते रहे फरियादी



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शासन ने फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए थाना समाधान दिवस आयोजन करने का निर्देश दिया है। सभी थाने के जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए है की थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी से लेकर राजस्व विभाग के लोग 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का प्रयास करे। लेकिन शनिवार को सहजनवा थाने में देखा गया की यहां जिम्मेदारों को कोई जिम्मेदारी का निर्देश नही दिया गया है। दोपहर 12 बजे तक थाना समाधान दिवस पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। कुर्सियां खाली पड़ी थी। फरियादी साहब का इंतजार कर रहे थे। गुजराती देवी निवासी दुरुआ ने बताया की जमीन संबंधित विवाद है। सुबह 10 बजे से इंतजार कर रही हूं। लेकिन कोई अधिकारी नहीं बैठा है। अनिता देवी निवासी खीरीडाड ने बताया की 10 बजे से समस्या लेकर बैठी हूं लेकिन किसी अधिकारियों के मौजूद न होने समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

## घर-घर अक्षत बांटने के साथ लोगों की समस्याएं सुन रही स्मृति ईरानी



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के तीसरे दिन शनिवार को भी अयोध्या का पूजित अक्षत घर-घर बांटकर जहां 22 जनवरी को अपने घरों में दीपक जलाकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने की अपील कर रही हैं वहीं गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं भी सुन रही हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से मुखातिब होकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में न जाने के कांग्रेस के निर्णय पर जमकर हमलावर हुई कहा कि जब भगवान टेंट में रहते थे तो वह लोग खुश थे और आज प्राण प्रतिष्ठा हो रही है तो यह उन्हें अच्छा नहीं लग रहा है। कहा कि जहां-जहां इंडिया गठबंधन की सरकार है सनातन धर्म और सनातन धर्मावलंबी को अपमानित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन विकासखंड भेटुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरी में हुआ। जिसमें केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने प्रतिभाग किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण प्रशस्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अंशुमान सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

## महिला लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार करने वाले प्रधान प्रतिनिधि पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा ब्यूरो




- मुकदमा दर्ज कराने के लिए लेखपालों ने किया थाना दिवस का बहिष्कार

**कुशीनगर।** पडरौना तहसील क्षेत्र पगरा बुजुर्ग गांव के ग्राम प्रतिनिधि द्वारा महिला लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार करने व सरकारी कार्यो मे बाधा उत्पन्न करने को लेकर जिले के लेखपालों ने शनिवार को आयोजित थाना दिवस का बहिष्कार कर दिया है। लेखपालों ने यह कदम कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद गया। मजे की बात यह है कि लेखपालों जब थाना दिवस का बहिष्कार किया तो कोतवाली पुलिस आनन-फानन मे आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल मे जुट गई है।

पडरौना तहसील क्षेत्र के हल्का 62 में तैनात लेखपाल शालिनी ने को कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि वह 4 जनवरी को अपराह्न लगभग तीन बजे ग्रामसभा पगरा बुजुर्ग में पैमाइश कार्य के लिए गई हुई थी। इस दरम्यान अखिलेश गौंड पुत्र पारसनाथ गोड बिना किसी बात के आकर सरकारी कार्य को करने से रोकने लगे। इस उन्हें मना किया गया तो वह मुझे भद्दी-भद्दी गाली देते हुए मारपीट व हाथापाई करने लगा। लेखपाल शालिनी का आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश गोड ने उनके हाथ से सरकारी अभिलेख छीनकर कुछ कागजात फाड़ दिया और कहा कि दुबारा यहां पैमाइश करने आई तो जान से मार दूंगा। इसके बाद वह डरी-सहमी घटना स्थल से जान बचाकर अभिलेख लेकर वहा भागी। महिला लेखपाल ने अपने तहरीर में कहा है कि वह काफी डरी सहमी है अगर भविष्य मे उनके साथ कुछ होता है तो इसके लिए अखिलेश गोड जिम्मेदार होगें। उन्होंने लिखा है कि पूर्व मे भी आरोपी द्वारा सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न कर उन्हें जान से मारने की धमकी दिया जा चुका है।

## थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**देवरिया।** 13 जनवरी को जनपद देवरिया के समस्त थानो पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम मे जिलाधिकारी देवरिया श्री अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा द्वारा थाना भाटपाररानी में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना भाटपाररानी पर कुल 02 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 71 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 21 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

## धन्यवाद केजरीवाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को धन्यवाद केजरीवाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह के दोबारा राज्यसभा सदस्य चुने जाने पर पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद दिया और सांसद संजय सिंह को बधाई दी। पार्टी जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी का इजहार किया। एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी और आशा व्यक्त की शीघ्र ही वह पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन के करने के लिए उनके बीच में होंगे। इस मौके पर पार्टी जिला महासचिव धर्मेंद्र नाथ शुक्ल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुनौवर अली सैफी पवन कुमार फौजी संजय जायसवाल घनश्याम सोनी संदीप कसौधन आदि मौजूद रहे।

## 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम अपने घर मे विराजमान होंगे: विजयलक्ष्मी गौतम



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन विधानसभा सलेमपुर के लोहरा बभनौली में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य लोगो को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। भाजपा के कार्यकाल में समाज के हर व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार में विकास कार्य बहुत तेजी से हो रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम अपने घर मे विराजमान होंगे। उस दिन सबके घरो में दीवाली मनाई जाएगी। भाजपा अशोक पाण्डेय ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने आज देश की दशा एवम दिशा बदल दी। आज देश विकसित हो रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। आज गरीबो के लिए गम्भीर बीमारियों का ईलाज आयुष्मान कार्ड से हो रहा है। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की गई। उक्त अवसर पर अमरेश सिंह बबलू, बलबीर सिंह दादा, रामेश्वर सिंह, अजय दूबे वत्स, प्रमोद सिंह, अनूप उपाध्याय, शमशुद्दीन अंसारी, लल्लन सिंह, अनिल चौबे, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## राममंदिर के उद्घाटन पर किसानों को सोलर पम्प का तोहफा देगी सरकार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेगे। यह अवसर लम्बे संघर्ष के बाद मिला है, इस प्रकार का अवसर अब शायद कभी न मिले। 33 हजार करोड़ की परियोजनाओं से नई अयोध्या का निर्माण किया गया है। यह निर्माण इस प्रकार किया गया है कि राममंदिर को त्रेता युग के जैसी भव्यता प्रदान की जा सके। 22 जनवरी को उद्घाटन समारोह के बाद 25 जनवरी से रामलला का दर्शन हो सकेगा। इसलिए 14 जनवरी से पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा जिसका शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ करेगे। यह अभियान 22 जनवरी तक चलेगा।

उक्त बाते श्री शाही ने शनिवार को अपने राघव नगर स्थित आवास पर पत्रकारो से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे भारतवासियों के लिए गौरव का दिन होगा,इस दिन रामलला अपने घर में प्रवेश करेगे। इसलिए गांव के लोग भी अपने-अपने गांव मे भजन कीर्तन सनातन व्यवस्था के अनुसार करें। 22 जनवरी को अवकाश घोषित कर यह प्रयास किया गया है कि गांव में इस दिन दीवाली जैसा माहौल रहे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 2 महीने के अन्दर लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओ के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके लिए 25 जनवरी से हर रोज 25 ट्रेन अयोध्या के लिए हर रोज संचालित की जायेगी। सुरक्षा और साफ सफाई का सरकार के तरफ से पूरा ध्यान दिया जायेगा ताकि अयोध्या का संदेश पूरे भारत में जा सके।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाली सरकार है भाजपा: डॉ. रमापति राम त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा है। हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि जिले के प्रत्येक नागरिक तक हमारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे और लोगों को बताए कि सरकार ने जो वादे किए वो गारंटी के साथ पूरा किए और आगे भी करेगी। उक्त वक्तव्य शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खंड देवरिया सदर ग्राम सभा पैकौली में बतौर मुख्य अतिथि डा.रमापति राम त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा।

डा. त्रिपाठी ने कहा कि लोकल एवम घरेलू उत्पादन जैसे क्षेत्रों में पहचान बनाने के बाद अब सरकार ने कृषि और मत्स्य पालन जैसे रोजगार परक क्षेत्रों में तेजी लाया है। जिससे ग्रांव में ही लोगों को रोजगार मिल रहा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अद्भुत परिणाम सामने आ रहे हैं। आज देश के लाखों लाभार्थी सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बन रहे हैं। लोगों को नई ताकत मिल रही है और वे अपने लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने और गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार क्या यह बहुत बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बातें सामने रखते हैं, उससे लगता है 2047 तक मोदी का विकसित भारत का सपना पूर्ण हो जायेगा। पूर्व विधायक शलभ मणि त्रिपति ने कहा कि मोदी ने योग्य लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से बिना किसी परेशानी के सरकारी योजनाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। कहा की लाभार्थियों को सरकार के पास जाने की आवश्यकता नहीं बल्कि सरकार स्वयं उनके घर तक जाएगी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता, राधेश्याम शुक्ल, खंड विकास अधिकारी राजीव गुप्ता, संजय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## श्रीराम कथा रामायण पाठ भजन कीर्तन आज से

**अमेठी।** शासन द्वारा श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर जनपद में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक श्री राम मंदिर हनुमान मंदिर एवं वाल्मीकि मंदिर आदि में श्री रामकथा रामायण पाठ भजन कीर्तन आदि कार्यक्रमों को कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में जनपद के 40 मंदिरों में उपरोक्त कार्यक्रम किए जाने हेतु चिन्हित किया गया है। जिसमें शिव मंदिर मुकुट नाथ ताला हनुमान मंदिर सराय खेमा शिव मंदिर मुंशीगंज चौक श्री तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी प्राचीन हनुमान मंदिर धनेशाराजपूत मां कामाख्या भवानी मंझगांव शंकर जी बजरंगबली टीकरमाफी खाकी बाबा आश्रम गाजीपुर बजरंगबली मंदिर घोरहा दुर्गन भवानी धाम रोहसी बुजुर्ग हनुमान मंदिर गढ़ा माफी माता मवाई धाम मंदिर जेठू मवई महामृत्युंजय धाम रोहसी बुजुर्ग राम जानकी मंदिर भटगवां विडला मंदिर यूपीएसआईडीसी हनुमान मंदिर कठौरा राम जानकी मंदिर गडरियाडीह हनुमानगढ़ी गौरा दुर्गा मंदिर गोगमऊ बरही बाबा जामों बाबा सिद्ध दास हरगांव बाबा नंद धाम नदियावां मौनी महाराज धाम बाबूगंज ऐंथी पंचदेव मंदिर कल्याणपुर हिंगलाज दुर्गा जी दादरा दंडेश्वर शंकर जी कोंछित मां कालिकन धाम भौसिंहपुर मां दुर्गन भवानी तेजगढ़ मां अहोरवा भवानी देवी मंदिर अहोरवा भवानी रत्नेश्वर धाम इन्हौना धर्मे धाम बाबा दुलन दास बारकोट हनुमानगढ़ी हनुमान मंदिर तिलोई राम जानकी मंदिर जमुरवा हनुमानगढ़ी मुसाफिरखाना राम जानकी मंदिर गौरीगंज लोधी बाबा गौरीगंज शनि देव मंदिर गौरीगंज श्रीदेवी पाटन मंदिर अमेठी हनुमानगढ़ी मंदिर अमेठी तथा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर शेखना जायस शामिल हैं जिसमें उपरोक्त कार्यक्रम कराए जाएंगे। उपरोक्त सभी मंदिरों में कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने नोडल अधिकारियों को लगाया है जो अपनी देखरेख में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे एवं दैनिक रूप से संपादित हो रहे कार्यक्रमों के फोटोग्राफ व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजेंगे संबंधित ग्राम पंचायत नगर पंचायत नगर पालिका परिषद मंदिरों में पूजा पाठ भजन कीर्तन भोज कार्यक्रम प्रसाद वितरण एवं मंदिरों की साज-सज्जा आदि व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं जिला पर्यटन सूचना अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## दृढ़ इच्छा शक्ति और कठिन साधना से ही मिलेगा लक्ष्य



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** दृढ़ इच्छा शक्ति और कठिन साधना से ही कोई लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। युवाओं को उचित मार्गदर्शन देकर ही उन्हें संवारा जा सकता है। युवा ही किसी राष्ट्र के विकास का आधार होता है। उक्त वक्तव्य शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में अध्यक्षीय संबोधन के दौरान अम्बरीश मिश्र ने दिए। साधना फाउंडेशन की ओर से नगर के चाणक्यपुरी मोहल्ले में आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन के बाद हुआ। फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। आज भी उनके विचार युवाओं के बीच में प्रासंगिक हैं। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता सदाशिव पांडेय ने कहा कि शिकागो के धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए सनातन धर्म की जो व्याख्या की उसका आज भी दुनिया में कोई सानी नहीं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने अपने ज्ञान का निक्षेप करके स्वामी विवेकानंद के रूप में दुनिया को एक महान सन्यासी दिया। जिनके विचार आज भी हर कदम पर लोगों का मार्गदर्शन करते हैं।विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने स्वामी जी के विचार और आज की परिस्थिति के दृष्टिगत अपने-अपने वक्तव्य दिए। लोगों ने संकल्प लिया की मन की हीन भावना का त्याग कर आगे बढ़े और लक्ष्य हासिल करें।

## सैंथावर-मल्ल समाज को एकजुट होकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ेगी: गंगा सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले के पडरौना स्थित एक मैरेज हाल में शनिवार को सैंथवार मल्ल महासभा की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें सैंथवार मल्ल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार और दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह शरीक हुए। कार्यक्रम आयोजक आसुतोष सिंह बहुगुणा और सैंथवार मल्ल समाज के लोगो ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष के रूप में इंजीनियर मनोज सिंह को चुना गया जबकि ब्लाक कार्यकरणी में एसपी सिंह को ब्लाक अध्यक्ष पडरौना बनाया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार ने कहा कि यह कार्यक्रम सैंथवार मल्ल समाज के लोगो की अस्तित्व की लड़ाई के लिए तैयारी बैठक हो रही हैं। 11 फरवरी को गोरखपुर जनपद के चम्पा देवी पार्क में सैंथवार मल्ल भागीदारी संकल्प महारैली में सभी को भाग लेना है। जिससे हमारे समाज को राजनैतिक पहचान मिले। आज कोइ भी दल हमारे समाज को टिकट नही देता जबकि पूर्वांचल में हमारे समाज की अच्छी भागीदारी है, इसलिए सभी स्वजातीय बंधुओं को एक होकर महारैली को सफल बनाना होगा। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ने लोगो से कहा कि हमे अपने समाज को एकत्र करना होगा, नही तो आज पूर्वांचल में हमारी इतनी संख्या होने के बाद भी सिर्फ दो विधायक है। नही सम्भले तो वे भी नही बचेंगे इसलिए कार्यक्रम को सफल बनाना बेहद जरूरी है। कोशिश कीजिए कि 11 फरवरी को गोरखपुर में केवल सैंथवार मल्ल समाज ही दिखे। इस दौरान कार्यक्रम में विश्वजीत सिंह, एसपी सिंह, संजय सिंह संजू, अजय सिंह, रामसूरत सिंह, पवन सिंह, छोटे सिंह, आशोक सिंह, रमेश सिंह, राकेश सिंह, जनार्दन सिंह, राजकुमार सिंह, मनीष सिंह, राकेश मल्ल, मास्टर राम सिंह, एडवोकेट रामप्रताप मल्ल के साथ सैकड़ों लोगो ने हिस्सा लिया।

## केपीएल 2024 ट्राफी पर अखिलेश विशुनपुरा का कब्जा



**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कनोडिया इंटर कालेज के ग्राउंड पर खेले जा रहे कप्तानगंज प्रीमियर लीग 2024 सीजन 2 अपने फाईनल मैच में विशुनपुरा ने मऊ को पराजित कर इस सीरीज पर कब्जा कर लिया। मैच का शुभारंभ कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे ने फीता काट, गुब्बारा उड़ा कर किया। साथ ही पिच पर आयोजक अंशु गुप्ता के बाल पर स्ट्रोक भी जड़ा। इस मौके पर विजय कुमार दुबे ने कहा कि कोई भी खेल खिलाड़ियों को यही सिखाता है कि खेल, खेल की भावना से खेली जानी चाहिए।इससे मैत्री भावना भी बढ़ती है। खेल में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए लेकिन प्रेम व सद्भावना भी कायम होनी चाहिए। मऊ की टीम ने निर्धारित 14 वोभर में आल आउट हो कर महज 106 रन ही बना पाई इसमें सबसे ज्यादा रन हसन ने 50 रन बनाया और बॉलिंग में प्रवीण गेल 4 विकेट लिए। दूसरी पारी में विशुनपुरा ने मात्र 6 वोभर में ही 107 रन बनाकर ट्राफी पर जीत हासिल कर लिया।जिसमें रवि यादव ने 62 रन बनाया और प्रवीन गेल ने 42 रन की पाली खेली। मैन ऑफ द मैच प्रवीन गेल व मैन ऑफ द सीरीज प्रफुल्ल यादव रहे। विजेता टीम को 51 हजार रुपए व ट्राफी व उप विजेता को 25 हजार रुपए के अलावा समस्त खिलाड़ियों को ढेरों उपहार कमेटी ने दिया। इस मौके पर संरक्षक संजय यादव, आयोजक अंशु गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ उपेंद्र सिंह, एस पी सिंह, रामगोपाल मिश्र, बेचू बीए, संतोष जैसवाल, शुभम, राजन साहनी, दानिश महफूज, सोनू, सम्मी, अमित यादव, चंदू, चहल, अंकुर, शिवम, गणेश, सुहैल, विशाल रावत, अरुण साहनी आदि मौजूद रहे।

# लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित कार्यवाही करके करें खुलासेः वृंदा शुक्ला

**पुलिस कप्तान वृन्दा शुक्ला द्वारा किया गया थाना दरगाह शरीफ का औचक निरीक्षण**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में लोगो को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था मिल सके थाने स्तर पर आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी असुविधा न होने पाए इसके लिए पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा आज थाना दरगाह शरीफ के औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर जाकर महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की गई व सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया गया। साथ ही महिला आगंतुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। माल मुकदमाती को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया एवं आकस्मिक रूप से पुराने मालों को खोज कर दिखलाने के लिए बताया गया और निस्तारित प्रार्थना पत्रों में फोन करके फीडबैक लिया गया। मैस में साफ-सफाई तथा एक फिक्स मेनू के तहत खाना बनाने के लिए कहा गया। एनसीआर रजिस्टर की समीक्षा कर पुराने एनसीआर प्रकरण जिनमें अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है में 48 घंटे के अंदर सारी कार्यवाही समाप्त कर अनुपालन आख्या प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया। थाने पर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।एसपी ने हवालात के ग्रिल के बीच जाली लगवाने को निर्देशित किया गया ताकि कोई बंदी अपने आप को ग्रिल के सहारे नुकसान न पहुँचा सके थाने में शौचालयों की बेहतर साफ सफाई तथा पानी की उपलब्धता के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।थाना दरगाह शरीफ पर बड़ी संख्या में पिछले वर्ष की लंबित विवेचनायें पायी गयी जिनके निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इसकी जानकारी सोशल मीडिया सेल जनपद बहराइच ने दी।

## इंडेन गैस कंपनी के अधिकारियों की मनमानी से परेशान है

**सुल्तानपुर।** इंडेन गैस सर्विस के उपभोक्ताओं को जनपद की सभी एजेंसियां कर रही परेशान, भारत संकल्प यात्रा में हो रही शिकायतें। अपने को संकल्प यात्रा से कर रहे बाहर इंडेन गैस के उपभोक्ता। जिले में इंडियन गैस उपभोक्ता को सप्ताह भर से अधिक समय से उन्हें डिजिटल बुकिंग न करने पर नहीं मिल रही है गैस। सर्वाधिक परेशान हो रहे हैं उज्ज्वला कनेक्शन धारी, गरीबी के चलते नहीं है उनके पास मोबाइल। इसलिए नहीं कर पा रहे मोबाइल से गैस की बुकिंग, नही मिल रही गैस। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फेर रहे हैं गैस उच्चाधिकारी। भारत संकल्प यात्रा में भाग लेने पहुंचे उज्जवला गैस कनेक्शन धारियों ने भाजपा के नेताओं, विधायकों व अधिकारियों से कर रहे शिकायतें। इंडियन गैस सर्विस के उपभोक्ताओं को मनमानी कर नहीं दी जा रही है गैस। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं निकल रहा निष्कर्ष।

## विधायिका ने अपने विधानसभा क्षेत्र में जलवाए अलाव





अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में पड़ रही भीषण ठंड से लोगो को कुछ राहत मिल सके इसके लिए अलाव जलवाए जाने की व्यवस्था करके विधायिका मटेरा मारिया शाह ने आमजन के लिए बेहतरीन कार्य किया है।पूर्व मंत्री यासर शाह की पत्नी विधायिका मटेरा मारिया शाह ने आज विधानसभा मटेरा में ट्रालियों पर लकड़ियों को भिजवाकर जनहित में अच्छा कार्य किया है अलाव जलाए जाने से लोगो को कुछ राहत महसूस हुई है।इसकी जानकारी देते हुए डॉश अनवॉरूल मुस्लिम खान चाँद खान जवाहिर यादव टाटा मैटरा। विनोद यादव ने बताया कि जनपद में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय डॉ० वकार अहमद शाह पूर्व मंत्री पूर्व विधायक मटेरा यासर शाह का परिवार हमेशा इंसानियत के कदम पर चल कर जनपद वासियों के हितों के लिए राजनीति करके सभी को सम्मान देने का कार्य किया है।इसी शाह परिवार के नक्शे कदम पर चलते हुए विधायिका मटेरा मारिया शाह हर इंसान के सुख दुःख में ज्यादा से ज्यादा शिरकत करने का प्रयास करते हुए दिखाई पड़ रही है जिसकी चर्चा आमजन करते दिखाई देता है।

## बड़हलगंज में प्रधान ने नाला को किया छतिग्रस्त

**आजमगढ़।** ब्लॉक जहानागंज के ग्रामसभा बड़हलगंज में पूरे बाजार का गन्दा पानी निकलने के लिए सरकार के धन से एक बड़ा नाला का निर्माण किया गया था। जहाँ साफ सफाई माइनस जीरो दिखती थी जिसे सफाई कर्मी व मनरेगा द्वारा काम न कराकर ग्रामप्रधान द्वारा जेसीबी से काम कराया गया है। जिससे लगभग दो सौ मीटर लम्बा नाला छतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। नाले को पुनः बनाने में सरकार को कई लाखों रुपये का चुना भी लग सकता है। वही ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामप्रधान द्वारा मनरेगा से काम दिखाकर सरकारी धन को लूटने का काम किया जाएगा, यदि सफाई कर्मी द्वारा नाले की सफाई की गई होती तो नाला छतिग्रस्त नही होता वही कुछ लोगो ने यह भी कहा है। कि प्रधान द्वारा घटिया मटेरियल का भी प्रयोग किया था। प्रधान महबूब आलम की तूती बोलती है। उनके खिलाफ कोई बोलने की हिम्मत नही रख पाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व भाजपा जिला मंत्री ने किया जनसंपर्क



**बल्दीराय, सुलतानपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गाजे बाजे के साथ जयघोष करते हुए घर घर संपर्क कर अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि से आए हुए पूजित अक्षत,पत्रक एवं मंदिर का चित्र लोगों को वितरित किया। साथ ही ग्रामवासियों से प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को भव्य दीपोत्सव के रूप में मनाने एवं 22 तारीख के बाद सपरिवार अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर का दर्शन का आह्वान किया। भाजपा नेता बातचीत करते हुए कहा कि हमारे पांच सौ वर्षो के लंबे प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम अपने महल में विराजमान हो रहे हैं। जिससे संपूर्ण विश्व का हिंदू जनमानस का हृदय गदगद हो गया है।इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अवधेश पांडेय,अनिल मिश्रा,प्रधान राजेश दूबे,जमुना प्रसाद पांडेय,बलिराम मिश्रा,राजेंद्र शुक्ला,राम उचित दूबे,जनार्दन दूबे,विकास तिवारी सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर जनप्रतिनिधियों के साथ डीएम-एसपी ने की बैठक



**सुलतानपुर।** आगामी अयोध्या में आयोजित होने वाले रामोत्सव कार्यक्रम व श्रीराम चरणपादुका यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिले के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को बैठक हुई।बैठक में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.आर.ए वर्मा , विधायक सुल्तानपुर विनोद सिंह, विधायक जयसिंहपुर राज प्रसाद उपाध्याय, विधायक लंभुआ सीताराम वर्मा ,जनप्रतिनिधि रामचंद्र मिश्र,सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना,पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा,मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ,अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज सिंह आदि बैठक में मौजूद रहे।उक्त बैठक में जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के बीच आगामी कार्यक्रम को आपसी समन्वय से संपादित किए जाने पर चर्चा की गई।

### दादा की पुण्यतिथि पर पोते ने आयोजित किया प्रसाद और कम्बल वितरण का कार्यक्रम



**सुल्तानपुर।** अपना दल (एस) युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सिंह सोनू द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपने दादा की दूसरी पुण्य तिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में इलाके के सैकड़ों गरीब असहाय लोग शामिल हुए। इस दौरान सीडीओ सहित तमाम लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों को कंबल वितरित किया। जयसिंहपुर के विरसिंहपुर, दरपीपुर स्थित पैतृक गांव में संदीप सिंह ने इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया था। जिसमें इलाके के सैकड़ों गरीब असहाय लोग पहुंचे हुए थे। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने पहले संदीप सिंह के बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, फिर क्षेत्र से आई तमाम महिलाओं गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। वहीं कार्यक्रम में अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल सहित तमाम लोग शामिल हुए।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर छुट्टा सांड से टकराई कार, बाल बाल बचे कार सवार

**सुल्तानपुर।** शुक्रवार को कुहरे के मौसम में एक कार लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही थी।जिसका 139 - 900 किमी पर एक्सीडेंट हो गया। मौके पर यूपीडा पेट्रोलिंग गाड़ी व एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई है। कार पर सवार पूरा परिवार सुरक्षित है। गाड़ी में बैठे चालक संदीप कुमार सिंह ,वीरेंद्र प्रताप सिंह (60) बाल रूप सिंह निवासी लहरपुर पोस्ट भोजपुर जिला गाजीपुर बैठे थे। उन्ही के साथ गाड़ी में कुंडल सिंह पत्नी वीरेंद्र प्रताप सिंह प्रीति सिंह उम्र 34 वर्ष समेत दो बच्चियां एक बच्चा भी बैठा था। उपरोक्त कार बछड़े से टकराई थी मौके पर क्रेन पहुंच गई,और आवागमन शुरू करवाया।

### दातुन तोड़ने चढ़ा युवक पेड़ से गिरकर घायल

**चांदा, सुल्तानपुर।** दातून तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक अचानक जमीन पर गिर पड़ा। जिसके चलते वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम गांव निवासी धर्मेन्द्र रजक पुत्र चन्द्रभान रजक दातून तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा गया था। पेड़ की डाल पर ऊपर पंहुचा ही था कि अचानक जमीन पर गिर गया। हादसे में धर्मेन्द्र रजक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# पछुआ हवा ने बढाई गलन, धूप निकलने के बाद भी राहत नहीं

अवधनामा संवाददाता

**शुक्रवार से फिर बदला मौसम, रात में कोहरा व शीतलहर जारी**

**सुलतानपुर।** जिले में पछुआ हवा ने गलन बढ़ा दिया है।शुक्रवार को दोपहर बाद धूप निकलने के बाद भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली है।रात में कोहरा व दिन में वर्फीली हवाएं चलने से लोग अलाव व घरों में हीटर लगाकर बैठे नजर आए। ठंड में इजाफा होने से मवेशियों को सबसे अधिक समस्या है। जिले के कई पशुआश्रय स्थलों में पर्याप्त छाया की सुविधा नहीं होने से मवेशियों पर मौसम का प्रभाव है। जिले का मौसम पछुआ हवा चलने से मौसम में रोजाना बदलाव हो रहा है। रात में कोहरा व शीतलहरी पड़ने से सड़क पर यात्रा करने में समस्या हो रही है। शुक्रवार की सुबह से पछुआ हवाओं की गति तेज होने से गलन बढ़ गई है। जिससे धूप निकलने के बाद भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। धूप लेने सेंकने के लिए छत व पार्क में बैठे लोगों को पछुआ हवा कपा रही थी। मौसम को देखते हुए किसान आलू की फसल में दवाओं का छिड़काव करने में लगे हैं। फूल वाली फसल के मौजूदा मौसम नुकसानदायक साबित हो सकती है। शाम होते ही गलन और बढ़ गई है। ठंड से बचाव के लिए हीटर व लकड़ी जलाकर लोग बैठे नजर आए।मौसम में बदलाव होने अधिकतम तापमान 16डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस हो गया। जिससे आर्द्रता अधिकतम 84व न्यूनतम 69 फीसदी हो गई। उत्तरी-पश्चिमी हवा की गति 2.9 किलोमीटर प्रति घंटा होने से लोगों को ठंड से राहत नहीं है।मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्रा की मानें तो अगले चौबीस घंटों में आसमान में बादल व कोहरा छाए रहने व हवा सामान्य गति से पश्चिमी चलने की संभावना है। औसत तापमान सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है। जिससे शीतलहरी से अभी राहत रहने के आसार नहीं है।

# श्रमिकों की मजदूरी डकार ने वाले रोजगार सेवक ने मांगी माफी

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की धज्जियां बल्दीराय ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी उड़ा रहे हैं।ब्लाक क्षेत्र के अलियाबाद गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना में आधा दर्जन से अधिक श्रमिकों की मजदूरी हड़पने का मामला सामने आया है। जिसमें रोजगार सेवक विजय यादव ने श्रमिकों की मजदूरी अपनी पत्नी मीरा यादव व बेटे अमन यादव के साथ अन्य संबंधियों के खाते में ट्रांसफर करवा लिया है। ग्राम प्रधान समेत आधा दर्जन सदस्यों ने सामूहिक हस्ताक्षर कर शिकायती पत्र खंड विकास अधिकारी बल्दीराय सत्य नारायण सिंह को सौंपा और भ्रष्टाचार में लिप्त रोजगार सेवक विजय यादव की संविदा समाप्त व एफआईआर पंजीकृत कराने की मांग की। मगर मामले को लेकर जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। श्रमिकों पर दबाव बनाकर अधिकारियों को शपथ पत्र दिलाकर मामले को रफा-दफा करने रोजगार सेवक विजय यादव ने करा दिया।प्रधानमंत्री आवास मिलने पर लगभग 90 दिनों की मनरेगा मजदूरी सरकार की योजना के तहत आवास लाभार्थी या परिवार जन के काम करने वाले को भेजतीं है। मगर जानकारी के अभाव में लाभार्थी के परिवार वालों को न देकर रोजगार सेवक द्वारा ब्लाक के अधिकारियों से सेटिंग कर मजदूरी का पैसा अन्य के खाते में ट्रांसफर कर बंदरबांट कर लिया जाता है। ऐसा प्राकरण ब्लाक क्षेत्र के अनेकों ग्राम सभा में देखने को मिलता है। जिसमें अक्सर संबंधित अधिकारी लीपापोती कर स्वयं को फसता देख इतिश्री कर देते हैं। वहीं जब इस संबंध में बीडीओ सत्यनारायण सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला सही पाया गया है। जिसमें अलियाबाद गांव के रोजगार सेवक विजय यादव ने पीड़ितों का पैसा उनके खाते में वापस कर दिया है,और गलती की माफी मांगी। जिसमें माफ करते हुए रोजगार सेवक विजय यादव को खंड विकास अधिकारी ने कड़ी चेतावनी दी गई है।कि दोबारा गलती पाये जाने पर आप के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और सेवा बर्खास्त कर दी जाएगी।

## बजबजाती गंदी नालियां दे रही हैं गम्भीर बीमारियों को दावत

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** ब्लॉक जहानागंज के ग्रामसभा मोलनापुर में गन्दगी का भरमार देखने को मिला है।पूरे ग्रामसभा में माईनस जीरो प्रतिसत साफसफाई देखने को मिली है। गन्दगी से भरपूर बदबूदार नालियां चिकनगुनिया, मलेरिया, जैसी गम्भीर बीमारियों को दावत दी रही है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने बताया है कि सफाई कर्मी कभी गांव में दिखाई नहीं देता हैं।लोगों ने बताया कि कभी कभी सफाई कर्मी प्रधान के घर पर ही काम करते दिखाई देता है। प्रधान के घर से हाजिरी लगाकर रिस्तेदारी निभाकर चला जाता है। इतना ही नहीं पूरे ग्रामसभा में प्लास्टिक की डस्टविन भी नही देखने को मिली हैं। वही ग्रामीणों के यह भी बताया है। कि सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर नही दिखाई देती हैं। केवल पेपर में ही सिमट कर रह जाती हैं। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान रबिन्द्र यादव थे लेकिन वर्तमान प्रधान उनकी पत्नी लालसा यादव हैं। जो सारा काम पेपर में दिखाकर सरकारी धन क़ा आपस में ही बन्दर बाँट कर लिया जाता है। जिसका जीता जागता उदाहरण सार्वजनिक शौचालय है।

# नायब तहसीलदार ने सुनी फरियाद

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** थाना परिसर मुबारकपुर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे जन शिकायत को लेकर ग्रामीणों को नायब तहसीलदार नीरज कुमार त्रिपाठी ने सुना और मौके पर दो प्रार्थनापत्र का निस्तारण कर दिया। कुल प्रार्थनापत्र नौ पड़े थे और अवशेष प्रार्थनापत्र का निस्तारण करने के लिए टीम का गठन कर दिया गया। सबसे अधिक प्रार्थनापत्र भूमि विवाद के बताया गया। सभी प्रार्थनापत्र का निस्तारण टीम मौका पर जाकर त्वरित ढंग से पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से करे। टीम को नायब तहसीलदार ने आदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी निरीक्षक अपराध चन्द्र भूषण पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक अम्बरीश सिंह, अनिल कुमार, राम जी यादव आदि लोग मौजूद थे।

## मंदिर पर गरीब असहाय लोगों हुआ लाई चूड़ा गट्टा भेली

**आजमगढ़।** जनपद में शक्ति सेवा संस्थान द्वारा शहर के बाबा भंवरनाथ मंदिर पर गरीब असहाय लोगों को संस्था द्वारा लाई चूड़ा गट्टा भेली इत्यादि वितरण किया गया और बेलईशा ओवर ब्रिज के नीचे रह रहे लोगों को लाई चूड़ा गट्टा वेली वितरण किया गया संस्था द्वारा यह नेक कार्य विगत 5 वर्षो से लगातार मकर संक्रांति के उपलक्ष में किया जाता है संस्था अध्यक्ष अलका श्रीवास्तव जी ने बताया कि मकर संक्रांति और आदि त्यौहार हम और हमारी संस्था अक्षर गरीबों असहाय लोगों के बीच में जाकर मानती है जिससे हमें काफी खुशी और मां को सुकून की प्राप्ति होती है जिसमें मुख्य रुप से शिखा श्रीवास्तव प्रतिभा उपाध्याय रश्मि गोड दीपिका तिवारी बिंदु राय दीपिका गोड संध्या रानी वर्षा राय पूनम शर्मा किरण बिना पूनम विश्वकर्मा कल्पना विश्वकर्मा साधना पांडे भावना पांडे आकांक्षा जायसवाल रिंकू चतुर्वेदी महिमा तिवारी लालसा चतुर्वेदी आदि महिलाएं सम्मिलित रही सांसद सचिव मनीष चौधरी जी ने सभी का आभार प्रकट किया एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

# कोतवाली देहात पुलिस ने किया सफल अनावरण

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बीते दिनांक-10.01.2024 को ग्राम चकरपुर थाना कोतवाली देहात एक लडकी का शव खेत में मिला है । थाना स्थानीय पुलिस द्वारा वादी की तहरीर मु0अ0सं0 11/2024 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम को लगाया था। अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी लम्भुआ के पर्यवेक्षण में थाना को0 देहात जनपद सुलतानपुर पुलिस पर पंजीकृत मु0अ0सं0 11/2024 धारा 302 भादवि का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्त अंकुर कोरी पुत्र स्व0 रामअमीर निवासी चकरपुर थाना को0 देहात जनपद सुलतानपुर उम्र 23 वर्ष को पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 12.01.2024 को समय 06.40 बजे लोहराममऊ अण्डर वाई-पास के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल व मृतका के मोबाइल की बरामदगी अभियुक्त की निशादेही पर किया गया तथा अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में माननीय न्यायालय सुलतानपुर के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण- अभियुक्त का 03 वर्ष से लडकी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है, लडकी शादी करनें का दवाव बना रही थी। घटना के रात लडकी को बगीचे में मिलनें को बुलाया तथा गला दबाकर सर में ईट से प्रहार किया जिससे लडकी की मौके पर मृत्यु हो गयी। लडकी के मोबाईल तथा सर में मारी गयी ईट को एक जमीन में गाढ़ दिया जिससे किसी को पता न चले। पुलिस द्वारा पूछताँछ करनें पर अभियुक्त द्वारा पूरी घटना को बताया गया।


## लखनऊ मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन के सफदरगंज–सैदखानपुर–दरियाबाद (19.86 कि.मी.) सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्री नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 15.01.2024 से 24.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04203 अयोध्या कैंट–लखनऊ एक्सप्रेस विशेष | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 |
| 04204 लखनऊ–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13151 कोलकाता–जम्मूतवी एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13307 धनबाद जं.–फिरोजपुर कैंट गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13308 फिरोजपुर कैंट–धनबाद जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 23.01.2024 |
| 18103 टाटा नगर–अमृतसर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 22426 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर | 23.01.2024 |
| 22425 अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वंदे भारत एक्सप्रेस | सुलतानपुर–लखनऊ | 23.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 23.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 23.01.2024 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 15025 मऊ जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 09466 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 09465 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. क्लोन विशेष | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 19.01.2024 |
| 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या कवि गुरू एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 22.01.2024 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर–छपरा | 22.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 23.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

163/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


# मुआवजे में मिले संस्था के करोड़ों रूपये डकार गए प्रवन्धक

**जिलाधिकारी से शिकायत, डीआईओएस को मिली जांच**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** एडेड इंटर कॉलेज की जमीन पूर्वांचल एक्सप्रेस में जाने के बाद मिली मुआवजा राशि को प्रबंधक द्वारा व्यक्तिगत उपयोग में आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत हुई।शिकायत को संज्ञान लेते हुए डीएम ने डीआईओएस को जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। मामला विकास खंड धनपतगंज के चंदीपुर के श्री शोभाराम राष्ट्रीय इंटर कॉलेज से जुड़ा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे निर्माण के दौरान विद्यालय की जमीन एक्सप्रेस वे में गई थी।जिसका मुआवजा एक करोड़ 57 लाख 29 हजार 220 रूपए विद्यालय की प्रबंध समिति के केनरा बैंक धनपतगंज के खाते में गया था।बैंक खाते में मुवावजे के रूप में मिली धनराशि को प्रबंधक योगेंद्र प्रताप मिश्र द्वारा एकल खाता होने के नाते निकाल लेने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र शपथ पत्र के साथ शिवबख्श उपाध्याय पुत्र नरसिंह नारायण उपाध्याय निवासी भीखरपुर ने जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना को दिया।डीएम ने शिकायती पत्र पर संज्ञान लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को जांच कर रिपोर्ट देने के लिए आदेशित किया। डीआईओएस ने बताया की ऐसोसिएट द्वारा जांच की जा रही है। जल्द ही जांच रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी।

**उपप्रबंधक ने लगाया गंभीर आरोप**

संस्था के उपप्रबंधक बाबा अरुणदेव मिश्रा ने बताया की प्रबंधक योगेंद्र प्रताप मिश्र द्वारा विद्यालय में बिना निर्माण समिति का गठन व संस्था के अन्य सदस्यों को विश्वास में लिए दो कमरों का मानकविहीन निर्माण कराया गया ।प्रबधक द्वारा संस्था के पैसे का गबन किया गया है ।विद्यालय के खाते में लगभग 15 लाख ही बचे हैं।

**अध्यक्ष और समिति का भी नही जीता भरोसा**

सुल्तानपुर- श्री शोभाराम राष्ट्रीय इंटर कालेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष और पूर्व कैविनेट मंत्री जय नारायण तिवारी की माने तो प्रवन्धक योगेंद्र प्रताप ने उन्हें और प्रवंध समिति के सदस्यों को भरोसे में नही लिया। मैंने कमेटी बनाकर निर्माण में पैसे खर्च करने को कहा था पर एकल खाते से भुगतान किया जाता रहा।

# भारत के उदय का कारण विश्वविद्यालयों का अग्रसर होना: राज्यपाल

अवधनामा ब्यूरो

- 8वें दीक्षांत समारोह में मिले पदक, खिले चेहरे
- विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम कर रहे रौशन: कुलपति
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी की डिग्रियों को डिजी लॉकर पर अपलोड करने का उद्घाटन किया

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। बतादें कि सीतापुर हरदोई रोड अवस्थित ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह विश्वविद्यालय की शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई। कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि अष्ठम दीक्षांत में आए सभी का स्वागत है। कुलपति ने कहा कि राज्यपाल के मार्गदर्शन से विद्यार्थी चरित्र निर्माण कर रहें हैं। प्रो. सिंह ने केरल के राज्यपाल को राष्ट्रवाद के संवाहक के रूप में योगदान दे रहे हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रौशन कर रहें हैं। उसके बाद सभी संकाय अध्यक्षों ने अपने अपने संकाय के पदक एवं पीएच. डी. उपाधि धारको के लिए कुलपति के द्वारा उपाधि एवं दीक्षा देने की घोषणा की। दीक्षा कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी की डिग्रियां को डिजी लॉकर पर अपलोड करने का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात पीएच. डी. डिग्रियों का वितरण किया गया। इसके बाद पदक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यत : शादाब आलम को 3 स्वर्ण पदक, अश्वनि बर्नवाल को 3, प्रिया को 2 स्वर्ण पदक, शाकिर हुसैन को तीन स्वर्ण पदक, देवेन्द्र को 2 स्वर्ण पदक, चन्द्रकेतु को 02 स्वर्ण पदक, हर्षि्टता को 02 स्वर्ण पदक सहित विभिन्न कक्षाओं के स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, आरिफ मोहम्मद खान, योगेन्द्र, उच्च शिक्षा मंत्री, उपाध्याय, रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रदान किए। इसके बाद भारतीय प्रादेशिक लोकगीत पुस्तक का विमोचन हुआ साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन भी राज्यपाल महोदय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अगले सत्र में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांवों के विद्यार्थियों को उपहार दिए गए। इसके साथ ही गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी किट एवं उपहार का वितरण हुआ। कार्यक्रम के अगले सत्र में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदक एवं उपाधि प्राप्त कर्ताओं को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि भारत के उदय का कारण यहां के विश्वविद्यालयों का अग्रसर होना है।



## अयोध्या धाम पहुंचे ऊर्जा मंत्री, विद्युत व्यवस्था की ली जानकारी

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा आज शनिवार को अयोध्या धाम पहुंचकर ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्त्रोत विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और सर्किट हाउस सभागार में कार्यो की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भगवान राम सूर्य के उपासक थे, इसीलिए सौर ऊर्जा से अयोध्या को सुसज्जित करने का काम अतिरिक्त ऊर्जा विभाग ने किया है। अयोध्या को उत्तर प्रदेश की पहली सोलर सिटी बनाने का निर्णय लिया गया था, उस दिशा में काफी काम अयोध्या में हो चुका है। उन्होंने कहा कि 40 मेगावाट का सोलर प्लांट सरायरासी गांव में लगाया जा रहा है।

# स्वामी विवेकानन्द का जन्म युवा दिवस के रूप में मनाया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वामी विवेकानन्द जी का जन्म युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इनका जन्म कोलकाता में एक साधारण कायस्थ परिवार में 12 जनवरी 1863 में हुआ था। सल्तनत मंजिल, हामिद रोड, निकट सिटी स्टेशन, लखनऊ के रॉयल फेमिली के नवाबजादा सैयद मासूम रज़ा, एडवोकेट ने आगे कहा कि इनका नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। इन्होंने हमेशा अपने विचारों से लोगों की जिंदगी को रोशनी प्रदान की। उनकी जयंती भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में 12 जनवरी को धूम धाम से मनाया मनाया जाता है। यह एक विख्यात एवम प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थें। स्वामी विवेकानन्द जी सिर्फ संत ही नहीं बल्कि एक महान देशभक्त, विचारक, वक्ता, अच्छे लेखक के इलावा इंसानों से से बेहद प्रेम करते थें। विवेकानंद जी द्वारा किए गए कामों को हमेशा याद किया जाएगा। शिकागो, अमेरिका में 30 वर्ष की आयु में विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और एक पहचान दिलाई। इन्होंने 4 जुलाई 1902 को इस दुनिया को हमेशा हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

## निकायों में 14 से 21 जनवरी तक सफाई का महाअभियान

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अयोध्या धाम में पुरुषोत्तम भगवान राम मंदिर का आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को साफ सुथरा व कचरा मुक्त बनाकर सुंदर बनाने के लिए 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 तक एक सप्ताह का साफ सफाई, स्वच्छता व सुशोभन का विशेष महाअभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी निकायों में स्थित धार्मिक, आध्यात्मिक व तीर्थ स्थलों, ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों, पवित्र नदी घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ सफाई, स्वच्छता एवं सुशोभन का कार्य किया जाएगा, जिससे की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सत्यम, शिवम, सुंदरम की अवधारणा पर नागरिकों को खासतौर से शुद्धता, सुंदरता व स्वच्छता के माहौल का अलग ही अनुभव हो।

# साहित्य महोत्सव की हुई औपचारिक शुरुआत

- मंत्री असीम अरुण ने साहित्य के महत्व पर दिया जोर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समारोह में मुख्य अतिथि असीम अरुण, मंत्री समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, डॉ. एपी माहेश्वरी, पूर्व महानिदेशक, सीआरपीएफ, कनक की उपस्थिति रेखा चौहान, उपाध्यक्ष, लखनऊ एक्सप्रेशन सोसाइटी और अन्य गणमान्य व्यक्ति। उसके दौरान उद्घाटन भाषण में असीम अरुण ने साहित्य के महत्व पर जोर दिया। दिन का पहला सत्र जन गण मन में राम था। यह एक ज्ञानवर्धक सत्र था हर किसी के जीवन में प्रभु श्री राम की सर्वव्यापकता पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसे पद्मश्री ने विस्तार से बताया विद्या बिंदु सिंह जी ने कहा कि हर किसी का मन राम का मंदिर है और सभी का शरीर अयोध्या है। इसी को आगे बढ़ाते हुए आशुतोष शुक्ल जी ने कहा कि सच्चा रामराज्य वहीं है जहां हर व्यक्ति सच्चा हो अपने कर्तव्य के प्रति, न कि उस पर जो राजनीतिक नेता हमसे विश्वास करवाना चाहते हैं। इसके बाद न्यूयॉर्क की युवा फिल्म निर्माता गायत्री ने अपने द्वारा बनाई गई एक डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया जिसका शीर्षक था। द सन्स ऑफ द रिवर जो गोताखोरों के जीवन पर आधारित थी जो खोज कर बाहर लाते हैं।

# दीव में हुए पहले बीच गेम्स में मध्य प्रदेश बना चैंपियन

- नन्हे से लक्षद्वीप ने शक्तिशाली महाराष्ट्र को हराकर बीच सॉकर गोल्ड जीता

**दीव में हुए बीच गेम्स के सफल आयोजन ने समुद्र किनारे रोमांचक खेल आयोजनों की नींव रखी है: अनुराग ठाकुर**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के पहले मल्टी-स्पोर्ट्स बीच गेम्स द बीच गेम्स 2024 का आयोजन दीव में ब्लू फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच पर किया गया। इन खेलों में जमीन से घिरा हुआ मध्य प्रदेश चैंपियन बनकर उभरा। मध्य प्रदेश ने 7 स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल मध्य प्रदेश के दल की खेल क्षमता को दिखलाया, बल्कि इस राज्य के भीतर विकसित हो रही प्रतिभाओं की गहराई को भी सामने रखा।

महाराष्ट्र ने 3 स्वर्ण सहित 14 पदक जीते, वहीं तमिलनाडु, उत्तराखंड और मेजबान दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन ने 12-12 पदक हासिल किए। असम ने 8 पदक जीते, जिनमें से 5 स्वर्ण थे। बेहद दिलचस्प घटनाक्रम में लक्षद्वीप ने बीच सॉकर में स्वर्ण पदक हासिल किया, जो इस प्राचीन द्वीप क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कड़े मुकाबले वाले फाइनल में महाराष्ट्र को 5-4 से हराया। लक्षद्वीप की जीत ने न केवल पदक विजेताओं की विविधता को बढ़ाया बल्कि दीव बीच गेम्स-2024 के समावेशी और राष्ट्रव्यापी असर को भी दिखलाया।

4-11 जनवरी तक खेलों की ये उत्कृष्टता अपने चरम पर रही। इस दौरान 205 मैच अधिकारियों के सहयोग से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 21 वर्ष से कम उम्र के 1404 एथलीटों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया।

इस दौरान रस्साकशी में रणनीतिक दमखम के प्रदर्शन, समुद्री तैराकी के लुभावने करतबों,पेंचक सिलाट की मार्शल आर्ट्स वाली कलात्मकता, मल्लखंब की कलाबाजियों, बीच वॉलीबॉल की तेज गति वाली उछल-कूद, बीच कबड्डी के रणनीतिक द्वंद्व और बीच सॉकर के बिजली सी फुर्ती वाले किक और गोल्स ने इस आयोजन को एक अनूठी ऊर्जा से भर दिया। बीच बॉक्सिंग के आगाज़ ने इस आयोजन में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी। इसने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और देश की एथलेटिक यात्रा में ये एक विशेष क्षण बन गया।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस आयोजन के लिए अपना समर्थन और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, एथलीटों की ऊर्जा और दीव की सुंदरता ने एक ऐसा माहौल बुना है जो पहले कभी नहीं देखा गया। ये मंत्रमुग्ध करने वाला और उत्साह बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत के समुद्र तटों को एक नया जीवन प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने गुजरात के तट से कुछ दूर दीव में पहली बार हुए बीच गेम्स के साथ एक नया मोड़ ले लिया है।

भारत के पास भौगोलिक दृष्टि से दुनिया के कुछ सबसे खूबसूरत समुद्र तट हैं। भारत के 12 समुद्र तटों को स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने वाले दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों वाला ब्लू फ्लैग प्रमाणन दिया गया है। हालांकि, देश के कई समुद्र तटों की उतनी यात्रा नहीं की गई है, जितनी की जानी चाहिए। इसलिए दीव बीच गेम्स की सफल मेजबानी एक सुखद खबर है।

## महफिले किरात का आयोजन कल

**लखनऊ।** मदरसा आलिया फुरकानिया में महफिले किरात का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। मस्जिद सुब्हानिया के इमाम हाजी कारी मोहम्मद सिद्दीक ने बताया कि मदरसा आलिया फुरकानिया में 15 जनवरी को मदरसे के अध्यक्ष हाफिज अब्दुर्रशीद की अध्यक्षता में महफिले किरात आयोजित होगी। सुबह 7:30 बजे तिलावते कलामे पाक होगी और सुबह 9 बजे मदरसे के कुर्रा अपने अंदाज में तिलावते कलामे पाक करेंगे। महफिल का आयोजन मदरसे के संस्थापक मौलाना ऐनुल कुज़ा के ईसाले सवाब के लिए किया जाता है।

# मंत्री सुरेश खन्ना ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के उपरांत श्रमदान के माध्यम से मंदिर परिसर में सफाई तथा पोंछा का कार्य किया**

- निर्बाध आवागमन के लिए रेलिंग/ग्रिल लगायी जाये

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः शहर में सफाई व्यवस्था देखने निरीक्षण पर निकले। सर्वप्रथम उन्होंने अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के उपरांत श्रमदान के माध्यम से मंदिर परिसर में सफाई तथा पोंछा इत्यादि का कार्य किया। सुरेश कुमार खन्ना ने आज जनपद के चार वार्डो की शहर में हो रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के वार्ड नंबर 94 विवेकानन्द पुरी, वार्ड नंबर 68 राजेन्द्र नगर गणेशगंज, वार्ड नंबर 55 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड तथा वार्ड नंबर 96 गोलागंज वार्ड का निरीक्षण किया । उन्होंने सभी स्थानों पर सड़क पर झाड़ू लगाने की स्थिति पहले से बेहतर पाया। मुख्य मार्गो पर कही कूड़ा बिखरा नही पाया। खन्ना ने नगर आयुक्त को विवेकानंद वार्ड में स्थित कूड़ा घर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद वार्ड के डंपिंग स्टेशन को सीमित तथा सेटराइट करना आवश्यक है ताकि कूड़े के इकट्ठा होने से सड़क अवरुद्ध न हो। उन्होंने राजेन्द्र नगर गणेश गंज के वार्डो के निरीक्षण के दौरान पाए गए चोक नालों की सिल्ट की सफाई के निर्देश दिए, जिससे सीवर का पानी सड़क पर ना आये। रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में झण्डे वाले पार्क का गेट शीघ्र ठीक करने के भी निर्देश दिया। खन्ना ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अमीनाबाद क्षेत्र में सड़कों पर ठेले लगने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, इसका स्थाई निदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर ग्रिल तथा सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जाएं तथा हर हाल में मार्ग क्लियर किया जाये।

# प्रदेश भर से कांग्रेस नेता 15 जनवरी को पहुंचेंगे अयोध्या

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरयू नदी में स्नान कर रामलला के मंदिर का करेंगे पूजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश भर से कांग्रेस नेता मकर संक्रांति के दिन 15 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे। कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमवार सुबह लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। वहीं पार्टी ने प्रदेश के हर जिले से कांग्रेस नेताओं को अयोध्या पहुंचने का संदेश दिया है। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि सोमवार को मकर संक्रांति के दिन प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेतागण अयोध्या पहुंचेंगे, जहां सरयू नदी में स्नान के बाद रामलला के मंदिर पहुंच कर दर्शन-पूजन करेंगे और और हनुमान गढ़ी में हनुमान जी के भी दर्शन करेंगे। श्री अवस्थी ने कहा कि भगवान राम में सबकी आस्था है, लेकिन 22 जनवरी को आयोजित होने वाला कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी का आयोजित कार्यक्रम है। उन्होंने भाजपा पर भगवान और भक्त के बीच अपनी चुनावी राजनीति के लिए निमंत्रण कार्ड की ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्री अवस्थी ने कहा कि भाजपा भगवान के नाम पर राजनीति कर रही है। वहीं कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे रविवार को मणिपुर से शुरू हो रही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। श्री पांडे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के अपने एकाउण्ट से यह जानकारी साझा की। श्री पांडे ने अपने एकाउण्ट पर लिखा कि कल भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल होने और न्याय के हक की आवाज को सबके साथ मिल कर बुलंद करने के लिए मणिपुर पहुंच रहा हूं।

## शमीम खान बने बिहार के प्रभारी

**लखनऊ।** कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर और उन्नाव लोकसभा प्रभारी मोहम्मद शमीम खान को अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने बिहार का प्रभारी नियुक्त किया है। बिहार का प्रभारी नियुक्त किये जाने पर शमीम खान ने पार्टी नेतृत्व और अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का दिल से आभार जताया है। इससे पूर्व में पार्टी नेतृत्व ने शमीम खान को राजस्थान के पाली लोकसभा का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। शमीम खान ने कहा कि वे पार्टी में मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के संकल्प के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। विदित हो कि शमीम खान ने अपनी पार्टी नागरिक एकता पार्टी का कांग्रेस में विलय कर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी।

# स्मारक समिति के कर्मचारी काम पर लौटे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पिछले कई दिनों से कार्य बहिष्कार कर रहे स्मारक समिति के कर्मचारी कार्य बहिष्कार वापस लेकर काम पर लौट आये हैं। स्मारक कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के विशेष स्वच्छता महा अभियान के आदेश पर अपना धरना-प्रदर्शन स्थगित कर स्मारकों में साफ-सफाई का काम शुरू किया। स्मारक कर्मियों ने स्मारक समिति के सदस्य सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि स्मारक समिति के कर्मचारी बीती 18 दिसम्बर से ईको गार्डेन में अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन 29 दिसम्बर तक स्मारक समिति के कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए कोई भी सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचा। न ही कोई आश्वासन मिला, जिसके बाद 30 दिसम्बर से स्मारक समिति कर्मचारियों ने आंशिक कार्य बहिष्कार का फैसला किया। कर्मचारियों ने लविप्रा उपाध्यक्ष व स्मारक समिति के सदस्य सचिव से कर्मचारियों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर निराकरण कराने की मांग की। धरना और कार्य बहिष्कार के बाद काम पर लौटे कर्मचारियों ने स्मारकों में साफ-सफाई के साथ स्मारकों को दुरुस्त करने का काम किया।

## अमृत रथ यात्रा पहुंची लखनऊ, हुआ भव्य स्वागत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान एवं हनुमान सेवा ट्रस्ट द्वारा 26000 किलोमीटर की भारत व्यापी अमृत रथ यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा दिनांक 25 नवम्बर 2023 को बीकानेर (राजस्थान) से प्रारम्भ होकर देश के विभिन्न प्रान्तों से होती हुयी दिनांक 13 जनवरी 2024 को लखनऊ पहुंची। लखनऊ में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, न्यू हैदराबाद लखनऊ द्वारा इस अमृत रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, इस स्वागत समारोह में अपर मुख्य सचिव भाषा जितेन्द्र कुमार, निदेशक विनय श्रीवास्तव, मुरलीधर अहूजा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे तथा लखनऊ के निवासीगण बढ़-चढ़ कर इस कार्यक्रम में सहभागी बने। लोगों ने अपने घरों से अक्षत, पुष्प आदि का अर्पण अमृत रथ यात्रा पर किया।

## डीआरएम के मार्गदर्शन में चलाया गया संरक्षा जागरुकता अभियान

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में संरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में ऐशबाग मैलानी रेल खंड के समपार संख्या 12 स्पेशल पर संरक्षा सलाहकार, यातायात एवं संरक्षा सलाहकार, टीआरडी की ओर से संरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत आम जनमानस को संरक्षा ज्ञान के अंतर्गत अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पर न जाकर केवल रेलवे फाटकों तथा उपरिगामी सेतु से ट्रैक पार करने और गेटमैन पर अनाधिकृत दबाव नहीं डालने, क्षतिग्रस्त रेलवे फाटकों पर सावधानी बरतने एवं रेलवे ट्रैक एवं विद्युत पोल से सुरक्षित दूरी बनाये रखने तथा रेल लाइन किनारे जानवरों को न आने देने के सम्बंध में जागरूक किया गया। सड़क उपयोगकर्ताओं को संरक्षा पोस्टर और पंपलेट का वितरण भी किया गया।

# आधी आबादी की सुरक्षा और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

- 1150 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिलाई मशीनों का वितरण
- जेके ग्रुप के सहयोग से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने की अनूठी पहल



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। महिलाओं को सुरक्षा का वातावरण देकर उनके स्वावलंबन और सम्मान के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है और उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ही पीएम मोदी ने नारी वंदन अधिनियम पारित कराकर संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित कराया है।

सीएम योगी शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बैनर तले आयोजित मुफ्त सिलाई मशीन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में हुए समारोह में 1150 महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। सभी को कंबल भी वितरित किया गया। 12 बालिकाओं को सिलाई मशीन व कंबल सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। उन्नत भारत ग्राम अभियान के मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जेके ग्रुप कानपुर के सहयोग से मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए सुरक्षा का वातावरण देकर महिलाओं के स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करना होगा। सुरक्षा और स्वावलंबन से ही सम्मान का भाव प्रकट होगा। केंद्र व प्रदेश की सरकार इन तीनों पहलुओं पर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

### महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने उठाए अनेक कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया। इसके बाद जनधन खातों, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं से इसे नई ऊंचाई मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना व पेंशन की राशि बढ़ाकर महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए कई कार्य शुरू किए हैं। कन्या सुमंगला योजना में चरणबद्ध तरीके से बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक 15 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। इस वित्तीय वर्ष से इस राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया जाएगा। गरीब बेटियों की शादी के लिए भी सरकार 51 हजार रुपये उपलब्ध कराती है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में निराश्रित महिलाओं को मिलने वाली 300 रुपये की पेंशन राशि को एक हजार रुपये कर इस सरकार ने एक करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगो को लाभान्वित किया है। सरकार ने स्वामित्व योजना से ग्रामीण महिलाओं को घरों का मालिकाना हक दिया है तो महिला स्वयं समूहों के जरिये भी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

### गोरखपुर को रेडीमेड गारमेंट का हब बनाने में योगदान दे सकती हैं महिलाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण देकर सिलाई मशीन उपलब्ध कराने का यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह महिला स्वावलंबन से जुड़ा एक अभिनव प्रयास है। प्रशिक्षण के बाद सिलाई मशीन पर काम शुरू कर ये महिलाएं गोरखपुर को रेडीमेड गारमेंट का हब बनाने में बड़ा योगदान दे सकती हैं। इसके लिए उन्हें समूहों और बाजार से जुड़ना होगा। बाजार से जुड़कर वे प्रतिदिन 500 से 1000 रुपये कम5सकती हैं। मुख्यमंत्री ने मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध कराने के लिए जेके ग्रुप कानपुर की सराहना की और कहा कि जेके ग्रुप का प्रदेश की आर्थिकी में काफी पहले से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके पहले जेके ग्रुप ने अक्टूबर में कानपुर में 1001 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित किए थे।

### दो संजीवनी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया सीएम ने

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो संजीवनी वैन (मोबाइल मेडिकल वैन) को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन एसबीआई फाउंडेशन, एनएसडीएल एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट की संयुक्त पहल से उपलब्ध कराए गए हैं।